हरिभूमि
# रायपुर भूमि



पानी में डूबे पोल



## नरैया तालाब की अनदेखी, 76 लाख का सौंदर्यीकरण बदहाल, स्ट्रीट लाइट खराब, पाथवे के पेवर उखड़ गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम जोन 6 क्षेत्र स्थित टिकरापारा के नरैया तालाब के सौंदर्यीकरण में 3 साल पहले नगर निगम ने 76 लाख खर्च कर तालाब के चारों ओर स्ट्रीट पोल लगाकर प्रकाश की व्यवस्था की। लोगों के चलने के लिए पाथवे बनवाए, योगा करने वालों के लिए गजीबो सहित अन्य तरह की सुविधाएं विकसित कीं, पर देखरेख के अभाव में तालाब परिसर में लगाई गई ज्यादातर लाइटें बंद हैं। कई पोल ऐसे हैं जो पानी में डूब गए, कुछ स्ट्रीट पोल देखरेख के अभाव में एक सिरे से पूरी तरह झुक चुके हैं। इससे कभी भी करंट लगने का खतरा बना हुआ है। तालाब की सुंदरता बढ़ाने सुंदर लैंडस्कैपिंग कराई गई। अब हालत ये है कि तालाब किनारे लोगों के चलने के लिए बनाए गए पाथवे के पेवर धंस गए हैं, कुछ जगह के पेवर गायब हैं। इस ओर न तो जोन 6 का ध्यान है, न ही निगम मुख्यालय से इसकी मानिटरिंग की व्यवस्था है। तालाब के चारों तरफ लगाई गई दर्जनों महंगी लाइटें चोरी हो गई हैं, ऐसे में सांझ ढलते ही इस क्षेत्र में अंधेरा छाने से लोग यहां आने-जाने से कतराने लगे हैं, जबकि शहर के प्रमुख मार्ग से लगे नरैया तालाब में टिकरापारा सहित आसपास की कालोनी से लोग सुबह-शाम सैर करने पहुंचते रहे हैं।

### खबर संक्षेप

#### ड्रंक एक ड्राइव, जांच में फंसे 42 वाहन चालक

**रायपुर।** शराब के नशे में धुत होकर फर्राटे से गाड़ी दौड़ाकर आम लोगों का जीवन संकट में डालने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई के लिए पुलिस ने सघन अभियान चलाया। रविवार की रात शहर के 9 प्रमुख चौक-चौराहों एवं संवेदनशील स्थानों पर आधुनिक ब्रीथ एनॉलॉइजर मशीनों से जांच की गई। इस दौरान 42 वाहन चालक शराब के नशे में वाहन चलाते पाए गए। सभी के विरुद्ध मोटरयान अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार तत्काल वैधानिक कार्रवाई की गई।

#### संदेहियों की धरपकड़, होटल-लॉज जांच के दायरे में

**रायपुर।** दूसरे राज्यों से आकर राजधानी समेत प्रदेश में आपराधिक घटनाओं को अंजाम देने वालों की धरपकड़ के लिए पुलिस अभियान चला रही है। इस अभियान के दौरान राजधानी के होटल, लॉज और धर्मशालाओं को जांच के दायरे में लाया गया है। अभियान के दौरान पुलिस ने कोतवाली, गोलबाजार, गंज, मौदहापारा, सिविल लाइंस, देवेंद्र नगर, तेलीबांधा क्षेत्र के 89 होटल तथा लॉज की जांच की। जांच के दौरान मिले 17 संदिग्धों का सत्यापन किया गया।

#### ई-रिक्शा से 1.74 लाख उड़ाने वाला 'मुर्गी' गिरफ्तार

**रायपुर।** किराना सामान खरीदने के बाद ई-रिक्शा में लोड कराने के दौरान डैशबोर्ड पर रखा 1.74 लाख रुपए भरा बैग पार करने वाले बदमाश संजय नगर, टिकरापारा के मो. शाहिद उर्फ मुर्गी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। शिकायत के आधार पर पुलिस की संयुक्त टीम ने जांच शुरू की इस दौरान घटनास्थल एवं उसके आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फूटेज के विश्लेषण के दौरान आरोपी प्रार्थी के ई-रिक्शा से रुपए से भरा थैला निकालते हुए दिखाई दिया। गिरफ्तारी के बाद पूछताछ के दौरान आरोपी की निशानदेही पर एक लाख रुपए नकद बरामद किए गए। पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि सालभर पहले उसने डूमरतराई इलाके में इसी तरह से 2.70 लाख रुपए भरा बैग पार किया था।

#### नशे के खिलाफ अभियान गांजा-टेबलेट समेत कई धरे गए

**रायपुर।** एंटी नारकोटिक्स टॉस्क फोर्स ने नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के दौरान कई लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से गांजा, टेबलेट के साथ अन्य नशीली सामग्री बरामद की गई है। टीम ने गोलबाजार से मो. इसराइल को ढाई किलो गांजा, खम्हारडीह और न्यू राजेन्द्र नगर इलाके में नशीली टेबलेट बेचने वाले बदमाशों से मिली जानकारी पर ओडिशा के संजय नाग और कुलदीप सिंह को गिरफ्तार किया है। एएनटीएफ की टीम ने अब तक कुल 27 प्रकरणों में 40 आरोपियों को गिरफ्तार करने के साथ ही 18 आरोपियों के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करते हुए कुल 58 आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की है। इन आरोपियों से गांजा, 2,230 नग नशीली टेबलेट, 30 नग नशीली सिरप, 285 नग नशीली इंजेक्शन, 20.79 ग्राम चिट्टा (हेरोइन) एवं 5 ग्राम एमडी जब्त की गई।

### डिपो के लिए मुख्य शेड, पानी टंकी बनकर तैयार, पार्किंग एरिया का चल रहा काम

## आएंगी 100 इलेक्ट्रिक बसें, चार एकड़ में बन रहा स्टैंड, हाईपावर चार्जिंग पाइंट के लिए सब स्टेशन भी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर शहर में पीएम ई बस सेवा योजना के तहत केंद्र से 100 ई बसें आने में अभी थोड़ा वक्त है, लेकिन उसके आने से पूर्व नगर निगम जोन 8 के वीर सावरकर वार्ड स्थित जरवाय में चार एकड़ जमीन पर ई बसों के संचालन और रखरखाव के लिए नया बस डिपो बनाने का काम इन दिनों तेजी से चल रहा है। 11 करोड़ 18 लाख रुपए में इस कार्य को करने बिलासपुर की श्रद्धा कंस्ट्रक्शन कंपनी को अनुबंधित किया गया है। एजेंसी स्थल पर जमीन का समतलीकरण कराने के बाद चारों तरफ से बाउंड्रीवॉल का निर्माण करा रही है। साथ ही एडमिनिस्ट्रेटिव बिल्डिंग का काम चल रहा है। इसके अलावा डिपो के लिए मुख्य शेड, वर्कशाप और बस पार्किंग एरिया विकसित हो रहा है।

सूत्रों के मुताबिक 40 फीसदी निर्माण कार्य अनुबंधित एजेंसी ने अब तक पूरा कर लिया है। ई बस डिपो बनाने के लिए एक साल की समय सीमा तय है। वहीं दूसरी ओर नवा रायपुर अटल विकास प्राधिकरण की ई बस योजना काफी आगे बढ़ गई है, यहां बसों के लिए रूट निर्धारण और डिपो की तैयारी का काम पूरा किया जा चुका हे।

केंद्र सरकार की पीएम ई-बस सेवा योजना के तहत रायपुर शहर के लिए प्रदूषण मुक्त और वातानुकूलित 100 ई बसें केंद्र से जल्द मिलेगी। रायपुर नगर निगम और संबंधित निर्माण एजेंसी की कोशिश है कि ई बस की आपूर्ति शुरू होने से पहले ही जरवाय में नए बस डिपो का पूरा इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार कर लिया जाए। आम जनता को किफायती और सुगम परिवहन की सुविधा दिलाने रायपुर अरबन पब्लिक ट्रांसपोर्ट सोसायटी रायपुर नगर निगम इस परियोजना की मुख्य नोडल संस्था है। यह निर्माण केंद्र सरकार की ई-बस योजना के तहत किया जा रहा है। जिसमें आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय की गाइड लाइन को ध्यान में रखकर कार्य किया जाना है।

**बिलासपुर की श्रद्धा कंस्ट्रक्शन को 11 करोड़ 18 लाख में ठेका**

**नवा रायपुर में नए साल में आएंगी 40 ई बसें**



हरिभूमि सरोकार

#### नवा रायपुर को पहले मिलेगी ई बस

एनआरडीए के अधिकारियों के अनुसार ई-बसों के संचालन को लेकर भारत सरकार के स्तर पर अधिकांश प्रक्रियाएं पूरी हो चुकी है। अंतिम बैठक के बाद बसों की उपलब्धता और संचालन शुरू हो जाएगा। योजना के तहत वर्ष 2027 तक सभी 40 ई बसें उपलब्ध होने की संभावना है। ये बसें करीब 20 सीटर क्षमता की होंगी।

#### नवा रायपुर में पहले से चल रहीं 98 बसें

नवा रायपुर में सार्वजनिक परिवहन सेवा की शुरूआत वर्ष 2012 में मंत्रालय के संचालन के साथ हुई थी। वर्तमान में मंत्रालय, विभाग अध्यक्ष कार्यालय और अन्य सरकारी संस्थानों के लिए 98 बसों का संचालन किया जा रहा है। इन बसों से प्रतिदिन करीबन 4 हजार यात्री सफर करते हैं।

#### डिपो परिसर में हाई पावर चार्जिंग स्टेशन के लिए सब स्टेशन

जरवाय में बन रहे ई बस डिपो में सब चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर के तहत बसों की हाईपावर चार्जिंग के लिए एक नया विद्युत सब स्टेशन ओर चार्जिंग पाइंट स्थापित करने का काम किया जाएगा। चार्जिंग पाइंट बनने से इस डिपो में एक साथ कई ई बसों की चार्जिंग, आटोमैटिक वाशिंग प्लांट, मेंटनेंस वे और ड्राइवरों और स्टॉफ के लिए प्रतीक्षालय जैसी सुविधाएं भी रहेगी। विदित हो कि रायपुर नगर निगम वर्ष 2024 से शहर में 100 ई बसें चलाने की योजना पर काम कर रहा है, लेकिन डिपो निर्माण सहित अन्य जरूरी तैयारियां पूरी नहीं हो सकी है। इसमें 6 माह का समय और लग सकता है।

### भड़के शिक्षक

## जिनकी उपस्थिति ऑनलाइन जुलाई का वेतन केवल उन्हें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ लोक शिक्षण संचालनालय ने जारी किया आदेश

विद्यालयों में कार्यरत शैक्षणिक व गैर-शैक्षणिक सभी स्टाफ की उपस्थिति ऑनलाइन किए जाने के बाद सोमवार को डीपीआई ने जुलाई माह के लिए नवीन आदेश जारी किया है। इस आदेश में डीपीआई ने स्पष्ट रूप से कहा है कि केवल उन्हीं शिक्षकों व गैर शैक्षणिक स्टाफ को वेतन प्रदान किया जाए, जिनकी उपस्थिति ऑनलाइन दर्ज की गई है। जितने दिन शिक्षकों व कर्मचारियों द्वारा ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज की गई है, केवल उतने दिनों का ही वेतन उन्हें प्रदान करने कहा गया है।

संभागीय संयुक्त संचालक और जिला शिक्षा अधिकारियों को जारी आदेश में डीपीआई ने कहा, प्रदेश में संचालित शासकीय विद्यालयों एवं कार्यालयों के समस्त शैक्षणिक तथा गैर शैक्षणिक कर्मचारियों की उपस्थिति ऑनलाइन अटेंडेंस के माध्यम से से की जा ▶▶|शेष पेज 13 पर

#### तकनीकी त्रुटि

संघ का कहना है कि जिस ऐप के माध्यम से ऑनलाइन हाजिरी लगाने निर्देश दिए गए हैं, उसमें कई तकनीकी खामियां हैं। संघ के प्रदेशाध्यक्ष संजय शर्मा ने कहा है, पूरे प्रदेश में ऐप में तकनीकी त्रुटि के कारण सही उपस्थिति दर्ज नहीं हो पा रही है। लोकेशन की समस्या है, दूरी बताने की समस्या है, नेटवर्क की समस्या है, इन समस्याओं के कारण शाला प्रारंभ होने के पूर्व पहुंचने वाले शिक्षकों की भी उपस्थिति समय पर दर्ज नहीं हो पा रही है। ऐसी स्थिति में तकनीकी त्रुटि को दूर किए बिना और शाला में शिक्षक उपस्थिति पंजी के सत्यापन के बिना शिक्षकों का वेतन काटना अमानवीय है।

## सोशल मीडिया में पूल पार्टी का प्रचार, मचा बवाल

■ लोकेशन गोपनीय रखा गया है, एक्ट्रेस और माडल्स से इंटरेक्शन का दिया जा रहा आफर

■ बजरंग दल ने आयोजन होने पर विरोध प्रदर्शन और कार्रवाई करने की दी धमकी




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर पूल पार्टी आयोजित करने विज्ञापन जारी किया गया है। पार्टी में शामिल होने चार हजार 999 रुपए एंट्री फीस रखी गई है। गोपनीय स्थान पर पूल पार्टी आयोजित करने का दावा किया गया है। पार्टी में खूबसूरत एक्ट्रेस और माडल्स के साथ इंटरेक्शन, सीमित मेहमानों की एंट्री और भुगतान के बाद ही पार्टी की लोकेशन बताने जैसी बातें लिखी गई हैं। पोस्टर सामने आने पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। सोशल मीडिया में जारी विज्ञापन में दावा किया ▶▶|शेष पेज 13 पर

## खानसामा की करतूत, नकद आधा करोड़ और 20 लाख के जेवर के साथ अरेस्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कारोबारी के मकान से कैश 51.50 लाख रुपए सहित 70 लाख रुपए के सोने-चांदी के जेवर चोरी करने वाला रसोइया तथा उसके साथी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों को पुलिस ने घटना के छह घंटे के भीतर गिरफ्तार करने में कामयाबी पाई है। रसोइया तथा उसके साथी को पुलिस ने भागते हुए नागपुर रेलवे स्टेशन के पास से गिरफ्तार ▶▶|शेष पेज 13 पर



■ रसोइया और उसके साथी को पुलिस ने नागपुर रेलवे स्टेशन से किया गिरफ्तार

#### सीसीटीवी कैमरा से मिला सुराग

घटना के बाद पुलिस ने कालोनी और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फूटेज एकत्र किए। फूटेज में महेंद्र एक बैग लेकर घर से निकलता दिखाई दिया। उसके साथ एक अन्य संदिग्ध युवक भी मौजूद था। दोनों की गतिविधियों का क्रमवार विश्लेषण किया गया, तो पता चला कि वे अलग-अलग रास्तों से रायपुर रेलवे स्टेशन पहुंचे। रेलवे स्टेशन के कैमरों में दोनों समता एक्सप्रेस में सवार होकर नागपुर की ओर जाते दिखाई दिए।

#### सूनेपन का फायदा उठाकर किया हाथ साफ

कारोबारी पंकज ने पुलिस को बताया है कि वह रविवार को परिवार सहित किसी काम के सिलसिले में नवा रायपुर गए थे। शाम सात बजे के करीब लौटा, तो देखा घर का मेन गेट बाहर से बंद था। अंदर की लाइटें बंद थीं। इसके बाद वह पीछे के रास्ते से अपने घर के अंदर दाखिल हुए। घर के अंदर बेडरूम तथा आलमारी के दरवाजे खुले थे। जांच करने पर आलमारी तथा लॉकर से नकदी तथा सोने-चांदी के जेवर गायब मिले।

सोमवार को रायपुर और बिलासपुर संभाग में सक्रिय रहा मानसून, राज्य में कमी 20 फीसदी की

## गरज-गरजकर बरसे बादल, राजधानी से ज्यादा नवा रायपुर में वर्षा, दो दिन रह सकता है असर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



मानसून के सक्रिय होने के कारण सोमवार को राजधानी समेत प्रदेश के मध्य इलाके में बारिश होती रही। राजधानी में पानी बरसने के साथ बादल जमकर गरजे। हालांकि यहां की तुलना में वर्षा का प्रभाव नवा रायपुर में अधिक रहा। मानसून की सक्रियता अगले दो दिन रायपुर और बिलासपुर संभाग में बने रहने की उम्मीद है। जुलाई की जोरदार बारिश के बाद भी ▶▶|शेष पेज 13 पर




### राज्य के 15 शासकीय मेडिकल कालेजों में हैं कुल 1725 यूजी की सीटें

## चिकित्सा शिक्षा विभाग कराएगा एमबीबीएस की 2666 सीटों पर प्रवेश की काउंसिलिंग, 259 सीटें अखिल भारतीय कोटे की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

चिकित्सा शिक्षा विभाग इस बार राज्य के 19 शासकीय और निजी मेडिकल कालेज की 2666 सीटों पर एडमिशन के लिए काउंसिलिंग का आयोजन करेगा। राज्य के 15 सरकारी कालेजों में यूजी की 1725 सीट है जिसमें से 15 प्रतिशत यानी करीब 259 सीट ऑल इंडिया कोटे की है। आधा दर्जन प्रायवेट कालेज में प्रबंधन और स्टेट कोटे की 1200 सीटें हैं, जिसमें प्रवेश की प्रक्रिया चिकित्सा शिक्षा विभाग के माध्यम से पूरी होगी। इस पर शासकीय चिकित्सा ▶▶|शेष पेज 13 पर

हरिभूमि फॉलोअप



#### दिल्ली से आएगी सीडी

*नीट की परीक्षा उत्तीर्ण करने वालों की जानकारी दिल्ली से सीडी के माध्यम से चिकित्सा शिक्षा विभाग तक पहुंचेगी। सीडी लाने की प्रक्रिया गुप्त रूप से पूरी की जाती है। इसके लिए चिकित्सा शिक्षा विभाग के कुछ अफसरों को दिल्ली भेजा जाता है जो बंद लिफाफे में सीडी लेकर आते हैं। इस सीडी के आधार पर राज्य का परिणाम और मेरिट लिस्ट सार्वजनिक की जाती है और अभ्यर्थियों को प्रवेश के लिए पंजीयन का मौका दिया जाता है।*

#### एनआरआई की सीटें प्रबंधन के खाते में

*पिछले साल चिकित्सा शिक्षा विभाग ने चिकित्सा महाविद्यालयों में प्रवेश के लिए संशोधित नियम जारी किया था। इसमें निजी मेडिकल कालेजों में एनआरआई कोटे की सीट के दो राउंड की काउंसिलिंग के बाद खाली रहने पर एडमिशन की प्रक्रिया प्रबंधन कोटे के माध्यम से पूरी की जाएगी। राज्य में इस बार अप्रवासी भारतीयों के लिए निजी चिकित्सा महाविद्यालयों में करीब 180 सीटें होंगी। इसमें प्रवेश के नियम में किसी तरह का बदलाव नहीं किया गया है।*

# राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण : ग्रामीण क्षेत्रों में पलायन, रोजगार, काम धंधे का होगा सर्वेक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण कार्य सोमवार से रायपुर जिले में शुरू किया गया। सर्वेक्षण के लिए योजना एवं सांख्यिकी विभाग के जिला एवं मुख्यालय में पदस्थ अधिकारियों-कर्मचारियों की संयुक्त टीम के द्वारा चयनित शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के परिवारों के घर-घर जाकर उनके रोजगार, पलायन, व्यवसाय एवं आय से संबंधित बिंदुओं पर जानकारी लेकर इसकी ऑनलाइन एंट्री विभाग के पोर्टल पर करेगी।

योजना एवं सांख्यिकी विभाग के अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण का यह 81वां राउंड है। इसके अंतर्गत अखिल भारतीय ऋण एवं निवेश सर्वेक्षण (एआईडीआईएस), असंगठित सेवा क्षेत्र सर्वेक्षण (एसएएस) तथा पलायन सर्वेक्षण के लिए जिले में 6 सदस्यों की टीम बनाई गई है। टीम में संचालनालय से 6 सदस्य भी शामिल रहेंगे, जिनके नेतृत्व में टीम शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र में चयनित ब्लॉक एवं ग्राम में जाकर चुनिंदा घरों में जाकर परिवारों से रोजगार, व्यवसाय एवं आय से संबंधित जानकारी लेंगे। अखिल भारतीय ऋण-निवेश, असंगठित सेवा क्षेत्र एवं प्रवासन सर्वेक्षण का कार्य सोमवार से शुरू हो गया है।

## सोमवार से शुरू हुआ राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण, 6 सदस्यों की बनी टीम

### सर्वेक्षण की ऑनलाइन एंट्री

सर्वेक्षण की टीम मौके पर टेबलेब के जरिए परिवारों द्वारा दी जाने वाली जानकारी की ऑनलाइन एंट्री पोर्टल में की दर्ज होगी। सर्वेक्षण में जिले से संबंधित सामाजिक एवं आर्थिक आंकड़ों का सटीक संकलन किया जाएगा। इन आंकड़ों का उपयोग विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं एवं नीतियों के निर्माण में किया जाएगा। सर्वेक्षण का कार्य 31 दिसंबर तक चलेगा।



### 4 राउंड में होगा सर्वेक्षण का कार्य

बताया गया है कि सर्वेक्षण का कार्य चार राउंड में होंगे, इसके लिए चयनित शहर के ब्लॉक एवं ग्रामीण क्षेत्र में ग्रामों का चयन किया गया है। प्रत्येक राउंड में लगभग 2 से ढाई सौ परिवारों की रिपोर्ट तैयार की जानी है। छत्तीसगढ़ में सर्वे के दौरान कृषक परिवारों की स्थिति की जानकारी ली जाएगी। इसमें किसानों की आय, खेती की लागत, फसल उत्पादन, कृषि उपकरण, सरकारी योजनाओं का लाभ, कृषि से जुड़ी समस्याओं को भी शामिल किया गया है। इन परिवारों के द्वारा लिए गए कर्ज एवं उनका स्रोत चल एवं अचल संपत्तियां, बचत और निवेश की स्थिति पर भी जानकारी ली जा रही है। पलायन को लेकर छत्तीसगढ़ के ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार, शिक्षा या विवाह के कारण पलायन, ग्रामीण से शहरी और अंतरराज्यीय प्रवास, प्रवासी परिवारों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति का आंकलन कर उसे दर्ज किया जाएगा।

### शहर-ग्रामीण क्षेत्र में सर्वेक्षण

जानकारी के अनुसार सर्वेक्षण का कार्य शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के लगभग ब्लॉकों में किया जाएगा। इनमें शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र शामिल है। एक ब्लॉक या ग्राम में लगभग 32 परिवारों से रोजगार, व्यवसाय एवं आय से संबंधित सवालों के जवाब पूछकर उसकी ऑनलाइन एंट्री की जाएगी। बताया गया है कि रायपुर जिले के सर्वेक्षण 72 ब्लॉक इसमें शामिल हैं।

## खबर संक्षेप



### कोटा शराब दुकान के विरोध में आबकारी आयुक्त को ज्ञापन

रायपुर। राजधानी रायपुर के कोटा मोहबा बाजार में संचालित शराब दुकान को हटाने की मांग को लेकर सोमवार को क्षेत्र के लोगों ने आबकारी विभाग के आयुक्त पदुम सिंह अल्मा से मिलकर उन्हें ज्ञापन सौंपा है। होरीलाल सहित क्षेत्र में रहने वाले अन्य लोगों के एक प्रतिनिधिमंडल ने आबकारी आयुक्त को ज्ञापन सौंपते हुए अवगत कराया कि लगभग तीन वर्ष पूर्व जनआक्रोश के कारण कोटा मोहबा बाजार से शराब दुकान को विभाग ने हटाया था, लेकिन दुकान को उसी क्षेत्र में पुनः खोल दी गई है। इससे लोगों में दोबारा आक्रोश व्याप्त है। होरीलाल ने बताया कि 3 मई 2025 को शराब दुकान के वापस खुलने पर कलेक्टर को पूर्व में ज्ञापन सौंप चुके है। इस पर उचित आश्वासन नहीं मिलने पर 20 सितंबर 2025 को बड़ी संख्या में स्थानीय रहवासी शांतिपूर्ण प्रदर्शन भी कर चुके हैं।

### नए मेडिकल कालेजों को मिले 9 टीचर

रायपुर। राज्य के चार नए शासकीय मेडिकल कालेज में कुल 9 संविदा चिकित्सा शिक्षकों की नियुक्ति की गई है। इन नियुक्ति आदेश में कबीरधाम मेडिकल कालेज के खाते में एक शिक्षक भी नहीं आया है। वहीं मनेन्द्रगढ़ के बायोकेमेस्ट्री विभाग में एक प्राध्यापक, जशपुर के फिजियोलॉजी विभाग को एक एसोसिएट प्रोफेसर मिला है। वहीं चार असिस्टेंट प्रोफेसर की तैनाती मनेन्द्रगढ़, 2 की जांजगीर-चांपा तथा एक को दंतेवाड़ा के शासकीय मेडिकल कालेज में पदस्थ किया गया है। इन्हें क्रमशः 2.25 लाख, 1.85 तथा 1.25 लाख रुपए प्रतिमाह मानदेय प्रदान किया जाएगा। इनकी नियुक्ति एक वर्ष अथवा नियमित चिकित्सा शिक्षक मिलने तक के लिए की गई है।

### सुरेश्वर महादेव पीठ में मनाई जाएगी गुरु पूर्णिमा

रायपुर। श्री सुरेश्वर महादेव पीठ में हर वर्ष की भांति इस वर्ष में बड़े धूमधाम से गुरु पूर्णिमा का आयोजन 29 जुलाई को प्रातः कालीन 6 से 8 बजे तक किया जाएगा। भवानी शंकर बाबा भोलेनाथ के पूजन पश्चात 10 बजे तक गुरु पादुका पूजन, गुरु पूजन एवं सहस्त्र जलधारा का आयोजन किया जाएगा। स्वामी जी के नेतृत्व में 11 आचार्य नमक चमक रुद्राष्टाध्याई का पाठ किया जाएगा। इस दौरान भवानी शंकर का श्रृंगार एवं महाआरती उसके बाद 1 बजे से महा भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इसी क्रम में श्रावण मास में 30 जुलाई से 28 अगस्त तक प्रातः कालीन 3:20 से 5:00 तक डॉ स्वामी राजेश्वरानंद जी के नेतृत्व में एवं यजमान के रूप में नंदकिशोर अग्रवाल अखिल अग्रवाल रश्मि अग्रवाल दानी राम साहू मनमोहन साहू गजानन अग्रवाल कायम सिंह भगत अनुप मसंद भूषण साहू गीतेश पाल, इन भक्तों के द्वारा एवं मंदिर के आचार्य रामकृष्ण त्रिपाठी हिमांशु मिश्रा ललित पांडे नागेश शर्मा मनोज दास एवं अन्य सहयोगियों की मदद से पूजन किया जाएगा।

## महापौर मीनल चौबे ने बुलाई समीक्षा बैठक, सभी अधिकारी और वार्ड पार्षद रहे मौजूद

# जोन 4 की समीक्षा बैठक में अधिकारियों पर बिफरे नेता प्रतिपक्ष, कहा- जनप्रतिनिधियों को गुमराह करना बंद करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ पंडित रविशंकर शुक्ल वार्ड में जलभराव की बात रखने पर अधिकारियों के गोलमोल जवाब पर हुए नाराज

रायपुर नगर निगम जोन 4 में महापौर की अध्यक्षता में बुलाई गई समीक्षा बैठक के दौरान नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी अधिकारियों पर बिफर उठे। उन्होंने आरोप लगाया कि जोन अध्यक्ष और जोन कमिश्नर के बीच तालमेल की कमी है, जिसका असर विकास कार्यो और आम जनता की मूलभूत समस्या पर पड़ रहा है। नेता प्रतिपक्ष ने बैठक में पंडित रविशंकर शुक्ल वार्ड में जलभराव की समस्या रखी तो बैठक में मौजूद संबंधित अधिकारी गोलमोल जवाब देते नजर आए। इस पर श्री तिवारी ने उन्हें कहा कि जन प्रतिनिधियों को गुमराह करना बंद करें। उन्होंने जोन के अधिकारियों को धरातल पर स्थिति जाकर देखने की बात कही।

महापौर मीनल चौबे ने सोमवार को एक ही दिन में तीन अलग-अलग जोन में जाकर वहां के वार्ड पार्षदों और जोन अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक ली। इस बैठक में पेयजल समस्या, जलभराव और तीन नोटिस के बाद अवैध निर्माण की धरातल पर स्थिति की जानकारी ली गई। समीक्षा बैठक जोन 1, जोन 3 और जोन 4 में ली। बैठक के दौरान महापौर ने जोन के संबंधित वार्ड पार्षदों ने से पूछा कि उनके वार्डो में जलभराव की समस्या का मूल वजह क्या है, समाधान को लेकर क्या जोन स्तर पर जलभराव रोकने प्रस्ताव बनाया गया है, या नहीं ? प्रस्ताव की वर्तमान स्थिति पर भी उन्होंने सवाल किया। पता चला कि जोन 4 के स्वामी विवेकानंद-सदर बाजार वार्ड और पंडित रविशंकर शुक्ल वार्ड में जलभराव की समस्या दूर करने जोन स्तर पर प्रस्ताव बनाया गया है, पर इसकी स्वीकृति लंबित है। महापौर ने जोन 4 के अधिकारियों से कहा कि निगम आयुक्त से प्रस्ताव पास कराने का काम वे प्राथमिकता के साथ कराएं। इसके लिए जन प्रतिनिधियों पर ठीकरा फोड़ना ठीक नहीं।

महापौर मीनल चौबे ने जोन 1,3 और जोन 4 में पार्षदों और संबंधित जोन के अधिकारियों की बैठक लेकर कार्यो के प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने निर्देशित किया जिन अवैध निर्माणों को नियम अनुसार तीन नोटिस जारी किए जा चुके हैं, उन पर बिना विलंब किए कार्यवाही सुनिश्चित किया जावे। प्राथमिकता के आधार पर मुख्य मार्गो, पार्किंग स्थलों और यातायात बाधित करने वाले अवैध निर्माण पर कार्रवाई की जाए। अधिकारियों को यह निर्देश दिए कि समस्य लंबित पेंशन प्रकरणों का जल्द निराकरण किया जावे, जिससे हितग्राहियों को बार-बार नगर निगम के चक्कर न लगाने पड़े। पेंशन वितरण में आ रही समस्या समाधान के लिए आईडीबीआई बैंक को आवश्यकता अनुसार नोटिसजारी कर समुचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

जोन 4 की बैठक में जोन अध्यक्ष मुरली शर्मा, निगम के नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी, एमआईसी सदस्य संजना हियाल, पार्षद अर्जुमन ढेबर, अजय साहू, जोन 4 कमिश्नर डॉ. दिव्या चंद्रवंशी सहित संबंधित जोन के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।



### नाला की सफाई में अनदेखी इसलिए जलभराव

जोन 4 की समीक्षा बैठक में पंडित रविशंकर शुक्ल वार्ड में जलभराव की समस्या को लेकर जोन के अधिकारी का जवाब था नाला की सफाई कराई गई है, जबकि वार्ड पार्षद और नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी ने महापौर मीनल चौबे को बताया कि हर साल अरमान नाले की बारिश पूर्व सफाई नाला गैंग से कराई जाती थी, इस बार नाला सफाई के नाम पर केवल खानापूर्ति की गई है, इसलिए उनके वार्ड के रहवासी इलाकों में जलभराव की समस्या रही। इसी तरह बूढ़ापारा के गणेश मंदिर के पास और पतंग गली में जलभराव का मुद्दा उठा। जोन अध्यक्ष मुरली शर्मा ने महापौर को बताया कि इस संबंध में उन्होंने जोन कमिश्नर से लेकर आयुक्त तक अपनी बात रखी है। इसके बाद भी नाला सफाई की ओर ध्यान नहीं दिया गया।

### गोलबाजार में 18 पाटे तोड़े मलमा वहीं छोड़ आए, व्यापारी परेशान

जोन 4 की समीक्षा बैठक से पहले गोलबाजार व्यापारी एसोसियेशन के पदाधिकारी महापौर मीनल चौबे से मिले। जोन अध्यक्ष मुरली शर्मा के साथ उन्होंने महापौर को बताया कि गोलबाजार में नालियों पर बनाए गए 18 पक्के पाटों को नगर निगम ने सफाई के नाम पर तोड़ दिया है। पर इसके बाद न तो गोलबाजार से मलबा उठाया गया, न हीं नाली निर्माण का काम शुरू हो पाया है। महापौर ने जोन 4 कमिश्नर को नई नाली निर्माण के संबंध में प्रस्ताव बनाकर देने के निर्देश दिए।

## छत्तीसगढ़ कांग्रेस के संगठनात्मक कामकाज की कल राहुल करेंगे समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



■ दिल्ली में पीसीसी अध्यक्ष बैज, नेता प्रतिपक्ष महंत होंगे शामिल

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस की समीक्षा बैठक 29 जुलाई को नई दिल्ली में होगी। बैठक की अध्यक्षता लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी करेंगे। बैठक में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत समेत प्रदेश के वरिष्ठ नेता शामिल होंगे। प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट और प्रभारी सचिव भी इस बैठक में शामिल होंगे। बैठक में शामिल होने नेता प्रतिपक्ष डॉ.चरणदास महंत पहले ही दिल्ली रवाना हो चुके हैं। वहीं प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैठक के लिए कल दोपहर दिल्ली रवाना होंगे।बैठक में छत्तीसगढ़ कांग्रेस के संगठनात्मक कामकाज, प्रदेश के मौजूदा राजनीतिक हालात की समीक्षा की जाएगी। साथ ही संगठन को मजबूत करने, कई जिलों में पार्टी की गतिविधियों और आगामी कार्यक्रमों को लेकर भी चर्चा होने की संभावना है। बताया जा रहा है कि बैठक में प्रदेश संगठन से जुड़े कुछ अहम मुद्दों और भविष्य के कार्यक्रमों को लेकर भी केंद्रीय नेतृत्व दिशा-निर्देश दे सकता है। दीपक बैज और चरणदास महंत बैठक में प्रदेश की राजनीतिक स्थिति और संगठन की गतिविधियों की पूरी जानकारी केंद्रीय नेतृत्व के सामने रखेंगे। 29 जुलाई को दिल्ली में होने वाली समीक्षा बैठक में संगठन की स्थिति, प्रदेश नेतृत्व और आगामी राजनीतिक रणनीति पर भी चर्चा हो सकती है।

### हत्या के प्रयास का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

रायपुर। शहर के रामनगर चौकी क्षेत्र में हत्या के प्रयास मामले में फरार मुख्य आरोपी अविनाश बैरागी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, राकेश ध्रुव ने रामनगर चौकी में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 19 जुलाई की रात वह अपने एक साथी के साथ गोकुल नगर स्थित ग्लोबल स्कूल के पास खड़ा था। इसी दौरान अविनाश अपने अन्य साथियों के साथ वहां पहुंचा और मामूली विवाद को लेकर गाली-गलौज करने के बाद चाकू से हमला कर दिया।

## संजीता एमडी लघु वनोपज और अमरनाथ बने वन विभाग के सचिव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ 7 आईएफएस का तबादला, 4 अफसर 31 को हो रहे रिटायर



राज्य शासन ने भारतीय वन सेवा के 7 अफसरों के तबादले के आदेश जारी किए हैं। ए पी सी सी ए फ संजीता गुप्ता को राज्य लघु वनोपज संघ का एमडी और अमरनाथ प्रसाद को वन विभाग का सचिव नियुक्त किया गया है। वरिष्ठ अफसरों की नई पदस्थापना के पीछे कारण यह है कि लघु वनोपज के एमडी अनिल साहू सहित चार अफसर 31 जुलाई को सेवानिवृत्त हो रहे हैं।

जारी आदेश में सात वरिष्ठ आईएफएस अधिकारियों में संजीता गुप्ता को राज्य लघु वनोपज संघ का प्रभारी प्रबंध संचालक नियुक्त किया गया है। एस. वेंकटाचलम मुख्य वन संरक्षक वन्य जीव एवं क्षेत्र संचालक गुरु घासीदास टाइगर रिजर्व अंबिकापुर को प्रतिनियुक्ति पर कार्यकारी संचालक, छग राज्य लघु वनोपज संघ अटलनगर, नवा रायपुर, अभिषेक कुमार सिंह क्षेत्रीय महाप्रबंधक राज्य वन विकास निगम वन संरक्षक कार्यालय प्रधान मुख्य वन संरक्षक कार्यालय अरण्य भवन नवा रायपुर, गुरु नाथन एन, वन संरक्षक को प्रभारी मुख्य वन संरक्षक वन्य जीव, एवं क्षेत्र संचालक उदंती-सीतानदी टायगर रिजर्व गरियाबंद, प्रणय मिश्रा विशेष सचिव वन विभाग मंत्रालय को प्रभारी वन संरक्षक प्रभारी क्षेत्र संचालक गुरु घासीदास टाइगर रिजर्व अंबिकापुर और रमेश कुमार जांगड़े को उप वन संरक्षक अरण्य भवन नवा रायपुर को प्रभारी क्षेत्रीय महाप्रबंधक छग राज्य वन विकास निगम के पद पर पदस्थ किया गया है।

## संत रविदास जयंती के लिए पवित्र माटी व जल लाने भाजपा का प्रतिनिधिमंडल वाराणसी रवाना



हरिभूमि न्यूजः रायपुर

भारतीय जनता पार्टी द्वारा संत शिरोमणि गुरु रविदास की 650वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित देशव्यापी सामाजिक समरसता अभियान के अंतर्गत सोमवार को कुशाभाऊ ठाकरे परिसर से एक प्रतिनिधिमंडल वाराणसी के लिए रवाना हुआ। यह प्रतिनिधिमंडल संत रविदास की जन्मस्थली से पवित्र माटी एवं जल लेकर लौटेगा। भाजपा प्रदेश महामंत्री डॉ. नवीन मार्कण्डेय ने बताया, इस पवित्र माटी एवं जल अभियान के प्रभारी डॉ. सनम जांगड़े के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल रवाना हुआ है। प्रतिनिधि मंडल में डॉ. खिलावन साहू, ध्रुव प्रसाद मिर्धा, हरिनाथ खुंटे, चंद्र प्रकाश सूर्या, खेमराज बाकरे, मोनू वर्मा, महंत खेलूराम पैगवार, ओमेश्वर जीभेकार, मोरध्वज गिलहरे, गुलशन सुमन, राजकुमार जायसवाल आदि भाजपा कार्यकर्ता शामिल हैं। रवि दास जयंती पर पूरे देश में कलश यात्राएं निकाली जाएगीं और व्यापक जनसंपर्क किया जाएगा। छात्रावासों और विभिन्न सामाजिक क्षेत्रों में जाकर गुरु रविदास के जीवन दर्शन और विचारों को पहुंचाया जाएगा।

## 7 सूत्रीय मांगों को लेकर सेवानिवृत्त शिक्षक संघ का क्रमिक धरना शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के सेवानिवृत्त शिक्षक संघ ने लंबित पेंशन प्रकरणों और अन्य मांगों के निराकरण को लेकर सोमवार से विश्वविद्यालय परिसर में क्रमिक धरना शुरू कर दिया। धरने के पहले दिन संघ के प्रतिनिधिमंडल ने कुलपति से मुलाकात कर सात सूत्रीय मांगों पर चर्चा की। संघ के अनुसार, बैठक में कुलपति ने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों में वह मांगों पर निर्णय लेने में असमर्थ हैं। उनका कहना था कि लेखा नियंत्रक उनके निर्देशों का पालन नहीं कर रही हैं। इस संबंध में उन्होंने छत्तीसगढ़ शासन के वित्त सचिव को शिकायत भी भेजी है, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। संघ ने कुलपति को सौंपे ज्ञापन में बताया कि विश्वविद्यालय के लगभग 38 से 40 सेवानिवृत्त प्रोफेसरों एवं वैज्ञानिकों के पेंशन प्रकरण एक से दो वर्षों से लंबित हैं। इसके साथ ही पेंशनरों को महंगाई राहत (डीआर) का समय पर भुगतान भी नहीं किया जा रहा है। संघ ने स्पष्ट किया कि जब तक सभी न्यायोचित मांगों का निराकरण नहीं होगा, तब तक क्रमिक धरना और आंदोलन जारी रहेगा। संघ का यह भी कहना है कि आंदोलन के पहले दिन लेखा नियंत्रक अपराह्न करीब 3.30 बजे तक कार्यालय नहीं पहुंचीं अथवा उन्होंने अवकाश ले लिया। इस संबंध में विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से कोई आधिकारिक जानकारी उपलब्ध नहीं कराई गई।



### मांगों के पूरा होने तक आंदोलन रहेगा जारी

संघ ने 65 वर्ष की आयु के आधार पर पात्र सेवानिवृत्त प्रोफेसरों और वैज्ञानिकों को पेंशन भुगतान आदेश (पीपीओ) जारी करने, लंबित पेंशन एवं ग्रेच्युटी का भुगतान, पेंशन संबंधी आपत्तियों का निराकरण, ऑडिट के बाद स्वीकृत प्रकरणों में तत्काल पेंशन लाभ, न्यायालय एवं विश्वविद्यालय की अधिसूचनाओं के अनुरूप लंबित मामलों का निराकरण, पात्र सेवानिवृत्त शिक्षकों के पेंशन प्रकरणों का शीघ्र ऑडिट तथा सभी पेंशनरों को समय पर महंगाई राहत और लंबित एरियर का भुगतान सुनिश्चित करने की मांग की है। संघ ने कहा कि इन मांगों के पूरा होने तक आंदोलन जारी रहेगा।

## जल जीवन मिशन 2.0 पर छत्तीसगढ़ के सांसदों के साथ मंथन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ छत्तीसगढ़ सदन में केंद्रीय जल शक्ति मंत्री की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक का आयोजन



नई दिल्ली स्थित छत्तीसगढ़ सदन में सोमवार को जल जीवन मिशन 2.0 के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल ने की। इस दौरान छत्तीसगढ़ के लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री अरुण साव सहित राज्य के लोकसभा एवं राज्यसभा सांसद उपस्थित रहे। बैठक में सांसदों के संसदीय क्षेत्रों में जल जीवन मिशन की प्रगति, योजनाओं की वर्तमान स्थिति तथा आगामी कार्ययोजना पर विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक में छत्तीसगढ़ के लोकसभा सांसद व केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, चिंतामणि महाराज, राधेश्याम राठिया, कमलेश जांगड़े, ज्योत्सना महंत, संतोष पांडेय, विजय बघेल, बृजमोहन अग्रवाल, रूपकुमारी चौधरी, महेश कश्यप और भोजराज नाग तथा राज्यसभा सांसद राजा देवेंद्र प्रताप सिंह, लक्ष्मी वर्मा और फूलो देवी नेताम उपस्थित रहे। बैठक में जल जीवन मिशन 2.0 के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में हर घर तक सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने, परियोजनाओं में तेजी लाने, गुणवत्ता सुनिश्चित करने तथा जनप्रतिनिधियों के सुझावों के आधार पर योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विचार-विमर्श किया गया।

### नियमित मॉनिटरिंग पर जोर

बैठक में मिशन के कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग, समयबद्ध क्रियान्वयन तथा केंद्र और राज्य सरकार के समन्वय से योजनाओं को गति देने पर विशेष जोर दिया गया। अधिकारियों ने जल जीवन मिशन 2.0 की प्रमुख विशेषताओं और क्रियान्वयन रणनीति की भी जानकारी प्रस्तुत की। बैठक में सांसदों की भूमिका पर भी विस्तार से चर्चा की गई। जनप्रतिनिधियों से आग्रह किया गया कि वे जिला स्तरीय की बैठकों में सक्रिय भागीदारी निभाते हुए योजनाओं के क्रियान्वयन में आने वाली बाधाओं के समाधान में सहयोग करें।

### ग्राम पंचायतों को करें हस्तांतरित

साथ ही, जल अर्पण, कार्यक्रमों में सहभागिता कर पूर्ण हो चुकी पेयजल योजनाओं के लोकार्पण तथा ग्राम पंचायतों को उनके हस्तांतरण को प्रोत्साहित करें। जल जीवन मिशन के लक्ष्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा करने के लिए राज्य एवं जिला प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित कर योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में सहयोग देने का भी आह्वान किया गया।

## दो निर्दलीय पार्षदों ने किया कांग्रेस प्रवेश

जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण ने किया स्वागत

रायपुर। खरोरा नगर पंचायत के निर्दलीय पार्षद राहुल मरकाम एवं शेखर देवांगन ने अपने-अपने वार्ड के लगभग 500 कार्यकर्ताओं के साथ कांग्रेस की रीति-नीति और जनहितकारी विचारधारा से प्रभावित होकर कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की है। दोनों जनप्रतिनिधियों का कांग्रेस परिवार में स्वागत जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के जिला अध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे, खनिज विकास निगम के पूर्व अध्यक्ष गिरीश देवांगन, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी खरोरा के अध्यक्ष अश्वनी वर्मा तथा खरोरा मंडल अध्यक्ष बबलू भाटिया की उपस्थिति में किया गया।





जिला अध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे ने कहा, कांग्रेस की जनहितकारी नीतियों और संगठन की मजबूती से प्रभावित होकर लगातार लोग पार्टी से जुड़ रहे हैं। उन्होंने दोनों पार्षदों का स्वागत करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि उनके कांग्रेस में शामिल होने से इस क्षेत्र में संगठन और अधिक मजबूत होगा तथा आम जनता की आवाज को और प्रभावी ढंग से उठाया जाएगा। खनिज निगम के पूर्व अध्यक्ष गिरीश देवांगन ने कहा, कांग्रेस सदैव जनता की सेवा और लोकतांत्रिक मूल्यों के संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध रही है। उनके अनुभव और जनसेवा का लाभ कांग्रेस संगठन तथा क्षेत्र की जनता को मिलेगा।



### गिरोह का नेटवर्क जामताड़ा, राजस्थान से लेकर छत्तीसगढ़ तक

# जालसाजी का नया पैटर्न, ठगी के तत्काल बाद चैनल के माध्यम से खरीद रहे गोल्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

ठगी की रकम होल्ड होने से बचने ठग गिरोह नया पैंतरा अजमा रहे हैं। जालसाज उन पैसों से तत्काल गोल्ड खरीद रहे हैं। इस कारण कारोबारियों का अकाउंट ब्लाक हो रहे और वे ठगी का शिकार हो रहे हैं। ऐसे ही टिकरापारा थाना क्षेत्र के दो ठगी के प्रकरण में शामिल तीन शातिरों को एसीसीयू तथा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सराफा कारोबारी ऋषभ शर्मा, अजय सोनी की शिकायत पर पुलिस ने ठगी के आरोप में पुलिस ने कांकेर, कोंडागांव निवासी मनजीत मंडल, संजय नगर निवासी शाहिल नेताम तथा आयुष साहू को गिरफ्तार किया है।

तकनीकी साक्ष्य, यूपीआई ट्रांजेक्शन, बैंक अकाउंट, मोबाइल नंबरों एवं अन्य डिजिटल साक्ष्य का विश्लेषण कर आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया है। जालसाजों ने दोनों कारोबारी से 1.80 लाख रुपए की ठगी की थी। पुलिस तथा एसीसीयू की टीम बैंकिंग लेन-देन, डिजिटल भुगतान के विवरण, सीसीटीवी फूटेज, तकनीकी साक्ष्यों एवं अन्य उपलब्ध महत्वपूर्ण तथ्यों की जांच कर रही है।

**दो लोग बनते थे ठगी की शिकार**

*इस नए पैटर्न में एक साथ दो लोग ठगी के शिकार बनते हैं। पहला वह जिन लोगों के साथ जालसाजों ने ठगी की है। दूसरा वे जिन लोगों को ठगी का शिकार बनाया गया है, उनके पैसों से जिस कारोबारी के यहां गोल्ड खरीदते थे, वो ठगी का शिकार बनता था। जिस अकाउंट में ठगी की रकम आती है, उस अकाउंट को ब्लाक कर अकाउंट में आए पैसों को होल्ड कर दिया जाता है। इस तरह जालसाज एक साथ दो लोगों को ठगी का शिकार बना लेते हैं।*

**हो सकता है बड़े नेटवर्क का खुलासा**

*पुलिस ने ठगी के आरोप में जिन तीन जालसाजों को गिरफ्तार किया है, उसमें मनजीत मंडल रायपुर के दोनों लड़कों को ज्वेलरी शॉप जाकर गोल्ड खरीदने कमांड देता था। इसके बाद रायपुर के लड़के गोल्ड खरीदने के बाद दुकानदार के अकाउंट के यूपीआई क्यूआर कोड की फोटो खींच कर मनजीत के पास भेजते थे। इसके बाद उसके द्वारा दुकानदार को ऑनलाइन यूपीआई पेमेंट किया जाता था। पुलिस को आशंका है कि यह रैकेट चैनल बनाकर सराफा कारोबारियों के साथ ठगी करते हैं। पूछताछ में कई और अहम खुलासे हो सकते हैं।*

**दो सराफा कारोबारी के साथ ठगी करने वाले 3 गिरफ्तार**



**रकम होल्ड से बचाने का तरीका**

साइबर ठगी होने पर राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन नंबर डॉयल 1930 की मदद से लोग ऑनलाइन शिकायत दर्ज करा देते हैं। इससे तीन से चार घंटे के भीतर जिस अकाउंट में ठगी की रकम जमा होती है, उस अकाउंट को ब्लाक कर दिया जाता है। इससे बचने जालसाज अपने अकाउंट में जैसे ही ठगी की रकम आती है, उसी क्षण उन पैसों से गोल्ड सहित अन्य सामान खरीदते हैं, इससे जालसाज ठगी की रकम को होल्ड होने से बचा लेता है।

**राजस्थान से जामताड़ा तक फैला है नेटवर्क**

*ठगी के पैटर्न को देखते हुए पुलिस को आशंका है कि यह गिरोह राजस्थान या झारखंड के जामताड़ा से संचालित हो रहा है। ठगी करने वाले गिरोह से जुड़े लोगों को उनके काम के हिसाब से कमीशन मिलता है। पुलिस को जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक कोंडागांव का युवक तथा रायपुर के दोनों युवक रायपुर में एक साथ पढ़ाई करते थे। उसी समय से उनके बीच दोस्ती थी। मनजीत मंडल के कहने पर दोनों युवक गोल्ड खरीदते थे। अकाउंट डिटेल के लिए पुलिस ने बैंक को पत्र लिखा है। अकाउंट डिटेल आने के बाद कारोबारियों के अकाउंट में कहां से रकम आयी, इसकी सही जानकारी मिल पाएगी। कारोबारियों के अकाउंट में किसी जगदंबा टीसी के यूपीआई अकाउंट से पेमेंट ट्रांसफर किया गया था।*

**बिजनेस साइट**

## होंडा बिगविंग इंडिया ने होंडा बिगविंग रायपुर को 'रनरअप- बेस्ट डीलर सेंट्रल जोन' सम्मान से नवाजा

*रायपुर। होंडा बिगविंग रायपुर ने प्रीमियम मोटरसाइकिल डीलरशिप के क्षेत्र में एक और बड़ी उपलब्धि हासिल की है। होंडा बिगविंग इंडिया ने डीलरशिप को 'रनर-अप – बेस्ट डीलर (सेंट्रल जोन)' सम्मान से नवाजा है। यह सम्मान प्रीमियम मोटरसाइकिलों की बिक्री, उत्कृष्ट ग्राहक अनुभव, आफ्टर-सेल्स सेवाओं, डीलरशिप संचालन और समग्र प्रदर्शन में उत्कृष्टता के आधार पर प्रदान किया गया। इससे पहले*




*फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन के डीलर एक्सीलेंस अवॉर्ड्स-2026 में भी होंडा बिगविंग रायपुर को 'बेस्ट लग्जरी टू-व्हीलर डीलर' श्रेणी का राष्ट्रीय विजेता घोषित किया गया था। लगातार मिली इन उपलब्धियों ने डीलरशिप को देश की अग्रणी प्रीमियम होंडा बिगविंग डीलरशिप्स में शामिल कर दिया है। जीके ग्रुप के निदेशक पुनीत परवानी ने कहा कि ये सम्मान ग्राहकों के विश्वास, टीम के समर्पण और होंडा के साथ मजबूत साझेदारी का परिणाम हैं। उन्होंने कहा कि डीलरशिप भविष्य में भी विश्वस्तरीय बिक्री, सेवा और प्रीमियम ओनरशिप अनुभव उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध रहेगी। जीके ग्रुप पिछले 65 वर्षों से ऑटोमोबाइल क्षेत्र में सक्रिय है।*

## अविनाश मैग्नेटो मॉल को 'आईएससीए 2026' में राष्ट्रीय सम्मान

रायपुर। राजधानी रायपुर के अविनाश मैग्नेटो मॉल ने राष्ट्रीय स्तर पर एक और उपलब्धि अपने नाम करते हुए जयपुर में आयोजित इमेजेस शॉपिंग सेंटर अवॉर्ड्स (आईएससीए) 2026 में 'इमेजेस मोस्ट एडमायर्ड शॉपिंग सेंटर – मार्केटिंग एंड प्रमोशन्स, मॉल एक्टिवेशन्स एंड इवेंट्स' श्रेणी का प्रतिष्ठित सम्मान हासिल किया। यह पुरस्कार मॉल की अभिनव मार्केटिंग रणनीतियों, प्रभावी प्रमोशनल अभियानों, सफल मॉल एक्टिवेशन्स



और ग्राहकों को उत्कृष्ट अनुभव उपलब्ध कराने के लिए प्रदान किया गया। सम्मान ग्रहण करने के दौरान सीओओ (रिटेल) राज कुजूर, मार्केटिंग एवं इवेंट हेड आभा गुप्ता, मॉल मैनेजर वीरेंद्र चंद्राकर तथा मैग्नेटो बिलासपुर की रमा उपस्थित रहीं। मॉल ने सुपर संडे सेल, सेलिब्रिटी व ऑथर इवेंट्स, ब्रांड एक्टिवेशन्स, डिजिटल मार्केटिंग और सांस्कृतिक आयोजनों के माध्यम से मध्य भारत के प्रमुख शॉपिंग डेस्टिनेशन के रूप में पहचान बनाई है। इस अवसर पर सीओओ राज कुजूर ने कहा कि यह राष्ट्रीय सम्मान हमारी पूरी टीम, सभी रिटेल पार्टनर्स और ग्राहकों के विश्वास का परिणाम है।

## बैंक ऑफ बड़ौदा का मजबूत तिमाही प्रदर्शन, वैश्विक कारोबार 15.4% बढ़कर 30.50 लाख करोड़

*रायपुर। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ऑफ बड़ौदा ने 30 जून, 2026 को समाप्त पहली तिमाही के वित्तीय नतीजों में मजबूत कारोबारी प्रदर्शन दर्ज किया है। बैंक का वैश्विक कारोबार सालाना आधार पर 15.4 प्रतिशत बढ़कर 30,50,457 करोड़ रुपए पहुंच गया। वैश्विक अग्रिम 17.4 प्रतिशत और घरेलू अग्रिम 16.1 प्रतिशत बढ़े, जबकि वैश्विक जमाओं में 13.8 प्रतिशत तथा घरेलू जमाओं में 14.7 प्रतिशत की वृद्धि*

बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda भारत का अंतर्राष्ट्रीय बैंक

*दर्ज की गई। तिमाही के दौरान निवल ब्याज आय 9.5 प्रतिशत बढ़कर 12,524 करोड़ रुपए रही और परिचालन लाभ 8,127 करोड़ रुपए रहा। वन-ऑफ अपवादात्मक मद के प्रभाव के कारण शुद्ध लाभ 1,278 करोड़ रुपए रहा, जबकि इस प्रभाव को छोड़ने पर लाभ 5,528 करोड़ रुपए होता। बैंक की आस्ति गुणवत्ता भी मजबूत रही। सकल एनपीए घटकर 1.99 प्रतिशत और निवल एनपीए 0.50 प्रतिशत पर आ गया। पूंजी पर्याप्तता 16.30 प्रतिशत रही, जिससे बैंक की वित्तीय स्थिति मजबूत बनी हुई है। ऑटो, मॉर्गेज, गृह, शिक्षा, कृषि और एमएसएमई ऋणों में उल्लेखनीय वृद्धि ने बैंक की खुदरा ऋण वृद्धि को गति दी।*

## समृद्धि यादव को मिला अंतर्राष्ट्रीय नृत्य सम्मान

रायपुर। रायपुर स्थित कल्पवृक्ष टैलेंट ग्रो अकादमी की प्रतिभाशाली



छात्रा समृद्धि यादव को द्वितीय कलिंग उत्सव-2026 के तहत अंतर्राष्ट्रीय नृत्य एवं संगीत महोत्सव में उत्कृष्ट भरतनाट्यम कलाकारों के लिए अंतर्राष्ट्रीय नृत्य कलिंग राजश्री पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह प्रतिष्ठित आयोजन 25 एवं 26 जुलाई को कला विकास केंद्र, कटक (ओडिशा) में आयोजित हुआ। समृद्धि यादव वर्तमान में कल्पवृक्ष टैलेंट ग्रो अकादमी, रायपुर (छत्तीसगढ़) में गुरु हरीश बहादुर के मार्गदर्शन में भरतनाट्यम की नियमित शिक्षा एवं प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं।

## कहीं राहत, कहीं जाम की वजह बन रहे ट्रैफिक सिग्नल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर में ट्रैफिक समस्या से हर कोई परेशान है। इस जाम की समस्या से राहत दिलाने तथा सुचारू एवं सुगम रूप से यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस विभाग ने कई प्रमुख चौक पर ट्रैफिक सिग्नल लगाए हैं। इनमें कई प्रमुख चौक पर लगे सिग्नल यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने के साथ जाम से भी राहत पहुंचा रहे हैं। वहीं कई सिग्नल ऐसे भी हैं, जिसके कारण उन स्थानों (मार्ग) पर दिनभर जाम की स्थिति बन रही है। इससे वाहन चालकों के साथ, स्कूल बस, सवारी वाहन के यात्री भी परेशान हो रहे हैं। हरिभूमि ने सोमवार को शहर के विभिन्न चौक पर लगे ट्रैफिक सिग्नल की पड़ताल की, जिससे पता चला कि राहत के साथ कहीं-कहीं पर सिग्नल जाम की वजह भी बन रहे हैं।



**केस 1**

*सिद्धार्थ चौक से कालीबाड़ी जाने वाले मार्ग पर पुलिस लाइन गेट के पास चौक पर ट्रैफिक सिग्नल को आवागमन को सुगम बनाने के लिए लगाया है, लेकिन सिग्नल के कारण ही यहां दिनभर में कई बार लंबा जाम की स्थिति बनती रहती है। खासकर सुबह 9 बजे से लेकर दोपहर 12 बजे एवं शाम के समय 4.30 बजे से लेकर रात 8 बजे के बीच जाम की स्थिति ज्यादा रहती है।*

**केस 2**

केनाल रोड पर अमलीडीह चौक पर भी ट्रैफिक सिग्नल लगाया गया है। इस चौक पर जब से सिग्नल लगा है, तब से यहां जाम की स्थिति बन रही है, क्योंकि इस चौक पर न्यू राजेंद्रनगर की ओर की सड़क काफी संकरी है। ग्रीन सिग्नल होने के बावजूद अमलीडीह एवं केनाल रोड के दोनों तरफ से न्यू राजेंद्रनगर जाने वाले मार्ग पर रेड सिग्नल के कारण खड़ी गाड़ियों के कारण जगह ही नहीं मिल पाती। इससे चौक पर दिनभर में कई बात जाम की स्थिति बनती रहती है। इस जाम में कई बार स्कूल की बस, एंबुलेंस भी फंस चुकी है।

**केस 3**

*कालीबाड़ी चौक पर लगा ट्रैफिक सिग्नल वैसे तो आवागमन में काफी राहत पहुंचा रहा है, लेकिन शाम के समय में यहां आसपास संचालित स्कूलों की छुट्टियां होते ही हर दिन जाम की स्थिति बन रही है। इस चौक पर ट्रैफिक पुलिस का वाहन चालकों पर नियंत्रण भी नहीं है। बड़ी संख्या में ई-रिक्शा, ऑटो रिक्शा सड़क पर बेतरतीब तरीके से सवारी बिठाने के लिए खड़ी होते हैं, जिसके कारण कई बार लंबा जाम लग जाता है।*

**केस 4**

बूढ़ापारा बिजली ऑफिस दफ्तर के पास लगे ट्रैफिक सिग्नल के कारण भी कोतवाली से कालीबाड़ी जाने वाले मार्ग पर कई बार जाम की स्थिति बनती है। इस मार्ग की सड़क संकरी होने के कारण चालकों द्वारा वाहन को जाने वाले रास्ते पर रेड सिग्नल होने पर खड़ी करते हैं, जिससे वाहन निकल नहीं पाते और जाम के हालात बनते हैं।

### निधन

**हीरानंद खेमानी**

रायपुर। राजीव नगर निवासी हीरानंद



खेमानी (85) का 27 जुलाई को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 28 जुलाई को शाम 4 बजे निवास स्थान से देवेंद्र नगर मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे दर्शन, दर्पण, लक्ष्मण, कैलाश, अमर, अजीत एवं राजकुमार खेमानी के पिता थे।

## मैट्स विश्वविद्यालय में आत्म-सशक्तिकरण पर विशेष व्याख्यान

रायपुर। मैट्स विश्वविद्यालय के इम्पैक्ट सेंटर में पारजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के सहयोग से 'रिचार्ज द सेल्फ, इम्पावर द वर्क प्लेस' विषय पर विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों में आत्म-सशक्तिकरण, सकारात्मक सोच, मानसिक संतुलन तथा कार्यस्थल पर उत्कृष्ट प्रदर्शन की भावना विकसित करना रहा। मुख्य वक्ता अंतरराष्ट्रीय वक्ता भारत भूषण एवं अदिति ने आत्म-जागरूकता, मेडिटेशन, सकारात्मक चिंतन और आध्यात्मिक मूल्यों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए तनावमुक्त एवं उद्देश्यपूर्ण जीवन के सूत्र साझा किए। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलाधिपति गजराज पगारिया, कुलपति प्रो. केपी यादव,



महानिदेशक प्रियेश पगारिया तथा कुलसचिव गोकुलानंद पांडा सहित विभागाध्यक्ष, प्राध्यापक, अधिकारी एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समन्वयन वाणिज्य एवं प्रबंधन विभागाध्यक्ष डॉ. उमेश गुप्ता ने किया।

## सेंट जोसेफ स्कूल में 'ग्रीन डे' उत्साहपूर्वक मनाया गया



*रायपुर। अमलीडीह स्थित सेंट जोसेफ स्कूल में 'ग्रीन डे' का आयोजन उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में पर्यावरण संरक्षण और संतुलित आहार के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। मुख्य अतिथि रेव. फादर थॉमस एली पुलिकट ने विद्यार्थियों को प्रकृति के संरक्षण, अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम में प्राथमिक कक्षाओं के विद्यार्थी हरे रंग की वेशभूषा में स्कूल पहुंचे। वे अपने साथ छोटे पौधे, हरे पत्ते, हरी सब्जियां, पोस्टर और स्लोगन लेकर आए। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक रैली निकालकर पर्यावरण एवं जल संरक्षण का संदेश दिया। वहीं उच्च कक्षाओं के विद्यार्थियों के लिए पोस्टर निर्माण, स्लोगन लेखन, भाषण और वाद-विवाद जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं।*

## दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में छात्र परिषद शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

रायपुर। दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल, कबीर नगर में छात्र परिषद शपथ ग्रहण एवं स्कॉलर बैज सम्मान समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डीईओ एम. जी. सतीश कुमार ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। समारोह में प्रेरणा एजुकेशन सोसाइटी के अध्यक्ष प्रवीण चंद्राकर, भावना चंद्राकर, विनय चंद्राकर, अपर्णा चंद्राकर, प्राचार्य विनोद पांडे, शिक्षक, विद्यार्थी एवं अभिभावक उपस्थित रहे। समारोह में नवनिर्वाचित छात्र परिषद के पदाधिकारियों को शपथ दिलाकर दायित्व सौंपे गए। प्राचार्य विनोद पांडे ने कहा कि नेतृत्व केवल पद प्राप्त करना नहीं, बल्कि उदाहरण बनकर सेवा करना है। उन्होंने



मेधावी विद्यार्थियों को अनुशासन व उत्कृष्ट प्रदर्शन से दूसरों को प्रेरित करने का संदेश दिया। इस अवसर पर सत्र 2025-26 के मेधावी छात्र-छात्राओं को स्कॉलर बैज प्रदान कर सम्मानित किया गया।

### पेज 11 के शेष

**जिनकी उपस्थिति ऑनलाइन...**

रही है। अतः जुलाई माह से जिन कर्मचारियों का रजिस्ट्रेशन हो गया है, जिनकी उपस्थिति ऑनलाइन अटेंडेंस के माध्यम से की गई, केवल उन्हें ही वेतन आहरित किया जाए।

**ऐप की जगह बायोमेट्रिक की मांगः** शिक्षक संघ ने डीपीआई को खत लिखकर पूछा है कि क्या अब शाला के शिक्षक उपस्थिति पंजी में ऑफलाइन उपस्थिति अनिवार्य नहीं है? प्रदेश में बड़ी संख्या में शिक्षकों ने अपने निजी मोबाइल में निजी डेटा के हैक होने के बाद भी वीएसके ऐप डाउनलोड किया हुआ है, जबकि प्रदेशभर के शिक्षकों की यह मांग है कि ऐप के स्थान पर बायोमेट्रिक अटेंडेंस की व्यवस्था की जाए। आज भी प्रदेश के सैकड़ों विद्यालय में नेटवर्क की समस्या है, जहां पर ऐप कार्य नहीं कर रहा है। इन स्थितियों में वेतन काटे जाने से शिक्षकों का मनोबल प्रभावित होगा।

**सोशल मीडिया में पूल...**

गया है कि पार्टी में केवल सीमित संख्या में मेहमानों को प्रवेश मिलेगा। एंट्री फीस जमा करने के बाद आयोजन स्थल की जानकारी दी जाएगी। हालांकि, पोस्टर में आयोजन स्थल और आयोजकों की स्पष्ट जानकारी सार्वजनिक नहीं की गई है। सोशल मीडिया में पूल पार्टी का पोस्टर जारी होने के बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। पुलिस की साइबर एक्सपर्ट की टीम पता लगाने की कोशिश कर रही है कि पोस्टर किस सोशल मीडिया अकाउंट से जारी किया गया है।

**बजरंगदल ने दी आंदोलन की चेतावनीः** पूल पार्टी को लेकर बजरंग दल ने आपत्ति दर्ज की है। संगठन का कहना है कि राजधानी में पहले भी इस तरह की पार्टियों के पोस्टर सामने आ चुके हैं और यदि इस प्रकार का आयोजन किया गया, तो संगठन विरोध करेगा। बजरंग दल के पदाधिकारियों ने कहा कि इस तरह के आयोजनों से शहर का माहौल खराब हो सकता है और प्रशासन को समय रहते सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। अभी तक यह स्पष्ट नहीं हुआ है कि पोस्टर वास्तविक आयोजन से जुड़ा है या केवल प्रचार के उद्देश्य से प्रसारित किया गया है। जांच पूरी होने के बाद ही पूरे मामले की वास्तविकता सामने आएगी।

**खानसामा की करतूत, नकद....**

किया। चोरी का खुलासा करते हुए एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट की डीसीपी स्मृतिक राजनाला तथा डीसीपी नार्थ दीपमाला कश्यप ने बताया कि कारोबारी पंकज अग्रवाल की शिकायत पर रसोइया महेंद्र यादव तथा उसके साथी पिंटू उर्फ अभिषेक यादव को गिरफ्तार किया है। कारोबारी पंडरी थाना क्षेत्र के मोवा स्थित अशोका आईकान में रहता है। रसोइया मूल रूप से बिहार, बांका का रहने वाला है। महेंद्र को कारोबारी ने इसी महीने 14 जुलाई को अपने यहां रसोइया का काम करने रखा था।

**दोनों बाइक पार्क कर रेलवे स्टेशन पहुंचेः** घटना के बाद महेंद्र बैग लेकर बाइक से जयस्तंभ पहुंचा, वहां उसने पार्किंग में बाइक पार्क की। इसके बाद अपने साथी के साथ ऑटो में सवार होकर रेलवे स्टेशन पहुंच कर दोनों समता एक्सप्रेस से नागपुर पहुंचे। दोनों के समता एक्सप्रेस में सवार होने की जानकारी मिलने पर पुलिस ने आरपीएफ की मदद से महेंद्र तथा उसके साथी को रेलवे स्टेशन पर गिरफ्तार कर लिया।

**चिकित्सा शिक्षा विभाग कराएगा...**

महाविद्यालयों में पांच नए कालेजों को मिलाकर एमबीबीएस की 345 सीटों का इजाफा हुआ है। वहीं निजी सेक्टर में 100 सीटों के नए कालेज के साथ यूजी की 250 सीटें बढ़ी हैं। नीट का परीक्षा परिणाम आने के बाद अब अभ्यर्थियों की नजर काउंसिलिंग प्रक्रिया शुरू होने पर टिकी हुई है जो संभवतः अगले माह यानी अगस्त में शुरू होने की संभावना है। नियम के मुताबिक शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों की कुल सीटों का 15 प्रतिशत अखिल भारतीय नियतांश (कोटा) का होता है, जिसमें प्रवेश की प्रक्रिया दिल्ली से पूरी होती है और शेष 85 फीसदी सीटों पर एडमिशन की काउंसिलिंग राज्य का चिकित्सा शिक्षा विभाग करता है। इस बार ज्यादा संख्या में छात्रों को मेडिकल पढ़ाई का मौका मिलेगा। इस बार छत्तीसगढ़ में निजी मेडिकल कालेज भी 5 से बढ़कर 6 हो गए हैं साथ ही प्रायवेट सेक्टर की एमबीबीएस सीट संख्या 250 बढ़कर कुल 1200 हो गई है। प्रायवेट कालेज की पचास फीसदी सीट राज्य कोटे और पचास प्रतिशत प्रबंधन और एनआरआई कोटे की होती है, हालांकि दोनों कोटे में एडमिशन की प्रक्रिया चिकित्सा शिक्षा विभाग के माध्यम से पूरी की जाती है।

**गरज-गरजकर बरसे बादल...**

राज्य में 20 फीसदी की कमी बनी हुई है। जुलाई के महीने में इस बार शुरुआत, मध्य और अंतिम दिनों में तीन मजबूत सिस्टम बना है, जिससे राज्य के मध्य इलाके में काफी जोरों की बारिश हुई है। अभी तीसरा सिस्टम एक्टिव होकर गहरे अवदाब के रूप में उत्तर पश्चिम बंगाल की खाड़ी, उससे लगे पश्चिम बंगाल और उत्तर ओडिशा के ऊपर मौजूद है। इस सिस्टम का सीधा असर छत्तीसगढ़ के मध्य इलाके में होता दिखा रहा है। सोमवार की सुबह वैसे तो धूप-छांव की स्थिति बनी रही, इसके बाद दोपहर होते ही काले बादल छा गए और कुछ देर में जमकर बादल गरजने के साथ बारिश शुरू हुई जो करीब एक घंटे तक जारी रही। शाम पांच बजे के लगभग बारिश थमी।

**ईश्तहार**

पत्र क्रं /32118/ न.पा.नि./जोन क्रं - 10/2026
रायपुर, दिनांक 24/07/2026
नामांतरण प्र.क्र. 32118
वार्ड का नाम - 52, डॉ. राजेन्द्र प्रसाद वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 52 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR446L00392 जो की निगम अभिलेख श्री / श्रीमती SUNIL KUMAR NAYAR, ANIL KUMAR NAYAR पिता / पति श्री/श्रीमती LT. P.V.C. NAYAR के नाम से दर्ज है जिसको श्री / श्रीमती PAMPA SEN पिता / पति श्री/श्रीमती LATE AMAL KUMAR SEN ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार / पंजीकृत विक्रय विलेख / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा / प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे।

श्री मोनेश्वर शर्मा
(जोन कमिश्नर)
जोन (10)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक रायपुर 16 तहसील धरसींवा जिला रायपुर**

**:: आम सूचना ::**

जारी दिनांक 22.07.2026

प्रति,
1. खोरबाहरा सिंह ठाकुर पिता बिसाहू राम सा.देह
2. घसिया उर्फ रामचरण सिंह पिता बिसाहू राम सा.देह
3. पीलाराम ठाकुर पिता बिसाहू राम सा. भिलाई
4. नेतराम सिंह ठाकुर पिता बिसाहू राम सा. देह
5. हेमचंद पिता बिसाहू राम सा. देह
6. नारायण सिंह ठाकुर पिता बिसाहू राम सा. देह

विषयः- आवेदक नेतराम ठाकुर पिता बिसाहू राम ठाकुर ग्राम टेकारी प.ह.नं. 23 में धारित खसरा नंबर 631/6, 631/8, 631/5 रकबा क्रमशः 0.595, 0.356, 0.053 हेक्टेयर के सीमांकन के संबंध में।

आपके उपरोक्त विषयांतर्गत भूमि के सीमांकन आवेदन जो कि आवेदक नेतराम ठाकुर पिता बिसाहू राम ठाकुर द्वारा प्रस्तुत किए जाने के उपरांत न्यायालय अतिरिक्त/नायब तहसीलदार धरसींवा रायपुर के आदेश दिनांक 09/07/2026 के परिचालन में आवेदक की भूमि का सीमांकन दिनांक 31/07/2026 को समय 12 बजे पश्चात हमारे द्वारा रखा गया है। चूंकि आपकी उक्त खसरा नम्बर के बटांकनधारी है/ आपकी भूमि आवेदक की भूमि से लगी हुई है इसलिए आप सीमांकन स्थल पर ऊपर उल्लेखित दिनांक व समय पर अपना दस्तावेज लेकर उपस्थित होवें। आपकी अनुपस्थिति में सीमांकन कार्य किया जा सकता है।

सीमांकन उपरांत किसी प्रकार की कोई भी आपत्ति मान्य नहीं होगी। सो सूचना जाने।

राजस्व निरीक्षक
रायपुर-16 सारागांव

## गोदड़ीवाला धाम में गुरुपूर्णिमा उत्सव, सत्यनारायण कथा कल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

देवपुरी स्थित पूज्य गोदड़ीवाला धाम में गोदड़ीवाले संत बाबा हरदासराम साहेब, सतगुरु बाबा गेलाराम साहेब के आशीर्वाद से व महंत अम्मा मीरा देवी के सानिध्य में 29 जुलाई को गुरुपूर्णिमा महोत्सव व भगवान सत्यनारायण की कथा का आयोजन किया गया है, जिसमें सुबह 7 से 8 बजे तक सतगुरु बाबा गेलाराम साहेब की देवरी पर पंचामृत स्नान होगा। इसके बाद सुबह 8 से 9.30 बजे तक बाबाजी का श्रृंगार, वस्त्र आभूषण की सेवा व मदाह साहेब का पाठ नितनेम आरतियां, सत्संग, सिमरन, पल्लव साहेब होगा। साथ ही स्वलपाहार प्रसादी का वितरण होगा। यह जानकारी दरबार के सेवादारी इंदर सचदेव, हरि इसरानी, अमर गिदवानी, सतीश थौरानी, पवन प्रीतवानी, अनिल तुल्यानी, लाल खूबचंदानी ने सभी श्रद्धालुओं से विनती की है कि सत्यनारायण भगवान की कथा के बाद भंडारा साहेब धाम में ही ग्रहण करें। फिर दोपहर 12.30 बजे भगवान सत्यनारायण की कथा आरतियां, सत्संग, पल्लव, अरदास के कार्यक्रम होंगे। इसके बाद भंडारा साहेब होगा। 8 गुरु पूर्णिमा महोत्सव बाबा के भारतवर्ष के 65 गोदड़ीवाला धाम में व सिंध के 3 गोदड़ीवाला धाम में श्रद्धा व हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है।



















विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# भुरसुदा में किया गया पौधारोपण और क्रिकेट के विजेताओं को पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा-नेवरा





समीपस्थ ग्राम भुरसुदा में सोमवार को पर्यावरण संरक्षण और खेल प्रतिभाओं के सम्मान का अनूठा संगम देखने को मिला। यहां हाई स्कूल परिसर एवं गोठान में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसके बाद जेसीपी क्रिकेट टूर्नामेंट के भव्य समापन समारोह का आयोजन हुआ।पौधारोपण कार्यक्रम में जिला पंचायत सभापति शैल महेंद्र साहू ने ग्राम पंचायत भुरसुदा की सरपंच सरोज वर्मा के साथ फलदार पौधा लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस दौरान उपसरपंच राजेश नायक, पंच रमेश पटेल, पूजा बघेल, सुनीता यादव, भागेलु सोनवानी, साकेत नायक, अरविंद नायक, रमेश साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। इसके बाद जिला पंचायत सभापति शैल महेंद्र साहू ने जलेसो के मैदान में आयोजित जेसीपी क्रिकेट टूर्नामेंट के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। समारोह में कुंदरु सरपंच यशवंत वर्मा, नकटी सरपंच भारतीय, योगेंद्र बघेल, राजेश यादव, तुकेश यादव, मुकेश वर्मा और योगेंद्र वर्मा सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं खेल प्रेमी मौजूद रहे। रोमांचक फाइनल मुकाबले में किंग कोबरा बंगोली ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम किया। माउली इंटरप्राइजेज भारतओरी उपविजेता रही, जबकि रोहन-11 ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। मुख्य अतिथि ने विजेता टीम को 70,000 नकद एवं ट्रॉफी, उपविजेता टीम को 35,000 तथा तीसरे स्थान पर रही टीम को 10,000 का पुरस्कार प्रदान किया। कार्यक्रम को भाजपा नेता एवं कुंदरु सरपंच यशवंत वर्मा तथा योगेंद्र बघेल ने भी संबोधित किया। उन्होंने विजेता एवं उपविजेता टीमों को बधाई देते हुए सभी खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और ग्रामीण क्षेत्र में खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए ऐसे आयोजनों को लगातार जारी रखने की आवश्यकता पर बल दिया।

## खबर संक्षेप



### सशिमं खोरपा में संकुल आवर्ती वर्ग आयोजित

**अभनपुर।** सरस्वती शिक्षा संस्थान छत्तीसगढ़ की संकुल तूता का प्रथम आवर्ती वर्ग रविवार को सरस्वती शिशु मंदिर खोरपा में सम्पन्न हुआ। वर्ग में तूता, केंद्री, सारखी, बिरोदा, खोरपा एवं बेंद्री सहित विभिन्न विद्यालयों के लगभग 65 आचार्य-दीदियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ सुरेंद्र नशीने, दीपेन्द्र कुमार देवांगन एवं गैंद राम पटेल ने मां सरस्वती के पूजन से किया। जिला ग्राम भारती सचिव सुरेंद्र नशीने ने संगठन की वार्षिक योजनाओं पर प्रकाश डाला। भूपेन्द्र कुमार साहू एवं अवध पटेल ने आगामी खेलकूद प्रतियोगिताओं की तैयारियों की समीक्षा की। डिगेश्वर साहू ने खेलों की नियमावली की जानकारी दी, कार्यक्रम का संचालन तुलसीदास कोसले ने किया। वर्ग में वर्षभर की शैक्षणिक एवं संगठनात्मक कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की गई।

### उद्योग महासंघ ने किया पौधारोपण

**अभनपुर।** छत्तीसगढ़िया वाणिज्य उद्योग महासंघ अभनपुर इकाई एवं वृंदावन गार्डन कॉलोनी सिंगारभाठा के संयुक्त तत्वावधान में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए गए तथा उनके संरक्षण का संकल्प लिया गया। प्रदेश अध्यक्ष शेखर वर्मा ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को प्रतिवर्ष कम से कम 20 पौधे लगाकर उनका संरक्षण करना चाहिए। उपाध्यक्ष ईश्वर पटेल ने पौधारोपण को जनअभियान बनाने की अपील करते हुए कहा कि विशेष अवसरों पर पौधे लगाना और उनकी देखभाल करना सभी की जिम्मेदारी है। इस दौरान दिलीप टिकरिहा, लक्ष्मण साहू, नारायण साहू, समीर यादव एवं सत्या बंजारे सहित संस्था के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।



### रसनी में गुरु पूर्णिमा महोत्सव कल होगा

**आरंग।** सनातन धर्म परिषद एवं समस्त ग्रामवासी रसनी के तत्वावधान में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी 29 जुलाई को गुरु पूर्णिमा महोत्सव का दिव्य आयोजन किया गया है। इस कड़ी में प्रथम पाली में यज्ञ-हवन होगा। पश्चात दोपहर 2 बजे से 5 बजे तक गुरु पादुका पूजन तथा भगवताचार्य पं. सत्यम दीवान ग्रुप द्वारा संगीतमय आध्यात्मिक संदेश दिया जाएगा।

**उपलब्धि : पूरा किया उन्नत ह्यूमन सेंट्रीफ्यूज प्रशिक्षण**

# बरौदा के युवा वैज्ञानिक लुमेश साहू ने पोलैंड में लहराया भारत का परचम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसींवा

- किसान के बेटे ने रचा इतिहास

छत्तीसगढ़ के एक होनहार युवा ने अपनी कड़ी मेहनत, अटूट लगन और काबिलियत के दम पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश और प्रदेश का नाम रोशन किया है। रायपुर जिले के धरसींवा ब्लॉक स्थित ग्राम बरौदा के एक साधारण किसान परिवार के बेटे लुमेश साहू ने पोलैंड में आयोजित बेहद कठिन और प्रतिष्ठित 'उन्नत मानव सेंट्रीफ्यूज प्रशिक्षण कार्यक्रम' को सफलता के साथ पूरा कर इतिहास रच दिया है।

ज्ञानदीप विद्या मंदिर मांढर स्कूल के पूर्व छात्र और बरौदा के किसान श्री खोमन साहू व श्रीमती खुशबू साहू के बेटे लुमेश की यह अभूतपूर्व सफलता यह दर्शाती है कि प्रतिभा किसी पहचान की मोहताज नहीं होती। एक किसान के बेटे की यह उपलब्धि साबित करती है कि भारत के ग्रामीण अंचलों के युवा अब वैश्विक अंतरिक्ष विज्ञान और इंसानी अंतरिक्ष अभियानों में अपनी मजबूत जगह बना रहे हैं। वर्तमान में रायपुर की शोध संस्था आरकासा - अंतरिक्ष वास्तुकला एवं डिजाइन अनुसंधान प्रयोगशाला' में अंतरिक्ष जैव प्रौद्योगिकी शोधकर्ता और एनालॉग अंतरिक्ष यात्री के रूप में कार्यरत लुमेश ने यह खास प्रशिक्षण पोलैंड के 'एनालॉग अंतरिक्ष यात्री प्रशिक्षण केंद्र और वारसॉ के 'सैन्य विमानन चिकित्सा संस्थान' के संयुक्त सहयोग से पूरा किया।



### इसरो से पंजीकृत 'आरकासा' के माध्यम से लुमेश ने वैश्विक मंच पर लहराया तिरंगा

गौरतलब है कि लुमेश की संस्था 'आरकासा' भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के 'स्पेस ट्यूटर' कार्यक्रम से मान्यता प्राप्त है और यह भारत के निजी अंतरिक्ष क्षेत्र में नए प्रयोगों एवं अनुसंधान को निरंतर बढ़ावा दे रही है। धरसींवा ब्लाक के ग्राम बरौदा में खेतों की मिट्टी से निकलकर पोलैंड की अंतरराष्ट्रीय वैज्ञानिक प्रयोगशालाओं तक पहुंचे लुमेश साहू की यह सफलता छत्तीसगढ़ के हर युवा और किसान परिवार के लिए गर्व का विषय है। एक किसान के बेटे ने यह साबित कर दिया है कि यदि मन में पक्का इरादा और जुनून हो, तो गांव की गलियों से निकलकर भी दुनिया के सबसे बड़े वैज्ञानिक मंच पर तिरंगा लहराया जा सकता है।

### चांद-मंगल मिशन में मददगार बनेगा शोध

इस चुनौतीपूर्ण और उच्च-स्तरीय प्रशिक्षण के दौरान लुमेश ने अत्यधिक तेज रफ्तार और भारी दबाव वाले माहौल में खुद को संतुलित रखने का हुनर सीखा। उन्होंने उन गंभीर गुरुत्वीय बलों का प्रत्यक्ष अनुभव किया, जिनका सामना लड़ाकू विमानों के पायलटों और अंतरिक्ष यात्रियों को अपने अभियानों के दौरान करना पड़ता है।

इसके साथ ही, उन्होंने अत्यधिक जी-फोर्स के कारण होने वाली बेहोशी से बचाव की उन्नत तकनीकों का भी व्यावहारिक अभ्यास किया। लुमेश साहू का यह वैज्ञानिक शोध आने वाले समय में चंद्रमा और मंगल ग्रह पर भेजे जाने वाले इंसानी मिशनों के लिए बेहद मददगार साबित होगा।

उनके इस अनुभव से यह समझने में आसानी होगी कि अंतरिक्ष के विषम और कठिन माहौल में इंसानी शरीर किस तरह प्रतिक्रिया करता है तथा अंतरिक्ष यात्रियों की सुरक्षा और जीवन रक्षा के लिए किन तकनीकी प्रणालियों की आवश्यकता होगी।

# आत्मानंद स्कूल गिरौद में प्रवेशोत्सव मनाया गया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरपोंगी

छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज द्वारा संचालित स्वामी आत्मानंद विद्यापीठ, गिरौद में शाला प्रवेशोत्सव धूमधाम व में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महापुरुषों के तैलचित्रों की पूजा-अर्चना करके किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं धरसींवा राज के प्रथम समाज सेवक नीलमणी परगनिहा (राजप्रधान) ने पौधारोपण और सुरक्षा पर जोर दिया। इस अवसर पर वक्ताओं ने डॉ. खूबचंद बघेल के जीवन वृत्त पर प्रकाश डाला। शाला प्रवेशोत्सव के तहत नव-प्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर, मिठाई खिलाकर तथा वॉटर बॉटल भेंट कर आत्मीय स्वागत किया गया। इस दौरान नन्हे-मुन्ने बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं ओजस्वी भाषण प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम का संचालन प्राचार्य ईश्वरी वर्मा ने किया। शाला समिति के अध्यक्ष मनीष वर्मा ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर समाज के केंद्रीय मंत्री डॉ. जे. एल. वर्मा, पूर्व राजप्रधान दशरथ वर्मा, उप-राजप्रधान राजेश वर्मा, राजमंत्री धर्मेंद्र वर्मा, सचिव जितेंद्र वर्मा, महिला प्रमुख उषा वर्मा सहित सैकड़ों की संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता एवं स्वजातीय गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### आत्मानंद विद्यालय में कारगिल दिवस मनाया

अभनपुर। पीएमश्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी व अंग्रेजी माध्यम विद्यालय अभनपुर में कारगिल विजय दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने कारगिल विजय दिवस के महत्व पर भाषण देते हुए वर्ष 1999 के कारगिल युद्ध में भारतीय सेना के अदम्य साहस और बलिदान को याद किया। प्राचार्य डॉ. तारा त्रिपाठी के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीत, ओजपूर्ण कविताएं एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। विद्यालय परिवार ने शहीदों को नमन करते हुए उनके सर्वोच्च बलिदान को सदैव स्मरण रखने का संकल्प लिया। प्राचार्य एवं शिक्षकों ने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में राष्ट्रभक्ति, अनुशासन और कर्तव्यनिष्ठा की भावना विकसित करते हैं।

## पेज 11 के शेष...

### जिनकी उपस्थिति ऑनलाइन...

रही है। अतः जुलाई माह से जिन कर्मचारियों का रजिस्ट्रेशन हो गया है, जिनकी उपस्थिति ऑनलाइन अटेंडेंस के माध्यम से की गई, केवल उन्हें ही वेतन आहरित किया जाए। **ऐप की जगह बायोमेट्रिक की मांग :** शिक्षक संघ ने डीपीआई को खत लिखकर पूछा है कि क्या अब शाला के शिक्षक उपस्थिति पंजी में ऑफलाइन उपस्थिति अनिवार्य नहीं है? प्रदेश में बड़ी संख्या में शिक्षकों ने अपने निजी मोबाइल में निजी डेटा के हैक होने के बाद भी वीएसके ऐप डाउनलोड किया हुआ है, जबकि प्रदेशभर के शिक्षकों की यह मांग है कि ऐप के स्थान पर बायोमेट्रिक अटेंडेंस की व्यवस्था की जाए।

### सोशल मीडिया में...

गया है कि पार्टी में केवल सीमित संख्या में मेहमानों को प्रवेश मिलेगा। एंट्री फीस जमा करने के बाद आयोजन स्थल की जानकारी दी जाएगी। हालांकि, पोस्टर में आयोजन स्थल और आयोजकों की स्पष्ट जानकारी सार्वजनिक नहीं की गई है।सोशल मीडिया में पूल पार्टी का पोस्टर जारी होने के बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। पुलिस की साइबर एक्सपर्ट की टीम पता लगाने की कोशिश कर रही है कि पोस्टर किस सोशल मीडिया अकाउंट से जारी किया गया है। बजरंगदल ने दी आंदोलन की चेतावनी पूल पार्टी को लेकर बजरंग दल ने आपत्ति दर्ज की है। संगठन का कहना है कि राजधानी में पहले भी इस तरह की पार्टियों के पोस्टर सामने आ चुके हैं और यदि इस प्रकार का आयोजन किया गया, तो संगठन विरोध करेगा। बजरंग दल के पदाधिकारियों ने कहा कि इस तरह के आयोजनों से शहर का माहौल खराब हो सकता है और प्रशासन को समय रहते सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। अभी तक यह स्पष्ट नहीं हुआ है कि पोस्टर वास्तविक आयोजन से जुड़ा है या केवल प्रचार के उद्देश्य से प्रसारित किया गया है। जांच पूरी होने के बाद ही पूरे मामले की वास्तविकता सामने आएगी।

### खानसामा की करतूत...

किया। चोरी का खुलासा करते हुए एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट की डीसीपी स्मृतिक राजनाला तथा डीसीपी नार्थ दीपमाला कश्यप ने बताया कि कारोबारी पंकज अग्रवाल की शिकायत पर रसोइया महेंद्र यादव तथा उसके साथी पिंटू उर्फ अभिषेक यादव को गिरफ्तार किया है। कारोबारी पंडरी थाना क्षेत्र के मोवा स्थित अशोका आईकान में रहता है। रसोइया मूल रूप से बिहार, बांका का रहने वाला है। महेंद्र को कारोबारी ने इसी महीने 14 जुलाई को अपने यहां रसोइया का काम करने रखा था। **दोनों बाइक पार्क कर रेलवे स्टेशन पहुंचे :** घटना के बाद महेंद्र बैग लेकर बाइक से जयस्तंभ पहुंचा, वहां उसने पार्किंग में बाइक पार्क की। इसके बाद अपने साथी के साथ ऑटो में सवार होकर रेलवे स्टेशन पहुंच कर दोनों समता एक्सप्रेस से नागपुर पहुंचे।

### गरज-गरजकर बरसे...

राज्य में 20 फीसदी की कमी बनी हुई है। जुलाई के महीने में इस बार शुरुआत, मध्य और अंतिम दिनों में तीन मजबूत सिस्टम बना है, जिससे राज्य के मध्य इलाके में काफी जोरों की बारिश हुई है। अभी तीसरा सिस्टम एक्टिव होकर गहरे अवदाब के रूप में उत्तर पश्चिम बंगाल की खाड़ी, उससे लगे पश्चिम बंगाल और उत्तर ओडिशा के ऊपर मौजूद है। इस सिस्टम का सीधा असर छत्तीसगढ़ के मध्य इलाके में होता दिखा रहा है। सोमवार की सुबह वैसे तो धूप-छांव की स्थिति बनी रही, इसके बाद दोपहर होते ही काले बादल छा गए और कुछ देर में जमकर बादल गरजने के साथ बारिश शुरू हुई जो करीब एक घंटे तक जारी रही। शाम पांच बजे के लगभग बारिश थमी। मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार लालपुर मौसम विज्ञान केंद्र के 24.5 की तुलना में नवा रायपुर (माना) में 40 मिमी. पानी गिरा। इसके अलावा मानसून की सक्रियता बिलासपुर, पेंड्रा, अंबिकापुर और दुर्ग में भी दिखाई पड़ी। विशेषज्ञों की माने तो मानसून द्रोणिका माध्य समुद्र तल पर बीकानेर, दतिया, रीवा, डाल्टनगंज, जमशेदपुर, गहरा अवदाब के केंद्र से होते हुए दक्षिण पूर्व की ओर, उत्तर पूर्व बंगाल की खाड़ी तक स्थित है। इसके अलावा एक द्रोणिका उत्तर पश्चिम राजस्थान से छत्तीसगढ़ होते हुए उत्तर पश्चिम बंगाल की खाड़ी तक 3.1 किलोमीटर ऊंचाई पर मौजूद है। 28 जुलाई को भारी वर्षा का क्षेत्र मुख्यतः बिलासपुर संभाग के पूर्व में स्थित जिले तथा उससे लगे रायपुर संभाग के जिले संभावित है।

### चिकित्सा शिक्षा विभाग...

महाविद्यालयों में पांच नए कालेजों को मिलाकर एमबीबीएस की 345 सीटों का इजाफा हुआ है। वहीं निजी सेक्टर में 100 सीटों के नए कालेज के साथ यूजी की 250 सीटें बढ़ी हैं। नीट का परीक्षा परिणाम आने के बाद अब अभ्यर्थियों की नजर काउंसिलिंग प्रक्रिया शुरू होने पर टिकी हुई है जो संभवतः अगले माह यानी अगस्त में शुरू होने की संभावना है। नियम के मुताबिक शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों की कुल सीटों का 15 प्रतिशत अखिल भारतीय नियतांश (कोटा) का होता है, जिसमें प्रवेश की प्रक्रिया दिल्ली से पूरी होती है और शेष 85 फीसदी सीटों पर एडमिशन की काउंसिलिंग राज्य का चिकित्सा शिक्षा विभाग करता है।

# मानस संघ के देवशरण और खिलेश्वरी उपाध्यक्ष मनोनीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग



मां कौशल्या जिला मानस संघ रायपुर की समीक्षा बैठक राजा मोरध्वज मानस शक्ति केंद्र आरंग के तत्वावधान में देवशयनी एकादशी के पावन पर्व पर पीपलेश्वर पंचमुखी महादेव मंदिर प्रांगण में सम्पन्न हुई, जिसमें मानस संघ के पदाधिकारी, संरक्षक रेखराज साहू गुरुजी, नारायण वर्मा, पुराणिक हिरवानी, अध्यक्ष दिलीप सिंह ठाकुर, उपाध्यक्ष यशवंत साहू, सचिव पोयमशरण साहू, कोषाध्यक्ष रोहित साहू, लटेल जसवाल, सोहन साहू, कोमल साहू, विजय पाटेश्वर, सीताराम यादव, मानस लोधी, अवध विश्वकर्मा, परमानंद जलछत्री, अशोक साहू, लक्ष्मीनाथ साहू, गेंदलाल धीवर, भुवन साहू, श्यामलाल साहू, बिसहत साहू, मातृशक्ति जमुना कश्यप, लक्ष्मी वर्मा, रेखा साहू, खिलेश्वरी साहू, रोहनी साहू, जोईधा तारक, सियाराम सिन्हा, नारद साहू, शत्रुहन लोधी, मंदिर पुजारी, जिला मानस संघ एवं शक्ति केंद्र के समस्त पदाधिकारीगण उपस्थित हुए। भगवान पंचमुखी भोलेनाथ का मंत्रोच्चार, पूजा-पाठ, श्रीराम स्तुति एवं आरती कर कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ।

शक्ति केंद्र आरंग के अध्यक्ष सीताराम यादव ने जिला मानस संघ, शक्ति केंद्र के सभी पदाधिकारियों एवं मानस मंडलियों के प्रमुखों का चंदन-वंदन कर हार्दिक अभिनंदन किया। इस कार्यक्रम में मां कौशल्या जिला मानस संघ का 20वां वार्षिक सम्मेलन कुकेरा, धरसीवां में मनाए जाने पर सभी ने एक स्वर में सफल आयोजन के लिए धन्यवाद दिया। मानस संघ के सचिव पोयमशरण साहू एवं कोषाध्यक्ष रोहित साहू ने सालभर के आय-व्यय की जानकारी दी। इस समीक्षा बैठक में ओम बालिका मानस परिवार लखोली के व्याख्याकार एवं समाजसेवी देवशरण साहू तथा भूमिजा मानस परिवार गुड़ियारी रायपुर की गायिका खिलेश्वरी साहू को सर्वसम्मति से जिला मानस संघ का उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया।

## ईश्तहार

पत्र क्रं /32118/ न.पा.नि./जोन क्रं - 10/2026
रायपुर, दिनांक 24/07/2026
नामंतरण प्र.क्र. 32118
**वार्ड का नाम - 52, डॉ. राजेन्द्र प्रसाद वार्ड**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 52 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR446L00392 जो की निगम अभिलेख श्री / श्रीमती SUNIL KUMAR NAYAR, ANIL KUMAR NAYAR पिता / पति श्री/श्रीमती LT. P.V.C. NAYAR के नाम से दर्ज है जिसको श्री / श्रीमती PAMPA SEN पिता / पति श्री/श्रीमती LATE AMAL KUMAR SEN ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार / पंजीकृत विक्रय विलेख / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा / प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे।

**श्री मोनेश्वर शर्मा**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन (10)**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक रायपुर 16**
**तहसील धरसींवा जिला रायपुर**

## :: आम सूचना ::

जारी दिनांक 22.07.2026

**प्रति,**

1. खोरबाहरा सिंह ठाकुर पिता बिसाहू राम सा.देह
2. घसिया उर्फ रामचरण सिंह पिता बिसाहू राम सा.देह
3. पीलाराम ठाकुर पिता बिसाहू राम सा. भिलाई
4. नेतराम सिंह ठाकुर पिता बिसाहू राम सा. देह
5. हेमचंद पिता बिसाहू राम सा. देह
6. नारायण सिंह ठाकुर पिता बिसाहू राम सा. देह

**विषयः**- आवेदक नेतराम ठाकुर पिता बिसाहू राम ठाकुर ग्राम टेकारी प.ह.नं. 23 में धारित खसरा नंबर 631/6, 631/8, 631/5 रकबा क्रमशः 0.595, 0.356, 0.053 हेक्टेयर के सीमांकन के संबंध में।

आपके उपरोक्त विषयांतर्गत भूमि के सीमांकन आवेदन जो कि आवेदक नेतराम ठाकुर पिता बिसाहू राम ठाकुर द्वारा प्रस्तुत किए जाने के उपरांत न्यायालय अतिरिक्त/नायब तहसीलदार धरसींवा रायपुर के आदेश दिनांक 09/07/2026 के परिचालन में आवेदक की भूमि का सीमांकन दिनांक 31/07/2026 को समय 12 बजे पश्चात हमारे द्वारा रखा गया है। चूंकि आपकी उक्त खसरा नम्बर के बटांकनधारी है/ आपकी भूमि आवेदक की भूमि से लगी हुई है इसलिए आप सीमांकन स्थल पर ऊपर उल्लेखित दिनांक व समय पर अपना दस्तावेज लेकर उपस्थित होवें। आपकी अनुपस्थिति में सीमांकन कार्य किया जा सकता है।

सीमांकन उपरांत किसी प्रकार की कोई भी आपत्ति मान्य नहीं होगी। सो सूचना जाने।

**राजस्व निरीक्षक**
**रायपुर-16 सारागांव**

# दो वार्डों में सीसी रोड निर्माण के लिए किया गया भूमिपूजन

**आरंग।** नगर पालिका परिषद आरंग के वार्ड क्र. 2 एवं वार्ड क्र. 10 में लंबे समय से प्रतीक्षित सीसी रोड निर्माण कार्य का शनिवार को विधिवत भूमि पूजन किया गया। भूमि पूजन के साथ ही दोनों वार्डों में सड़क निर्माण की नई सौगात मिलने से स्थानीय नागरिकों में उत्साह का माहौल रहा। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. संदीप जैन ने कहा कि शहर के सभी वार्डों में मूलभूत सुविधाओं का विस्तार नगर पालिका की प्राथमिकता है। चरणबद्ध तरीके से सड़क, नाली, पेयजल और अन्य विकास कार्य कराए जा रहे हैं, ताकि नागरिकों को बेहतर सुविधाएँ मिल सकें। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ चर्म शिल्पकार विकास बोर्ड के अध्यक्ष ध्रुव मिर्धा ने कहा कि प्रदेश सरकार शहरी क्षेत्रों के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है। सीसी रोड निर्माण से आवागमन सुगम होगा और लोगों को वर्षों पुरानी समस्या से राहत मिलेगी। भूमि पूजन कार्यक्रम में पार्षद उमाकांत यादव, संतोष लोधी, नरेंद्र लोधी, वीरेन्द्र (गोलू) कंडरा, पार्षद प्रतिनिधि राकेश सोनकर, विक्रम परमार, खिलेश धुरंधर सहित चैतराम पाल, नरेंद्र (लल्ला) साहनी, नागेंद्र विश्वकर्मा, विष्णु लोधी, जयकुमार साहू, बाबूलाल लोधी, दुर्गेश यादव, ललित यादव, लिलक साहू, प्रेमलाल वर्मा, युगल साहू तथा नगर पालिका के इंजीनियर हरीश मांझी एवं केशनाथ साहू उपस्थित रहे। भूमि पूजन के दौरान जनप्रतिनिधियों और स्थानीय नागरिकों ने निर्माण कार्य को गुणवत्ता के साथ समयबद्ध ढंग से पूरा कराने की अपेक्षा जताई। कार्यक्रम के अंत में सभी ने क्षेत्र के निरंतर विकास के लिए संकल्प व्यक्त किया।



HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
• हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • मानसिक रोग
• त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मूत्र संबंधी रोग
• मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग
• पेट संबंधी विकार • थायराइड मांसपेशी का रोग
• अस्थमा • मोटापा • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
सेक्टर -7 B कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003 | सिटी सेन्टर- कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666 | भिलाई सेन्टर-नेहरू नगर (पूर्व),एसबीआई बैंक के पास, भिलाई(छ.ग.) 95224 66605

न्यू मातृ स्मृति हॉस्पिटल
मेटरनिटी, चिल्ड्रन्स एवं सर्जिकल हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण जांच व परामर्श नार्मल एवं सीजेरियन डिलीवरी
• एवं बच्चेदानी का ऑपरेशन व नसबंदी
• सर्वसुविधायुक्त PICU, NICU, OT
• बच्चों की सभी प्रकार की सर्जरी हर्निया, हाईड्रोसील, सरकम सीजन की सुविधा
• आयुष्मान कार्ड और CSEB से कैशलेस उपचार,
• TPA की सुविधा
माँ और शिशु का विश्वास
डॉ. सी.पी.सिंह (एमबीबीएस, एमडी) शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. नीलिमा सिंह (एमबीबीएस, डी.जी.ओ.) स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें 9009553889, 9090204620
एकता नगर, अम्बेडकर चौक के पास, गुढ़ियारी रायपुर
ब्रांच : मातृ स्मृति मंगल बाजार, गायत्री मंदिर के सामने, गुढ़ियारी, रायपुर

BHASKAR EYE CARE
भास्कर आई केयर
कालामोतिया नजर चुराता है और दर्द भी नही होता!
प्रदेश के प्रसिद्ध ग्लूकोमा विशेषज्ञ द्वारा सम्पूर्ण कालामोतिया जांच एवं उपचार
लेजर एवं बिना टांकों की ग्लूकोमा MIGS सर्जरी • आंखों की सूखती नस का इलाज
EYE PRESSURE (IOP) • GONIOSCOPY • OCT & FIELD TEST
डॉ. दिलीप लालवानी
नेत्र रोग विशेषज्ञ
फेको सर्जन एवं ग्लूकोमा विशेषज्ञ
MOORFIELDS EYE HOSPITAL, LONDON
ARAVIND EYE HOSPITAL, COIMBATORE
निरंकारी सत्संग भवन के पास, हिंद स्पोर्ट्स फुटबॉल ग्राउंड के पास, ईदगाह भाठा, रायपुर (छ.ग.) 07714024989 | 9329124989
AdPRAYAS

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
• मूत्र रोग एवं सर्जरी
• किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
• प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
• यौन संबंधी समस्याएं
• महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

मंगलवार शाम 6:18 बजे प्रारंभ होगी पूर्णिमा
उदया तिथि के आधार पर गुरु पूर्णिमा कल
सूर्य और बुध की युति से निर्मित होगा बुधादित्य राजयोग

# 56 वर्ष बाद दुर्लभ संयोग, बुधादित्य सहित शश और हंस राजयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

56 साल बाद गुरु पूर्णिमा पर दुर्लभ संयोग बन रहा है। इस वर्ष गुरु पूर्णिमा पर बुधादित्य राजयोग बन रहा है। सूर्य और बुध की युति से यह योग प्रभावी होगा। इसके अलावा शश राजयोग और हंस राजयोग जैसे शक्तिशाली संयोग भी बन रहे हैं। ये योग बौद्धिक क्षमता, करियर और मान-सम्मान में वृद्धि करते हैं।

आषाढ़ पूर्णिमा को मनाई जाने वाली गुरु पूर्णिमा सनातन परंपरा में गुरु सम्मान और ज्ञान की साधना का महापर्व है। इस वर्ष यह तिथि ज्योतिषीय दृष्टि से भी अत्यंत विशेष और शुभ मानी जा रही है। ज्योतिषीय गणनाओं के अनुसार, ग्रहों की विशेष स्थिति हंस और शश राजयोग को भी प्रभावी बनाएगी। ज्योतिष शास्त्र में इन योगों को सफलता, ज्ञान, प्रतिष्ठा और उन्नति का कारक माना जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इसी पावन तिथि पर महर्षि वेदव्यास का जन्म हुआ था, इसलिए इसे व्यास पूर्णिमा भी कहा जाता है।

मान्यता है कि भगवान शिव ने इसी दिन आदि गुरु के रूप में सप्तऋषियों को योग का ज्ञान प्रदान किया था। वहीं भगवान बुद्ध ने भी सारनाथ में अपना प्रथम उपदेश इसी तिथि पर दिया था। इस दिन गुरु, माता-पिता और वरिष्ठजनों का सम्मान कर उनका आशीर्वाद लेना विशेष शुभ माना जाता है।

### शुभ मुहूर्त और पूजा का समय

- पूर्णिमा तिथि प्रारंभः 28 जुलाई, शाम 6:18 बजे
- पूर्णिमा तिथि समाप्तः 29 जुलाई, रात 8:05 बजे
- गुरु पूर्णिमा पर्वः 29 जुलाई (उदया तिथि के अनुसार)
- सत्यनारायण कथा एवं गुरु पूजन का शुभ मुहूर्तः प्रातः 5:41 बजे से 9:47 बजे तक



### फलदायी रहेगी कथा

इस शुभ मुहूर्त में गुरु पूजन, मंत्र जाप, ध्यान, दान-पुण्य और सत्यनारायण कथा करना अत्यंत फलदायी माना गया है। वैदिक ज्योतिष में बुधादित्य, हंस और शश राजयोग को अत्यंत प्रभावशाली योग माना जाता है। धार्मिक ग्रंथों और ज्योतिषीय परंपराओं के अनुसार ऐसे योग व्यक्ति के जीवन में सकारात्मक बदलाव और अवसरों को बढ़ावा दे सकते हैं। शहर के मंदिरों सहित गुरु-शिष्य परंपरा का पालन करने वाले आश्रमों में भी इसे लेकर तैयारियां प्रारंभ कर दी गई हैं।

## खबर संक्षेप



### अखंड ब्राह्मण समाज सेवा समिति की हुई बैठक

रायपुर। अखंड ब्राह्मण समाज सेवा समिति की प्रदेश कार्यालय में कार्यकारिणी सदस्यों की बैठक हुई। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष योगेश तिवारी ने संगठन विस्तार एवं आगामी कार्यक्रमों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी समाज के अविवाहित युवक-युवतियों के रिश्ते तय होने में आ रही कठिनाइयों को ध्यान में रखते हुए रायपुर में अविवाहित युवक-युवती, कात्यायनी एवं परित्यक्ता परिचय सम्मेलन का आयोजन नवंबर माह में किया जाएगा। इस सम्मेलन का उद्देश्य योग्य युवक-युवतियों एवं परिवारों को एक मंच प्रदान कर वैवाहिक संबंधों को सुगम बनाना है। बैठक के दौरान संगठन का विस्तार करते हुए प्रदेश अध्यक्ष ने डॉ. मल्लिका मिश्रा को नारीशक्ति प्रकोष्ठ की प्रदेश उपाध्यक्ष, साधना शुक्ला को रायपुर जिला अध्यक्ष, श्वेता शर्मा को रायपुर शहर अध्यक्ष तथा मनोरमा त्रिपाठी को रायपुर जिला उपाध्यक्ष मनोनीत किया।

### राहत पेंशन 1 जुलाई से स्वीकृति करने की मांग

रायपुर। अखिल भारतीय राज्य पेंशनर्स फेडरेशन एवं छत्तीसगढ़ पेंशनर्स समाज के प्रांताध्यक्ष चेतन भारती ने पेंशनरों को 2 प्रतिशत राहत पेंशन 1 जुलाई से स्वीकृति करने की मांग शासन से की है। पेंशनरों को केंद्र शासन के अनुरूप 1 जुलाई से 2 प्रतिशत राहत पेंशन भुगतान के लिए स्वीकृति आदेश जारी नहीं किया गया है, जबकि अनेक राज्य उत्तरप्रदेश, पंजाब, उत्तरांचल, बिहार, ओडिशा एवं झारखण्ड आदि द्वारा आदेश जारी कर दिया गया है। इस संबंध में तत्काल भुगतान आदेश जारी करने की आवश्यकता है। इस मौके पर श्री भारती ने बताया कि छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के निर्णयानुसार राज्य शासन द्वारा 120 दिनों (31 जुलाई) की अवधि में छठवें वेतनमान के 32 माह और सातवें वेतनमान के 27 माह के लंबित एरियर्स का भुगतान करने का आदेश अब तक जारी नहीं किया गया है, जिससे पेंशनर संघों में नाराजगी है। 6 लाख पेंशनरों के हित में उच्च न्यायालय बिलासपुर द्वारा द्वारा ऐतिहासिक निर्णय के क्रियान्वयन प्रदेश के पेंशनरों को राज्य पुनर्गठन अधिनियम के तहत पेंशनरी भुगतान के लिए सहमति की बाध्यता को समाप्त कर दिया गया है।

### पानी पाउच, पानी बोतल फैक्ट्री संचालन पर कार्रवाई

रायपुर। नगर निगम जोन 7 के स्वास्थ्य विभाग की टीम ने तात्यापारा वार्ड के औचक निरीक्षण के दौरान आवासीय क्षेत्र में हरिओम इंडस्ट्रीज द्वारा पानी पाउच और पानी बोतल की फैक्ट्री संचालित किए जाने की शिकायत सही पाए जाने पर दोनों फैक्ट्री के संचालकों पर 25- 25 हजार रुपए ई जुर्माना किया गया। जोन कमिश्नर डॉ तृप्ति पाणीग्रही के मार्गनिर्देशन एवं जोन स्वास्थ्य अधिकारी आत्मानंद साहू की उपस्थिति में जनशिकायत स्थल निरीक्षण के दौरान शिकायत सही मिलने पर सम्बंधित संचालक को भविष्य के लिए कड़ी चेतावनी देते ई जुर्माना कर जनशिकायत का जोन स्तर पर निदान किया गया।

### बेकरी में गंदगी, जुर्माना

रायपुर। नगर निगम जोन 2 के स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा गंदगी से संबंधित जनशिकायत को संज्ञान में लेकर जोन कमिश्नर संतोष पाण्डेय के मार्गनिर्देशन और जोन स्वास्थ्य अधिकारी श्री रवि लवनिया की उपस्थिति में बाजार क्षेत्र में औचक निरीक्षण करने जन शिकायत वाले स्थल पर गंदगी मिली।

विद्युत रीडरों ने भी डगनिया मुख्यालय में किया प्रदर्शन, पूर्व सीएम भूपेश बघेल हुए शामिल

# स्मार्ट मीटर के खिलाफ कांग्रेस ने किया प्रदर्शन, मीटर रीडरों ने भी खोला मोर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

स्मार्ट मीटर की प्रक्रिया को तत्काल बंद करने, लगाए गए स्मार्ट मीटरों को उखाड़ फेंकने और बेतहाशा बढ़े बिजली बिलों को कम करने की मांग को लेकर कांग्रेस ने राजीव गांधी चौक पर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। वहीं मीटर रीडरों ने भी इसे लेकर मोर्चा खोला। मीटर रीडरों के प्रदर्शन में पूर्व सीएम भूपेश बघेल भी शामिल हुए। कांग्रेस ने पुराने बिजली मीटर को कुर्सी पर रखकर उसकी आरती उतारी और उसे पुनः स्थापित करने की प्रार्थना की गई। प्रदर्शन में आम नागरिक और सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए।

धरने में प्रदेश कांग्रेस महामंत्री कन्हैया अग्रवाल ने कहा, स्मार्ट मीटर ने हर वर्ग के व्यक्ति का बजट बिगाड़ कर रख दिया है। जनता ने जिस सरकार को जनहित के लिए चुना था, वह आज अदानी और अपने स्वहित में काम कर रही है। बुलेट ट्रेन से भी तेज रफ्तार से चलने वाले यह स्मार्ट मीटर देर-सबेर बिजली कंपनियों के निजीकरण का ही एक नमूना हैं। स्मार्ट मीटर लगाने की प्रक्रिया पर तुरंत रोक लगे और बढ़े हुए बिलों की जांच कर जनता को राहत दी जाए। असंगठित क्षेत्र समस्या निवारण प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद सिद्दीक ने कहा, भाजपा शासित राजस्थान और उत्तर प्रदेश की जनता पहले ही स्मार्ट मीटरों को उखाड़ चुकी है। छत्तीसगढ़ के कवर्धा से भी इसकी शुरुआत हो चुकी है और अब राजधानी रायपुर सहित पूरे प्रदेश में जनता व कांग्रेसजन इस जबरन थोपे जा रहे स्मार्ट मीटर को उखाड़ फेंकेंगे।



### अंधेर नगरी चौपट राजा : भूपेश

प्रदर्शन में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल शामिल हुए। उन्होंने कहा, स्मार्ट मीटर के कारण लोगों का जीना हराम हो गया है। उन्होंने दावा किया कि स्मार्ट मीटर aलगाना ऐच्छिक है और इसे लगाना अनिवार्य नहीं है। उन्होंने सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा, प्रदेश में 'अंधेर नगरी, चौपट राजा' जैसी स्थिति चल रही है। पूरे सिस्टम में आरएसएस के लोग बैठे हुए हैं और बीजेपी की नीयत ठीक नहीं है। यदि किसी योजना को लागू करने वाला व्यक्ति ही गलत है, तो उसका लाभ लोगों तक नहीं पहुंच सकता।

### सरकारी महापुरुष अभिनंदन के नाम पर लूट : ढेबर

पूर्व महापौर एजाज ढेबर ने कहा, एक तरफ विष्णुदेव साय सरकार महतारी वंदन योजना के तहत महिलाओं को 1,000 दे रही है, तो दूसरी तरफ 'सरकारी महापुरुष अभिनंदन' और स्मार्ट मीटर के नाम पर हर घर से 5,000 की वसूली कर रही है। कांग्रेस शासनकाल की जनहितकारी योजनाओं को बंद करके यह सरकार हर घर को लूटने में लगी है। इस संगठित लूट को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेंगे।

### स्मार्ट मीटर के विरोध में मीटर रीडरों का प्रदर्शन

वहीं दूसरी ओर डगनियां विद्युत मंडल मुख्यालय में मीटर रीडरों ने स्मार्ट मीटर के कारण उनकी नौकरी जाने करे लेकर प्रदर्शन किया। राजधानी रायपुर के डगनियां विद्युत मंडल मुख्यालय में मीटर रीडरों ने स्मार्ट मीटर लगाए जाने के विरोध में प्रदर्शन किया। प्रदर्शन कर रहे मीटर रीडरों ने कहा, स्मार्ट मीटर लगने के बाद मीटर रीडिंग का काम खत्म हो जाएगा, जिससे उनके सामने रोजगार का संकट खड़ा हो सकता है। उन्होंने स्मार्ट मीटर व्यवस्था लागू होने से पहले मीटर रीडरों के भविष्य और रोजगार को लेकर स्पष्ट नीति बनाने की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने कहा, वे लंबे समय से बिजली उपभोक्ताओं के मीटर की रीडिंग का काम कर रहे हैं, ऐसे में स्मार्ट मीटर लागू होने के बाद उनके रोजगार की सुरक्षा सुनिश्चित की जानी चाहिए।

# नोटिस की अनदेखी, अवैध निर्माण पर चला बुलडोजर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ अनुमति विपरीत निर्माण को तोड़ा

रायपुर नगर निगम जोन 8 के डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम वार्ड के विकास नगर गुढ़ियारी में अवैध निर्माण और अनुमति के विपरीत निर्माण को नगर निगम के तोड़ूदस्ते ने जेसीबी मशीन लगाकर तोड़ गिराया। विकास नगर गुढ़ियारी में राकेश साहू द्वारा करीब 1500 वर्गफीट और गोमती वर्मा द्वारा करीब 1200 वर्गफीट में किए गए अनुमति विपरीत निर्माण को तोड़ा गया। इसके अलावा विकास नगर गैस गोडाउन के पास विवेक सिंह द्वारा करीब 1200 वगफीट जमीन और पूजा सरावगी द्वारा करीब 1200 वर्गफीट में निर्माणाधीन भवन को तोड़ने अभियान चलाया गया।

शहर में अवैध निर्माण और अवैध प्लाटिंग को लेकर निगम आयुक्त संबित मिश्रा द्वारा दिए गए निर्देश पर जोनवार अभियान चलाकर तोड़फोड़ की कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में नगर निगम जोन 8 कमिश्नर राजेश्वरी पटेल के नेतृत्व और कार्यपालन अभियंता अतुल चोपड़ा, सहायक अभियंता अमन चंद्राकर, उप अभियंता लोचन चौहान, अबरार खान और नगर निवेश विभाग के टीम की उपस्थिति में अनुमति विपरीत किए गए निर्माण को 3 नोटिस देने और अंतिम सूचना जारी करने के बाद तोड़ा गया।

# मोवा गारमेंट फैक्ट्री को पीपीपी मॉडल पर 30 साल की लीज पर देने आरएफपी तैयार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

महापौर मीनल चौबे ने योजना विभाग के अधिकारियों से चर्चा कर दिए आवश्यक निर्देश



मोवा स्थित गारमेंट फैक्ट्री के पुनर्जीवन, आधुनिकीकरण एवं संचालन के लिए नगर निगम के योजना विभाग ने महापौर मीनल चौबे की पहल पर पीपीपी मोड पर इसे 30 साल के लीज पर देने आरएफपी तैयार किया है।

सोमवार को गांधी सदन में महापौर मीनल चौबे ने नगर निगम योजना विभाग के अधिकारियों से योजना को लेकर विस्तार से चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिए। परियोजना के मुताबिक संस्था का चयन करने से पूर्व राज्य शासन को यह प्रस्ताव स्वीकृति के लिए भेजा जाएगा। स्वीकृति मिलने के बाद ऑनलाइन टेंडर एजेंसी तय की जाएगी। चयनित संस्था को 30 वर्ष की लीज़ पर फैक्ट्री परिसर उपलब्ध कराया जाएगा। चयनित संस्था अपने व्यय पर आवश्यक मशीनरी की स्थापना, आधुनिकीकरण, संचालन एवं रखरखाव का कार्य करेगी, जिससे बंद पड़ी गारमेंट फैक्ट्री का पुनः संचालन सुनिश्चित हो सकेगा। महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के मकसद से तैयार हुई इस परियोजना से महिलाओं के लिए बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर सृजित होंगे, तथा स्थानीय युवाओं को भी रोजगार एवं कौशल विकास का लाभ मिलेगा। परियोजना के क्रियान्वयन में उद्योग विभाग का सहयोग प्राप्त होगा तथा राज्य शासन की औद्योगिक नीतियों के अनुरूप वस्त्र एवं रेडीमेड गारमेंट उद्योग को बढ़ावा मिलेगा।

### परियोजना को शीघ्र धरातल पर लाने प्रारंभ

इस पहल से नगर निगम की निष्क्रिय परिसंपत्ति का प्रभावी उपयोग सुनिश्चित होगा, स्थानीय औद्योगिक गतिविधियों को नई गति मिलेगी तथा नगर निगम की आय में भी वृद्धि होने की संभावना है। नगर निगम द्वारा इस महत्वाकांक्षी परियोजना को शीघ्र धरातल पर उतारने के लिए आवश्यक प्रक्रियाएं प्रारंभ कर दी गई हैं।

# सीएम ने कहा- शासकीय योजनाओं की सफलता तभी, जब उनका लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा, गांवों के समग्र विकास, अधोसंरचना को मजबूत करने और योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन करने यदि ग्राम पंचायतें सशक्त हों, गांव आत्मनिर्भर बनें और प्रत्येक ग्रामीण विकास की प्रक्रिया का सहभागी बने, तभी विकसित छत्तीसगढ़ का संकल्प वास्तविक रूप ले सकेगा। ग्राम पंचायतों को केवल योजनाओं के क्रियान्वयन की इकाई नहीं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन, आर्थिक समृद्धि और आत्मनिर्भर ग्रामीण अर्थव्यवस्था के केंद्र के रूप में विकसित करना होगा।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सोमवार को नवा रायपुर स्थित एसआईआरडी परिसर, निमोरा में आयोजित प्रदेश के सभी जिला पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक एवं कार्यशाला का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने कहा, सुशासन का वास्तविक अर्थ यही है कि शासन की योजनाओं का लाभ बिना किसी भेदभाव के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। ग्राम पंचायतें जनभागीदारी के माध्यम से आत्मनिर्भर गांव बनाने का सबसे प्रभावी मंच हैं। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा, शासकीय योजनाओं की वास्तविक सफलता तभी मानी जाएगी, जब उनका लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे और गांव का प्रत्येक नागरिक स्वयं विकास यात्रा का सक्रिय भागीदार बने। उन्होंने कहा,1 जुलाई से लागू विकसित भारत जी राम जी योजना ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने वाली महत्वपूर्ण पहल है।

जिला पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक

### बस्तर के अंतिम गांव तक पहुंचे विकास

मुख्यमंत्री ने विशेष रूप से बस्तर संभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा, दूरस्थ और दुर्गम क्षेत्रों में विकास कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता से किए जाएं। उन्होंने कहा, जिन गांवों तक कभी पहुंचना कठिन था, वहां अब सड़क, बिजली, आवास, राशन, पेयजल, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधाएं तेजी से पहुंच रही हैं। सरकार का लक्ष्य विकास की रोशनी अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है।



### अब लक्ष्य करोड़पति दीदी

मुख्यमंत्री ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में महिला सशक्तिकरण को नई दिशा मिली है। छत्तीसगढ़ में अब तक 10 लाख 40 हजार से अधिक महिलाएं लखपति दीदी बन चुकी हैं। अब सरकार उन्हें उद्यमिता, कौशल विकास और स्वरोजगार से जोड़कर बड़ी संख्या में करोड़पति दीदी बनाने की दिशा में आगे बढ़ रही है। उन्होंने जिला पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देश दिए कि पात्र महिलाओं की पहचान कर उन्हें स्व-सहायता समूहों, कौशल विकास, आजीविका गतिविधियों और नई औद्योगिक नीति से उत्पन्न अवसरों से जोड़ा जाए।

### हिवड़े बाजार मॉडल ने दिखायी जनभागीदारी की ताकत

कार्यशाला में पद्मश्री पोपटराव पवार ने हिवड़े बाजार की परिवर्तन की यात्रा साझा करते हुए बताया कि वर्ष 1989 में गांव जल संकट, पलायन, बेरोजगारी और सामाजिक समस्याओं से जूझ रहा था। जनसहभागिता, अनुशासन, जल संरक्षण और प्राकृतिक संसाधनों के वैज्ञानिक प्रबंधन के माध्यम से गांव का व्यापक विकास किया गया। आज गांव में पलायन समाप्त हो चुका है, बीपीएल परिवार नहीं हैं, प्रतिदिन लगभग पांच हजार लीटर दूध का संग्रहण होता है तथा प्रति व्यक्ति आय लगभग नौ लाख रुपये तक पहुंच चुकी है।

# शून्य परसेंटाइल पर बीएससी नर्सिंग में प्रवेश, हाईकोर्ट के फैसले के बाद भी शुरू नहीं हो सकी काउंसिलिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शून्य परसेंटाइल पर बीएससी नर्सिंग में एडमिशन का मौका देने हाईकोर्ट के आदेश के बाद भी चिकित्सा शिक्षा विभाग चुप्पी साधे हुए है। अपने फैसले में न्यायालय ने काउंसिलिंग की प्रक्रिया 15 दिन में शुरू करने का निर्देश दिया था। प्राइवेट नर्सिंग कालेज एसोसिएशन ने 35 फीसदी सीटों के खाली रहने की वजह से इस मामले में न्यायालय की शरण ली थी। पिछली बार इस पाठ्यक्रम में एडमिशन के लिए न्यूनतम योग्यता 10 परसेंटाइल तय किया था।

वर्ष 2025-26 की काउंसिलिंग के दौरान बड़ी संख्या में सीट खाली रहने पर नर्सिंग कालेजों की डिमांड पर शासन 10 परसेंटाइल वालों को बीएससी नर्सिंग में एडमिशन का मौका दिया था। अनुमान के विपरीत निर्णय होने की वजह कालेजों में 35 फीसदी सीटें खाली रह गई थीं। वहीं करीब 3 हजार अभ्यर्थी अपनी पढ़ाई से चूक गए थे। इस मामले में उच्च न्यायालय में लगाई गई याचिका में सुनवाई के बाद फैसला दिया गया था कि पूर्व वर्षों की तरह शून्य परसेंटाइल पर एडमिशन को मान्य किया जाए और खाली सीटों पर प्रवेश के लिए पुनः काउंसिलिंग कराई जाए। हाईकोर्ट ने इस आदेश का पालन करने के लिए चिकित्सा शिक्षा विभाग को 15 दिन का समय भी दिया था। वर्तमान में वह समय बीत चुका है मगर चिकित्सा शिक्षा विभाग की चुप्पी खत्म नहीं हुई है। इस मामले में निजी नर्सिंग कालेज एसोसिएशन से जुड़े पदाधिकारियों का कहना है कि आदेश का पालन नहीं होने पर आदेश की अवमानना का मामला न्यायालय में दायर किया जाएगा। वहां चिकित्सा शिक्षा विभाग के अधिकारियों का कहना है कि इस मामले में विधि विशेषज्ञों से रायशुमारी की जा रही है।

### कालेजों को मान्यता सीजीएनआरसी की टीम नहीं बनी

इधर व्यावसायिक परीक्षा मंडल की प्रवेश परीक्षा को महीनेभर का वक्त बीत चुका है मगर वर्ष 2026-27 की प्रवेश प्रक्रिया के लिए नर्सिंग कालेजों के निरीक्षण के मामले में विभागीय सुस्ती नजर आ रही है। इसके लिए छत्तीसगढ़ नर्सिंग रजिस्ट्रेशन काउंसिल को टीम का गठन किया जाना है जो अब तक नहीं हुआ है। सीजीएनआरसी की प्रक्रिया के बाद आयुष विश्वविद्यालय इन कालेजों को संबद्धता प्रदान करता है। विभागीय सुस्ती की वजह ने निजी कालेज प्रबंधन भी चिंतित नजर आ रहे हैं।

■ उच्च न्यायालय ने दिया था 15 दिन का वक्त, 35 फीसदी सीटें रह गईं खाली



### इस बार नौ शासकीय नर्सिंग कालेज भी

*राज्य में इस बार नौ शासकीय नर्सिंग कालेज भी खोलने की तैयारी है। इन कालेजों को स्थापित करने के लिए शासन की ओर से विभिन्न पदों पर भर्ती की प्रक्रिया भी पूरी की जा रही है। बलरामपुर, बैकुंठपुर, बीजापुर, दंतेवाड़ा, जांजगीर-चांपा, जशपुर, कुरुद, पुसौर के साथ नया रायपुर अटल नगर में इसकी स्थापना की जानी है। इन कालेजों के शुरू होने के बाद राज्य में सरकारी नर्सिंग कालेजों की संख्या 17 हो जाएगी। इससे बीएससी सहित अन्य पाठ्यक्रम की नर्सिंग सीटों में इजाफा हो जाएगा।*



# हरिभूमि लाइव

रायपुर, मंगलवार 28 जुलाई 2026

Email id- zindgi.live.hb@gmail.com

0771- 4242222, Message at - 9630172937


02



बच्चों का ग्रीन डे सेलिब्रेशन होगा खास...

## लाइव इवेंट

## एकादशी पर गीतों और भजनों से सजाई संगीत की महफिल



**रायपुर।** गणेश वंदना 'प्रथम तुला वंदितो कृपाला, गजानना गणराया' के सामूहिक गायन से शुरू हुआ सुमधुर भक्तिमय 'अभंगवारी की धूम देर तक महाराष्ट्र मंडल में रही। संगीत की इस महफिल में फनकारों ने रसिकों को मंत्रमुग्ध किया। मंडल के सर्वाधिक प्रतिष्ठित व स्थापित संगीतमय आयोजनों में एक आषाढ़ी एकादशी पर आयोजित विट्ठल पांडुरंग की भक्ति से सजा यह आयोजन संत ज्ञानेश्वर सभा गृह में श्रोताओं की गरिमामय उपस्थिति में हुआ। चंद्रशेखर सुरावधनी के मागदर्शन में अभंगवारी में बेहद सधा हुआ मंच संचालन गौरी क्षीरसागर ने किया। वहीं सुप्रसिद्ध गायक बंधु रमेश और सुरेश पालकर के साथ अध्यक्ष अजय काले व अनिल कालेले ने मां सरस्वती के फोटो पर माल्यार्पण और दीप प्रज्जवलित करते हुए 'अभंगवारी' का शुभारंभ किया।

### सुमधुर गीतों से कलाकारों ने लूटी वाहवाही, जमाया रंग

गणेश वंदना के सुंदर सामूहिक गायन के साथ ही सरस्वती वंदना में भी सभी गायकों- गायिकाओं ने स्वर देकर 'अभंगवारी' का परंपरिक आगाज किया। चंद्रशेखर सुरावधनीवार की 'ज्ञानीयांचा राजा.' और 'विष्णुमय जग' की दिलकश पेशकश से सभागृह तालियों से गूंज उठा। गरिमा के अनुसार कल्याणी देसाई ने 'टाल बोले चिपलीला' की प्रस्तुति से ध्यान खींचा। प्रभावी आवाज से 'बोलावा विट्ठल...' से भी श्रोताओं को भी 'विट्ठल, विट्ठल, विट्ठल, विट्ठल' का उच्चारण कराते हुए अपने गीत में शामिल किया। मराठी भक्ति और भाव गीतों के लिए प्रसिद्ध हिना देशपांडे ने अपने नाम के अनुरूप 'सुंदर ते ध्यान...' और 'अबीर गुलाल उधलित रंग... की प्रभावशाली प्रस्तुति दी।



## चार महीने विविध धार्मिक आयोजनों और भगवान शिव की आस्था के महीने को खास बनाने सजा बाजार

# आस्था के साजो-सामान की डिमांड ने बाजार में बढ़ाई रौनक, पूजा कक्ष सजाने फूलों और मोतियों की माला



शहर के प्रमुख बाजारों में त्योहारी सीजन के चलते आस्था और उत्साह का अनोखा संगम देखने को मिल रहा है, जहां विशेष पूजा और श्रृंगार सामग्री की आवक और पूछ-परख बढ़ने से बाजार भी गुलजार हो चुके हैं। माता रानी और देवी-देवताओं के लिए विशेष रूप से तैयार चुनरियां, राजस्थानी गोटा-पट्टी वाले वस्त्र, मुकुट, और मोतियों का हार बाजार में आकर्षण का केन्द्र है। सावन के लिए शिव-नंदी प्रिंटेड टी-शर्ट, ध्वज बाजार की शोभा बढ़ा रहे हैं। डमरू, लड्डू गोपाल के लिए तैयार की गई श्रृंगार सामग्री और अंग वस्त्रों की विविध वैरायटी लोगों को मिल रही है।

**रायपुर।** इस बार भी सावन और तीज-त्योहारों को देखते हुए गोल बाजार,सदर बाजार और मालवीय रोड जैसे व्यापारिक केंद्रों में ग्राहकों की भीड़ उमड़ रही है। इस बार बाजारों में पारंपरिक सामग्रियों के साथ आधुनिक और रेडीमेड पूजा किट की मांग सबसे ज्यादा देखी जा रही है। बाजार में आस्था से जुड़ी पूजा सामग्री और त्योहारों को खास बनाने के लिए डिमांड है। थोक और खुदरा बाजारों में कई विशेष प्रोडक्ट लाए गए हैं। इनमें आकर्षक श्रृंगार सामग्री में देवी-देवताओं के लिए विशेष रूप से तैयार की गई चुनरी, राजस्थानी गोटा-पट्टी वाले वस्त्र, मुकुट, और मोतियों की माला की डिमांड है। वहीं बाजारों में आगामी त्योहारों और अनुष्ठानों के मद्देनजर आस्था को उत्सव का रूप देने के लिए विशेष पूजा सामग्री, आकर्षक श्रृंगार और सजावटी सामानों की भरमार है। लोग पूजन सामग्री और सुहाग के सामान खरीदने पहुंच रहे हैं।





### आध्यात्मिक सजावटी प्रोडक्ट की पूछपरख

शहरी परिवेश में भाग-दौड़ भरी जिंदगी में लोगों के पास समय की कमी को देखते हुए व्यापारियों ने पैक्ड पूजा किट उपलब्ध करवा रहे हैं। इसमें हवन सामग्री, धूप, अक्षत, रोली, और कपूर जैसी सभी जरूरी सामग्री का समायोजन किया है। इको-फ्रेंडली दीये, बर्तन और मिट्टी के पारंपरिक कुंभ, डिजाइनर दीयों के साथ पीतल और तांबे के नक्काशीदार बर्तनों की खूब बिक्री हो रही है। आध्यात्मिक सजावटी आइटम की पूछ-परख भी बढ़ गई है। अरिहंत जैन, दिनेश साहू ने बताया कि घरों और पूजा पंडालों को सजाने के लिए तोरण, कृत्रिम फूलों की माला और एलइडी लाइट्स की नई वैरायटी ग्राहकों को आकर्षित कर रही है।



### सावन में आराध्य देव को सजाने का सामान

व्यापार में उछाल के चलते दुकानदारों के पास ग्राहकी बढ़ने से उत्साह का माहौल है। इस साल लोगों में त्योहारों को लेकर जबरदस्त उत्साह है, जिससे व्यापार में पिछले वर्षों की तुलना में बेहतर उछाल देखने को मिल रहा है। महंगाई के बावजूद श्रद्धा और आस्था का पलड़ा भारी है। दुकानदारों ने कहा कि लोग शुभ मुहूर्त के हिसाब से खरीदारी करने के लिए बाजारों का रुख कर रहे हैं। ग्रामीण इलाकों से भी बड़ी संख्या में लोग सामग्री लेने पहुंच रहे है। सावन में आराध्य देव को सजाने का सामान लोग तलाशने के लिए पहुंच रहे हैं। पूजाघर को सजाने के लिए लोग आर्टिफिशियल फूलों और मोतियों की माला के साथ ही आराध्य देवी-देवता के लिए अंग वस्त्र भी खरीदने पहुंच रहे हैं।

## सिटी इवेंट

## एनआईटी में ह्यूमन राइट्स क्लब स्थापना से बढ़ेगी स्टूडेंट्स की भागीदारी



**रायपुर।** एनआईटी में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग भारत सरकार की टीम ने दौरा किया। इस दौरान आयोग के विशेष मानवाधिकार पर्यवेक्षक प्रो. कन्हैया त्रिपाठी शामिल हुए। सभा को संबोधित करते हुए प्रो. त्रिपाठी ने एनआईटी में मानवाधिकारों की संस्कृति को और सुदृढ़ बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए। उन्होंने मानवाधिकारों के प्रति जागरूकता और विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी बढ़ाने ह्यूमन राइट्स क्लब की स्थापना तथा संस्थान की मानवाधिकार संबंधी पहलों और श्रेष्ठ कार्यों को संकलित करने वाली एक पुस्तक प्रकाशित करने का प्रस्ताव रखा। उन्होंने आपसी सम्मान और संवाद की भावना के साथ अन्याय के विरुद्ध सकारात्मक एवं रचनात्मक तरीके से आवाज उठाने की आवश्यकता पर बल दिया। साथ ही महिलाओं के अधिकारों, लैंगिक समानता तथा सुरक्षित एवं समावेशी परिसर के निर्माण के महत्व को भी रेखांकित किया। वहीं समापन संबोधन में प्रो. समीर बाजपेयी, निदेशक एनआईटी ने प्रो. त्रिपाठी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संस्थान उनके महत्वपूर्ण सुझावों को लागू करने के लिए गंभीर प्रयास करेगा और मानवाधिकार, समावेशिता तथा छात्र कल्याण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को और अधिक सुदृढ़ बनाएगा।

### मानवाधिकार विषय पर एआई आधारित पाठ्यक्रम

उन्होंने मानवाधिकार एवं सामुदायिक कल्याण के क्षेत्र में योगदान देने वाले चिकित्सकों और विद्यार्थियों को प्रोत्साहित एवं सम्मानित करने की भी अनुशंसा की। स्वास्थ्य एवं समग्र कल्याण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने स्वच्छता, पोषण, स्वास्थ्य तथा समग्र जीवन-शैली से संबंधित जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने और उभरती नैतिक चुनौतियों से निपटने के लिए मानवाधिकार विषय पर कृत्रिम बुद्धिमत्ता एआई आधारित पाठ्यक्रम प्रारंभ करने का सुझाव दिया। उन्होंने तृतीय लिंग के समावेशन एवं सशक्तिकरण पर भी विशेष बल दिया तथा अपने संबोधन के अंत में सभी से समानता, पारस्परिक सहयोग और सामाजिक सद्भाव की भावना के साथ मिलकर प्रगति की दिशा में कार्य करने का आह्वान किया।

### विद्यार्थियों के लिए फीडबैक सत्र का आयोजन भी

*कार्यक्रम का समापन एक संवादात्मक फीडबैक सत्र के साथ हुआ, जिसमें प्रतिभागियों ने अपने विचार साझा किए तथा संस्थान में मानवाधिकार जागरूकता और उससे संबंधित गतिविधियों को और प्रभावी बनाने के उपायों पर चर्चा की। प्रस्तुति में एनआईटी द्वारा सुरक्षित, समानतापूर्ण और प्रगतिशील शैक्षणिक वातावरण के निर्माण के लिए किए जा रहे कार्यों को रेखांकित किया गया।*

## कारगिल विजय दिवस पर विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीत गाकर जवानों को किया याद

**रायपुर।** पं. हरिशंकर शुक्ल स्मृति महाविद्यालय में कारगिल विजय दिवस पर देशभक्ति गीत प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपने मधुर स्वरों से देशप्रेम एवं राष्ट्रभक्ति की अनुपम प्रस्तुति दी। प्रतिभागियों ने विभिन्न देशभक्ति गीतों के माध्यम से कारगिल युद्ध के वीर शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की तथा भारतीय सेना के पराक्रम एवं बलिदान को नमन किया। कार्यक्रम में देशभक्ति गीतों से विद्यार्थियों एवं शिक्षकों में देश के प्रति समर्पण और कर्तव्यबोध की भावना से सराबोर हुए। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. ममता शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि कारगिल विजय दिवस हमें हमारे वीर सैनिकों के अदम्य साहस और राष्ट्र के प्रति समर्पण की याद दिलाता है। उन्होंने विद्यार्थियों से राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए अपने जीवन में अनुशासन, सेवा एवं देशभक्ति के मूल्यों को अपनाने का आव्हान करते हुए देश विरोधी ताकतों से दूर रहने कहा। कार्यक्रम का सफल आयोजन महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, सेल्फ हेल्प ग्रुप एवं इक्वल अपार्चुनिटी सेल के सहयोग से किया गया। अंत में सभी प्रतिभागियों, निर्णायकों एवं आयोजकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। देशभक्ति गीत प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर आरंभ ग्रुप, द्वितीय एकता ग्रुप एवं तृतीय वतन ग्रुप ने हासिल किया।



**युवा पीढ़ी के लिए वीर सैनिक आदर्श और प्रेरणा :** महाविद्यालय के चेयरमैन सुशील शुक्ला ने अपने संदेश में कहा कि कारगिल विजय दिवस केवल एक ऐतिहासिक विजय का प्रतीक नहीं, बल्कि यह हमारे वीर सैनिकों के अद्वितीय त्याग, शौर्य और राष्ट्रनिष्ठा का स्मरण कराने वाला दिवस है। युवा पीढ़ी को उनके आदर्शों से प्रेरणा लेकर राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए।

## सदाबहार गीतों से सजी सुर संगम की संगीतमयी शाम

**रायपुर।** सुर संगम म्यूजिकल ग्रुप ने शहीद स्मारक भवन में अपना 17वां लाइव ऑर्केस्ट्रा कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम महान पार्श्व गायक किशोर कुमार और मोहम्मद रफी की याद में समर्पित रहा। इस दौरान कलाकारों ने उनके लोकप्रिय गीतों की शानदार प्रस्तुतियां देकर श्रोताओं का भरपूर मनोरंजन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि संजय श्रीवास्तव तथा विशिष्ट अतिथि गुरप्रीत सिंह बावरा मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरुआत सुर संगम के सभी कलाकारों ने सामूहिक रूप से 'थोड़ा है, थोड़े की जरूरत है' गीत से की। इसके बाद सुजय श्रीवास्तव ने 'अकेले हैं चले आओ', आयुषी सोनी ने 'बाबूजी धीरे चलना', राजीव अवधिया और जसविंदर सग्गू ने 'वक्त की हेराफेरी है', विनीत सोनी और मोना भामकर ने 'तू प्यार तू प्रीत', धैर्य त्रिपाठी ने 'जाने वालों जरा मुड़ के देखो मुझे', जबकि जितेंद्र विश्वकर्मा और अजुलका सक्सेना ने 'करवटें बदलते रहे हम' गीत प्रस्तुत कर खूब तालियां बटोरीं। कार्यक्रम के दौरान कुल 26 गीतों की प्रस्तुति दी गई। देर रात 11.30 बजे तक चले इस संगीतमय आयोजन में श्रोताओं ने सदाबहार गीतों का भरपूर आनंद लिया और कलाकारों का उत्साहवर्धन किया।

**शहीद स्मारक भवन में लाइव ऑर्केस्ट्रा के साथ 26 गीतों की प्रस्तुति, देर रात तक झूमे श्रोता**

## शिवलिंग, शिव-पार्वती, नंदी, नागदेवता की सुंदर मूर्तियों सहित कलश, दीपक और धूपदानी की खूब खरीदारी

# सावन में शिवजी-पार्वती की मनमोहक नक्काशीदार पंचधातु, स्टोन-मिट्टी से बनी मूर्तियों की बढ़ी डिमांड

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** सावन के महीने में शिवभक्त पीतल धातु और मिट्टी से बनी शिव-पार्वती की मूर्ति खरीदना शुभ मानते हैं। लोग अपने घर और मंदिरों में शिवजी की मूर्ति स्थापित करते हैं। शहर के बाजारों में भगवान शिव और माता पार्वती से जुड़ी मूर्तियों और पूजन सामग्री की बिक्री में वृद्धि देखी जा रही है। सोमवार को शहर के गोलबाजार की पीतल, धातु, स्टोन से बनी बारीक नक्काशी वाली मूर्तियों की दुकानों पर खरीदारों की भीड़ देखने को मिली। पीतल मूर्तियों के कारोबारी किशन अग्रवाल ने बताया कि भगवान भोलेनाथ के शिव परिवार की डिमांड वैसे तो शिवरात्रि पर बहुत होती है, लेकिन सावन का महीना भी भगवान शिव के लिए समर्पित होता है। इसलिए शिव परिवार की डिमांड भी बहुत अच्छी देखने को मिल रही है। वहीं पुरानी बस्ती और कालीबाड़ी चौक पर मिट्टी के बर्तन स्टॉल पर मिट्टी की सुंदर मूर्तियां, शिवलिंग, पार्वती, नंदी, नागदेवता, कलश, दीपक और धूपदानी जैसी सामग्री की खूब खरीदारी हो रही है। दुकानदार विजय कुंभकार ने ने बताया कि सावन के पूरे महीने इन वस्तुओं की भारी मांग रहती है। विशेष रूप से सावन में सोमवार को श्रद्धालु भगवान शिव की विशेष पूजा करते हैं। इस दिन इन सामग्री की बिक्री कई गुना बढ़ जाती है। दुकानदारों का कहना है कि सावन उनके लिए त्योहार जैसा होता है। इस महीने में भगवान शिव की कृपा से अच्छा व्यापार और मुनाफा मिल रहा है।







### कारोबारियों में खासा उत्साह

30 जुलाई से शुरू होने वाले सावन के सोमवारों और 11 अगस्त तक चलने वाली कांवड़ यात्रा के कारण मूर्तियों की मांग में लगातार वृद्धि हो रही है। कांवड़ सजाने, मंदिरों में स्थापित करने और धार्मिक उपहार के रूप में शिव प्रतिमाएं भेंट करने की परंपरा से बाजार में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। भगवान शिव की पीतल प्रतिमाओं की बढ़ती मांग से कारोबारियों और कारीगरों के लिए उत्साह देखा जा रहा है। लोगों की श्रद्धा और पूजा-पाठ में बढ़ती रुचि से स्थानीय कारीगरों को भी रोजगार का अच्छा अवसर मिल रहा है। सावन के पावन अवसर पर शहर के बाजारों में धार्मिक उत्साह और व्यापारिक रौनक दोनों देखने को मिल रही है। श्रद्धालु भक्ति में लीन हैं और दुकानदार अपने कारोबार में व्यस्त नजर आ रहे हैं।

### साइज-वजन के हिसाब से मेटल की मूर्तियों की कीमत

शिवलिंग, शिव-पार्वती, नंदी और नागदेवता की सुंदर मूर्तियों की कीमत 150 से शुरू होकर आकार और सामग्री के आधार पर 5000 या उससे अधिक तक तय है। घर के मंदिर या कार डैशबोर्ड के लिए मेटल फिनिश छोटी मूर्तियां, जिसकी साइज 2 से 5 इंच है, इसकी कीमत 150 से 500 रुपए के बीच है। इसी तरह से शिव परिवार या नंदी-शिवलिंग सेट पंचधातु की 4 से 8 इंच साइज की मूर्तियां, जिसकी कीमत 1,500 से 6,500 रुपए तक है। कारीगरी और शुद्धता के अनुसार सफेद या काला संगमरमर 1 से 2 फीट, जिसकी कीमत 12,000 से 45,000 के बीच है। मंदिर या बड़े हॉल के लिए पत्थर बड़ी और विशेष मूर्तियों की कीमत 35,000 से 1,40,000 रुपए तक है।

**धर्म लाइव**

# दीक्षा दिवस पर गूंजा धर्म और साधना का संदेश



**रायपुर।** आत्म उत्क्रांति आध्यात्मिक चातुर्मास-2026 के अंतर्गत सोमवार को श्री जिनकुशलसूरि जैन दादाबाड़ी में कैवल्यधाम तीर्थ प्रेरिका एवं छत्तीसगढ़ में लगभग 40 मंदिरों और दादाबाड़ियों के निर्माण की प्रेरणादात्री निपुणा श्रीजी महाराज साहिबा का 54वां दीक्षा दिवस श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सामूहिक धार्मिक आयोजन कर श्रद्धालुओं ने उनके प्रति अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की।कार्यक्रम का आयोजन प्रातः 8.45 बजे पूज्य मंजुला श्रीजी महाराज साहिबा की पावन निश्रा में हुआ। इस दौरान सामायिक सहित विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हुए। सामायिक के माध्यम से आत्मचिंतन, पापों के प्रायश्चित, स्वाध्याय, कर्मों की निर्जरा तथा जीवन में मैत्री, करुणा और समता के भाव विकसित करने का संदेश दिया गया।दीक्षा दिवस पर समाजजनों ने पूज्य निपुणा श्रीजी म.सा. का भावपूर्ण स्मरण करते हुए उनके व्यक्तित्व और धर्मसेवा को नमन किया। श्रद्धालुओं ने कहा कि उनका जाना समाज के लिए अपूरणीय क्षति है, लेकिन उनके संस्कार, प्रेरणाएं और धार्मिक कार्य आज भी समाज का मार्गदर्शन कर रहे हैं।

### गुणों का वर्णन शब्दों में संभव नहीं

इस अवसर पर मुनि संवेगरत्न सागर ने कहा कि पूज्य निपुणा श्रीजी म.सा. के गुणों का वर्णन शब्दों में संभव नहीं है। उनके जीवन से समाज को सेवा, साधना, त्याग और जिनशासन के प्रति समर्पण की प्रेरणा मिलती रहेगी। उन्होंने कहा कि उनके सान्निध्य और प्रेरणा से छत्तीसगढ़ के विभिन्न क्षेत्रों में लगभग 40 मंदिरों और दादाबाड़ियों का निर्माण हुआ, जो आज समाज की धार्मिक और आध्यात्मिक गतिविधियों के प्रमुख केंद्र हैं। कार्यक्रम में श्री ऋषभदेव मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष विजय कांकरिया, कार्यकारी अध्यक्ष अभय भंसाली, आत्म उत्क्रांति आध्यात्मिक चातुर्मास-2026 समिति के अध्यक्ष बसंत लोढ़ा सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

**सिटी लाइव**

# महिलाओं को अभया से जोड़ने और सशक्त बनाने किया प्रयास



**रायपुर।** वीर फाउंडेशन द्वारा आयोजित अभया 2026 की कड़ी में कन्या सुरक्षा, महिला सशक्तिकरण, कानूनी अधिकार, आत्मरक्षा और साइबर सुरक्षा एवं व्यक्तित्व विकास पर आधारित विशेष प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन शांतिनगर स्थित विमतारा में किया गया। इस कार्यशाला में जैन समाज की महिलाओं, युवतियों एवं बालिकाओं ने उत्साह से सहभागी बनी। कार्यक्रम में पूर्व न्यायाधीश छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय गौतम चौरड़िया, पूर्व प्रधान जिला न्यायाधीश एवं पूर्व रजिस्ट्रार जनरल नीलम चंद सांखला, पुलिस उपायुक्त उत्तर जोन रायपुर की दीपमाला कश्यप और प्रख्यात मोटिवेशनल स्पीकर प्रफुल्ल पारख ने प्रेरणादायी उद्बोधन दिए। श्रीमती कश्यप ने महिलाओं एवं बालिकाओं को साइबर अपराध, ऑनलाइन ठगी, सोशल मीडिया सुरक्षा एवं डिजिटल जागरूकता के संबंध में विस्तार से जानकारी दी।

### व्यक्तित्व विकास पर प्रभावी मार्गदर्शन प्रदान किया

श्री पारख ने आत्मरक्षा, आत्मविश्वास एवं व्यक्तित्व विकास पर प्रभावी मार्गदर्शन प्रदान किया। श्री सांखला ने कानूनी अधिकार, महिला सुरक्षा कानून एवं न्यायिक संरक्षण के सभी पहलुओं पर प्रकाश डाला। वहीं श्री चौरड़िया ने महिलाओं एवं बच्चों से संबंधित कानूनों की उपयोगी जानकारी देते हुए बताया कि कानूनी जागरूकता ही सुरक्षित समाज की सबसे बड़ी शक्ति है। कार्यक्रम का आकर्षण कानूनी तम्बोला रहा, जिसका संचालन जैन एडवोकेट्स ग्रुप द्वारा किया गया। आयोजक एवं वीर फाउंडेशन के अध्यक्ष प्रवीण जैन ने कहा कि अभया केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि समाज में कानूनी सजगता बढ़ाने का एक सतत अभियान है।

**आराधना**

# गुरुपूर्णिमा से 27 अगस्त तक चलेगा रुद्राभिषेक महोत्सव

**रायपुर।** विश्व जागृति मिशन द्वारा परसदा स्थित ब्रह्मलोक आश्रम में गुरु पूर्णिमा के अवसर पर 27 अगस्त तक विशेष रुद्राभिषेक महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस अवधि में प्रतिदिन भगवान शिव का वैदिक मंत्रोच्चार के साथ रुद्राभिषेक और पूजन एवं आध्यात्मिक आयोजन किए जाएंगे। इसी क्रम में 29 जुलाई को सुबह भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। इसमें श्रद्धालु पवित्र खारून नदी से कलशों में जल भरकर शोभायात्रा के रूप में ब्रह्मलोक आश्रम पहुंचेंगे। आश्रम परिसर में निर्माणाधीन श्री कैलाश मानसरोवर के पास स्थित सत्संग हाल में भगवान शिव के पार्थिव शिवलिंग पर श्रद्धाभाव से जल अर्पित करते हुए भक्त रुद्राभिषेक करेंगे। इस अवसर पर प्रतिदिन 1100 पार्थिव शिवलिंग का निर्माण यजमानों द्वारा किया जाएगा। इनकी आरती के बाद विसर्जन किया जाएगा। इस आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है।

### सुधांशु महाराज के लाइव सत्संग से जुड़ेंगे श्रद्धालु

संस्था के मीडिया प्रभारी अश्वनी विग ने बताया कि इस आयोजन की विशेषता यह है कि विश्व जागृति मिशन के संस्थापक एवं प्रख्यात आध्यात्मिक गुरु सुधांशुजी महाराज नई दिल्ली से लाइव सत्संग के माध्यम से श्रद्धालुओं को संबोधित करेंगे। आश्रम में उपस्थित श्रद्धालु बड़े स्क्रीन पर इस दिव्य सत्संग का श्रवण करते हुए गुरु कृपा एवं आध्यात्मिक प्रेरणा का लाभ प्राप्त करेंगे। विश्व जागृति मिशन ने सभी श्रद्धालुओं एवं धर्मप्रेमियों से आग्रह किया है कि परिवार सहित इस आयोजन में सहभागी बनें। भगवान शिव का आशीर्वाद प्राप्त करें और गुरु पूर्णिमा के इस आध्यात्मिक महोत्सव को सफल बनाने में सहभागिता निभाते हुए सेवा दें।

**● सरकारी और निजी स्कूलों, बालवाड़ियों, आंगनबाड़ियों में ग्रीन डे सेलिब्रेशन का बढ़ा ट्रेंड**

# बच्चों का ग्रीन डे सेलिब्रेशन होगा खास, पेड़, धरती, पानी और एनिमल्स कैरेक्टर से देंगे प्रकृति संरक्षण का संदेश

स्कूलों में छोटे बच्चों को पर्यावरण से रूबरू कराने ग्रीन-डे सेलिब्रेशन का आयोजन ट्रेंड में है। दुनियाभर में 28 जुलाई को हर साल विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर शहर के सरकारी व निजी स्कूलों, बालवाड़ियों, आंगनबाड़ियों में ग्रीन डे उत्साह के साथ आयोजित होते हैं। स्कूलों में ग्रीन डे सेलिब्रेशन पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने का एक शानदार तरीका है। यही वजह है कि स्कूली छोटे बच्चों को पर्यावरण से जोड़ने के लिए थीम बेस्ड ड्रेस, डांस और एक्टिविटीज कराया जाता है।




**विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस आज**

**रायपुर।** बच्चों को ग्रीन-डे सेलिब्रेशन में पेड़, धरती, पानी, एनिमल्स कैरेक्टर बनकर ग्रुप एक्ट, डांस और गीतों के माध्यम से प्रकृति संरक्षण का संदेश देते हैं और खुद भी पर्यावरण के महत्व को जान पाते हैं। बच्चे थीम बेस्ड ड्रेसेस में पेड़, पौधा, पत्ती या सुंदर फूल, हरे रंग के कपड़ों पर 'सेव ट्रीज' या 'गो ग्रीन' के स्लोगन वाले बैज लगाकर पर्यावरणदूत बनकर मंच पर प्रफार्म करते हैं। यह ग्रीन-डे सेलिब्रेशन को लेकर बच्चों के अलावा टीचर्स, पैरेंट्स सभी में गजब का उत्साह देखने को मिलता है। शहर के एक निजी स्कूल की शिक्षिका रश्मि शर्मा ने बताया कि उनके स्कूल में ग्रीन-डे सेलिब्रेशन 31 जुलाई को रखा गया है। इसके लिए बच्चों को ग्रीन थीम पर ड्रेसेस प्रतियोगिता, सिंगिंग, डांसिंग और एक्टिंग का प्रोग्राम आयोजित किया जा रहा है।





### खेल-खेल में प्रकृति की रक्षा करना सीख रहे बच्चे

ग्रीन डे सेलिब्रेशन पर बच्चे खेल-खेल में प्रकृति की रक्षा करना सीखते हैं। यह एक बेहद शानदार और सराहनीय पहल है। छोटे बच्चों के माध्यम से 'जंगल बुक' जैसी आकर्षक थीम पर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देना न केवल मनोरंजक है, बल्कि इसका समाज पर बहुत गहरा और सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। बच्चे जब मोगली, बघीरा या बालू बनकर प्रकृति की रक्षा की बात करेंगे तो यह संदेश बड़ों के दिलों को भी छुएगा।



### मजेदार एक्टिविटीज में थंब प्रिंटिंग

बच्चे चार्ट पेपर पर बने पेड़ के तने पर हरे रंग से अपने अंगूठे की छाप लगाकर पत्तियां बनाएंगे। प्लांटेशन ड्राइव हर बच्चे से छोटे गमले या थर्माकोल के कप में मिट्टी भरकर एक बीज डलवाएं। ग्रीन स्नैक टाइम बच्चों को लंच बॉक्स में केवल हरी चीजें जैसे खीरा, अमरूद, अंगूर या हरी पूरियां लेकर आएंगे। इस तरह से बच्चे, टीचर्स, पैरेंट्स आयोजन की तैयारी में जुट गए हैं।

### ग्रुप डांस और गानों की मनमोहक प्रस्तुति

ग्रीन डे सेलिब्रेशन पर प्रतिभागी छोटे बच्चें ग्रुप डांस और गीतों के माध्यम से पर्यावरण का संदेश देने मंच पर उतरेंगे। इनमें ग्रंप डांस के साथ आओ पेड़ लगाएं हम... हरी भरी वसुंधरा पे नीला नीला ये गगन...नानी तेरी मोरनी को मोर ले गए...जैसे गानों की मनमोहक प्रस्तुति से सरल व सहज भाषा में बच्चे प्रकृति संरक्षण का संदेश देंगे।

# एआई-सोशल मीडिया के दौर में मानसिक संतुलन और संस्कार ही असली कुंजी



**रायपुर।** कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय व प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में आत्म-नियंत्रण से अंतःशक्ति का जागरण विषय पर एक दिवसीय प्रेरणादायी कार्यशाला का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों, प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों को मेडिटेशन, सकारात्मक चिंतन, मानसिक संतुलन और व्यक्तित्व विकास का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डॉ. मनोज दयाल ने कहा कि आज तकनीक, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और सोशल मीडिया की इस दुनिया में सूचनाओं की भरमार है, लेकिन इसके साथ ही युवाओं में तुलना, चिंता और मानसिक अशांति भी बढ़ रही है। पत्रकारिता शिक्षा का उद्देश्य केवल डिग्री और कौशल देना नहीं, बल्कि चरित्र, संस्कार और मानवीय मूल्यों का रोपण करना है। भविष्य के मीडिया कर्मियों के सामने टीआरपी की अंधी दौड़, फेक न्यूज, नकारात्मकता और अहंकार जैसी चार बड़ी चुनौतियां हैं। इनसे निपटने का एकमात्र रास्ता आत्म-नियंत्रण और आंतरिक शक्ति का जागरण है। उन्होंने ब्रह्माकुमारीज द्वारा बताए गए तीन सरल सूत्रों संकल्पों पर नियंत्रण, वाणी पर नियंत्रण तथा समय और आदतों पर नियंत्रण—को जीवन में उतारने और नियमित मेडिटेशन अपनाने का आह्वान किया।

### अपेक्षाएं ही क्रोध का मुख्य कारण

*इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी ज्योति दीदी ने कहा कि क्रोध का सबसे बड़ा कारण दूसरों से अत्यधिक अपेक्षाएं रखना है। यदि हम हर परिस्थिति में स्वयं से पूछें कि 'क्रोध से मुझे क्या मिलेगा?', तो मन तुरंत शांत होने लगता है। उन्होंने अवचेतन मन को सशक्त बनाने के लिए रोजाना मैं शांतचित्त आत्मा हूं, मैं शक्तिशाली हूं और "मैं सफलता का सितारा हूं, जैसे सकारात्मक विचारों के अभ्यास पर बल दिया। वर्तमान दौर की भागदौड़ में मेडिटेशन युवाओं को तनावमुक्त रखने और धैर्य देने का काम करता है। कुलसचिव सुनील कुमार शर्मा ने कहा कि मेडिटेशन मानसिक शांति के साथ-साथ शारीरिक स्वास्थ्य के लिए भी अत्यंत आवश्यक है।*



# शिक्षा और सेवा के क्षेत्र में समाज को गौरवान्वित करने वाली प्रतिभाएं अलंकृत

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ यादव शासकीय सेवक संघ एवं एकादश उत्थान यादव कल्याण संघ द्वारा यादव प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन सिविल लाइंस स्थित वृंदावन हॉल में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में यादव समाज की मेधावी प्रतिभाओं का सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से शिक्षा एवं संस्कार को बढ़ावा देना, समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों को प्रोत्साहित तथा नई पीढ़ी को समाज एवं राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरित किया गया। समारोह में छत्तीसगढ़ राज्य के विभिन्न जिलों से आए उन विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया जिन्होंने कक्षा 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं में 90 प्रतिशत अथवा उससे अधिक अंक प्राप्त किए। इसके साथ ही खेल, संगीत, कला, सांस्कृतिक गतिविधियों, सामाजिक योगदान तथा मेडिकल एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करने वाले प्रतिभाशाली युवाओं को भी प्रशस्ति-पत्र, स्मृति-चिन्ह एवं उपहार प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ताराचंद यदु सेवानिवृत्त सत्र न्यायधीश शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ समाजसेवी बिसराराम यादव ने किया। विशिष्ट अतिथियों में डॉ. अलका यादव प्राचार्य विष्णु कांति महाविद्यालय लोरमी बिलासपुर रहीं। इसके अलावा शोभा यादव वरिष्ठ समाजसेवी एवं प्रीति जितेंद्र यादव छत्तीसगढ़ की सबसे कम उम्र की सरपंच विशेष रूप से उपस्थित रहीं। इसके अतिरिक्त समाज के अनेक वरिष्ठजन, अधिकारी, जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, अभिभावक एवं विभिन्न जिलों से आए प्रतिभाशाली विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### इन प्रतिभाओं का हुआ सम्मान

इसके अलावा वर्ष 2024 में छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग में चयन उपरांत उप पुलिस अधीक्षक बनने पर पंकज यादव, वर्ष 2026 में एमबीबीएस की पढ़ाई पूर्ण कर चिकित्सक बनने पर डॉ. जागृति यादव, पीजी में चयन होने पर डॉ. क्षितिज नीरज, एमबीबीएस में गोल्ड मेडलिस्ट एवं वर्तमान में पीजी अध्ययनरत डॉ. स्वास्तिक बरगाह, वर्ष 2026 में एमबीबीएस पूर्ण करने पर डॉ. आरुषि यादव, मयंक यादव तथा पार्थ यादव को सम्मानित किया गया।

**मां महामाया मंदिर में सुबह 11 बजे तक हवन-पूजन, कीर्तन और जयघोष करते निकले गोसेवक**

# गोमाता को राष्ट्रमाता का सम्मान दिलाने संतों ने भी किया शंखनाद, भजन गाते निकाली प्रार्थना यात्रा

**कार्नर न्यूज**

**रायपुर।** गो सम्मान अभियान की कड़ी में सोमवार को संत-महंतों के साथ गोसेवक सैकड़ों की तादाद में पुरानी बस्ती, मां महामाया मंदिर प्रांगण में एकत्र हुए। जहां विधि-विधान से इस अभियान की सफलता के लिए मंत्रोच्चार की गूंज के बीच आव्हान किया। जिले की सभी 8 तहसीलों के गोसेवकों ने इस अभियान में भाग लिया। इस धार्मिक आयोजन का शुभारंभ महायज्ञ, गोमाता पूजन, शंखनाद एवं श्री राम जय राम, जय जय राम विजय मंत्र के सामूहिक जाप से किया गया। इसके बाद राजराजेश्वरी मां महामाया मंदिर से प्रार्थना यात्रा निकाली गई। यह यात्रा इंडोर स्टेडियम, निगम गार्डन से होते हुए मोतीबाग पहुंची। इस यात्रा में संत-महात्मा, गोसेवक, गोपालक और मातृशक्ति, युवा तथा विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधि शामिल हुए। उन्होंने कहा कि गोमाता भारतीय संस्कृति, कृषि, पर्यावरण एवं ग्रामीण अर्थव्यवस्था का मूल आधार है। सरकार को प्रार्थना यात्रा के माध्यम से राष्ट्रमाता का सम्मान दिलाने आग्रह पत्र दिया।



### आयोजन के चलते रहा भक्तिमय माहौल

मंदिर प्रांगण में इस धार्मिक आयोजन के चलते भक्तिमय माहौल रहा। गोमाता को सम्मान दिलाने के लिए किए गए हवन, पूजन में दर्शन के लिए पहुंचे लोग भी शामिल हुए। सभी ने भगवान से प्रार्थना की कि गोमाता के उत्थान और सम्मान दिलाने के लिए सभी जिम्मेदारों को सार्थक निर्णय के लिए प्रेरित करें। इस आयोजन के दौरान तय किया गया कि दूसरे चरण की यात्रा के बाद भी अगर राष्ट्रमाता का सम्मान देने में विलंब किया जाता है तो गो संरक्षक और सेवकों के साथ संत-महंत देशभर में अलग-अलग यात्रा का आयोजन करने के लिए मजबूर होंगे।

### लोगों ने दिए हस्ताक्षर सहित प्रार्थना-पत्र

पं. भारत महाराज, योगेश अग्रवाल, आदेश सोनी ने बताया कि गो सम्मान आव्हान अभियान के द्वितीय चरण में रायपुर सहित देशभर के सभी जिलों में 15 करोड़ से अधिक लोगों के हस्ताक्षर वाले प्रार्थना-पत्र को संबंधित जिलाधीशों के माध्यम से राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री सहित राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री के नाम दिया है। रायपुर जिले से 3,87,225 लोगों के हस्ताक्षर सहित प्रार्थना-पत्र कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह को सौंपा गया। वहीं छत्तीसगढ़ से 80 लाख से अधिक और देशभर के 15 करोड़ से अधिक हस्ताक्षर युक्त प्रार्थना पत्र दिए गए हैं। भारत भूमि पर गोहत्या पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने, गोमाता को राष्ट्रमाता का सम्मान दिलाने के लिए गोसेवकों द्वारा प्रयास किया जा रहा है।



ज्योतिष

## शनि की वक्री चाल से इन दो राशियों की बढ़ेंगी मुश्किलें, रहना होगा एक्स्ट्रा अलर्ट



कर्मफल दाता और न्यायाधीश शनि ग्रह जुलाई महीने में वक्री चाल चलने वाले हैं। शनि के वक्री होने से राशियों के जीवन पर प्रभाव देखने को मिलेगा शनि वक्री से दो राशियों की मुश्किलें सबसे अधिक बढ़ सकती है। इन्हें राहु-केतु और शनि की दोहरी मार का सामना करना पड़ सकता है। शनि की वक्री चाल से सिंह और कुंभ राशि के लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है।

**शनि ग्रह वक्री 2026 :** शनि ग्रह 26 और 27 जुलाई की मध्यरात्रि को 1 बजकर 25 मिनट पर वक्री होंगे। शनि ग्रह मीन राशि में वक्री होने वाले हैं। इसके बाद 11 दिसंबर तक शनि वक्री अवस्था में रहेंगे। 11 दिसंबर 2026, दिन शुक्रवार को शनि ग्रह मार्गी हो जाएंगे। शनि का प्रभाव शनि की ढैय्या चल रही सिंह राशि और शनि की साढ़ेसाती का प्रभाव झेल रही कुंभ राशि पर होगा।

**सिंह राशि :** सिंह राशि में इस समय केतु ग्रह विराजमान हैं। सिंह राशि के लोगों पर शनि की ढैय्या चल रही है। शनि ग्रह के वक्री होने पर सिंह राशि के लोगों को करियर में तनाव हो सकता है। नौकरी और कारोबार के मामले में दिक्कतें बढ़ सकती हैं। आर्थिक मामलों में परेशान होने पड़ेगा। आपको विवाद से बचने की जरूरत है। कोई भी फैसला सोच-समझकर लें।

**कुंभ राशि :** कुंभ राशि के लोगों पर शनि की साढ़ेसाती का तीसरा और अंतिम चरण चल रहा है। कुंभ राशि में इस समय राहु विराजमान हैं इन्हें राहु के साथ ही शनि के अशुभ प्रभाव झेलने पड़ सकते हैं। जल्दबाजी में कोई निवेश करने से नुकसान हो सकता है। आपको योजना बनाकर काम करने की जरूरत है।

## अगस्त में ग्रहों का गोचर करेगा कमाल, सिंह समेत 5 राशियों का गोल्डन टाइम



अगले माह 2 अगस्त को मंगल ग्रह मिथुन राशि में प्रवेश करेंगे। 5 अगस्त को बुध कर्क राशि में गोचर करेंगे। इसके बाद 17 अगस्त को सूर्य गोचर सिंह राशि में होगा। 22 अगस्त को बुध ग्रह सिंह राशि में प्रवेश करेंगे। इनके अलावा कई ग्रह राशि और नक्षत्र परिवर्तन करेंगे। अगस्त 2026 में ग्रहों के इन गोचर का प्रभाव राशियों के जीवन पर देखने को मिलेगा। इसके प्रभाव से मेष, कर्क, सिंह, कन्या और वृश्चिक राशि के लोगों को फायदा हो सकता है। कई शुभ योग का बनना लाभकारी होगा।

**मेष राशि :** मेष राशि के लोगों को अगस्त में हो रहे ग्रह गोचर से लाभ हो सकता है इन्हें बुधादित्य राजयोग और गजलक्ष्मी राजयोग के बनने से जीवन में सकारात्मक बदलाव देखने को मिलेंगे। नौकरीपेशा लोगों के लिए समय अच्छा रहेगा। नई जिम्मेदारियां मिल सकती है। घर और वाहन खरीदने के योग बनेंगे।

**कर्क राशि :** कर्क राशि वालों को अगस्त महीने में बन रहे बुधादित्य राजयोग से कर्क राशि के लोगों का फायदा होगा। इन लोगों के आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। पारिवारिक सुख मिलेगा। आपकी कमाई बढ़ने से आर्थिक स्थित बेहतर होगी। हालांकि, आपको खर्च से बचना होगा।

**सिंह राशि :** सिंह राशि के लोगों को ग्रह गोचर के प्रभाव से लाभ होगा। आपके अटके काम पूरे हो सकते हैं। करियर में सफलता के लिए योग बनेंगे। निवेश करने से लाभ हो सकता है। निवेश करने से पहले अच्छे से सोच-विचार लें। अटका हुआ पैसा वापस मिल सकता है।

**कन्या राशि :** कन्या राशि वालों को करियर में ग्रोथ मिलेगी। आपकी कमाई में इजाफा हो सकता है। कार्यस्थल पर आपकी तारीफ होगी। गजलक्ष्मी योग और बुधादित्य योग का बनना आपके लिए शुभ साबित हो सकता है।

**वृश्चिक राशि :** वृश्चिक राशि के लिए गजलक्ष्मी योग का बनना शुभ रहेगा। ग्रहों के गोचर करने और शुभ संयोग से आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। आर्थिक तौर पर समय अच्छा रहेगा। आपको भाग्य का साथ मिलेगा।

### वायरल संक्रमण और पेट से जुड़ी समस्याओं का कारण बन सकता है

# बारिश का मौसम बच्चों पर पड़ सकता है भारी... ऐसे रखें उनकी सेहत का ख्याल!

बारिश का मौसम बच्चों के लिए मस्ती और खेलकूद का समय होता है उन्हें न बारिश की चिंता होती है और न ही भीगने की लेकिन यही लापरवाही कई बार उनकी सेहत पर भारी पड़ सकती है। बारिश में भीगने के बाद गीले कपड़ों में रहना, बिना नहाए खेलते रहना या बाहर का खाना खाना बच्चों में बुखार, खांसी, वायरल संक्रमण और पेट से जुड़ी समस्याओं का कारण बन सकता है। ऐसे में बच्चों का खास ख्याल रखने की जरूरत होती है। तो चलिए आपको बताते हैं कि बारिश के मौसम में बच्चों का ख्याल कैसे रखें...



### खाने का रखें खास ख्याल

बारिश के मौसम में नमी, गंदा पानी और मच्छरों की संख्या बढ़ने से संक्रमण का खतरा भी बढ़ जाता है। बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बड़ों की तुलना में कम होती है। इसलिए इस मौसम में उन्हें साफ और ताजा भोजन दें। बाहर मिलने वाले खुले और जंक फूड से दूर रखें। साथ ही बच्चों को हमेशा उबला हुआ या फिल्टर किया हुआ पानी ही पिलाएं ताकि पेट संबंधी बीमारियों से बचाव हो सके।

### बारिश में भीग जाएं तो तुरंत करें ये काम

अगर बच्चा बारिश में भीग जाए तो उसे ज्यादा देर तक गीले कपड़ों में न रहने दें। सबसे पहले सूखे तौलिये से शरीर अच्छी तरह पोंछें और तुरंत सूखे कपड़े पहनाएं। जरूरत हो तो गुनगुने पानी से नहला दें। ऐसा करने से सर्दी, खांसी और फंगल संक्रमण का खतरा कम हो जाता है। साथ ही बच्चों को पूरे शरीर को ढकने वाले कपड़े पहनाएं ताकि मच्छरों के काटने से भी बचाव हो सके।

### साफ-सफाई पर दें पूरा ध्यान

बच्चों की रोजाना की डाइट में हरी सब्जियां, मौसमी फल और विटामिन सी से भरपूर चीजें जरूर शामिल करें। इससे उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता मजबूत होती है। इसके अलावा घर और आसपास कहीं भी पानी जमा न होने दें, क्योंकि इससे डेंगू और मलेरिया फैलाने वाले मच्छर पनपते हैं। बच्चों को गीले मोजे या गीले कपड़े पहनकर लंबे समय तक न रहने दें। इससे शरीर ठंडा हो सकता है और निमोनिया जैसी बीमारियों का खतरा बढ़ सकता है। थोड़ी सी सावधानी और सही देखभाल से मानसून के मौसम में बच्चों को स्वस्थ और सुरक्षित रखा जा सकता है।



## सावधान! धीमा जहर है मोमोज, डॉक्टर ने बताईं हैरान कर देने वाली बातें



आजकल फास्टफूड का बाजार खूब फल-फूल रहा है। यह बच्चों से लेकर बड़ों तक का फेवरेट बन गया है। फास्टफूड में ज्यादातर चीजें मैदे से ही बनी होती हैं, जो सेहत को सीधे तौर पर क्षति पहुंचाती हैं। वैसे तो सभी फास्ट फूड लोगों के पसंदीदा हैं, लेकिन मोमोज सबसे ऊपर है। ज्यादातर लोग इसके नुकसान को जानते भी होंगे, लेकिन इसके बाद भी लापरवाह बने हैं। रांची रिम्स के डॉक्टरों द्वारा शेयर की एक पोस्ट के मुताबिक, मोमोज आपकी जिंदगी को बर्बाद करने के लिए काफी हैं। ये इंसान को अंदर से खोखला बनाने का काम करते हैं।

आंतों के लिए घातक : मैदा कई बार ठीक से डाइजेस्ट ना होने पर आंतों में चिपक सकता है और आंतों को ब्लॉक कर सकता है।

किडनी को नुकसान : इसमें रहने वाले बेंजोयल पराक्साइड हमारी बॉडी में जाकर किडनी और पेनक्रियाज को को नुकसान पहुंचाती है।

ब्लीडिंग का खतरा : लाल मिर्च की चटनी पेट और आंतों में ब्लीडिंग होने के खतरे को भी बढ़ाती है। पाइल्स और गैस्ट्राइटिस हो सकती है।

वजन का बढ़ना : इससे मोटापा बढ़ना, ब्रेन और नरवर की समस्या, चेस्ट पेन हार्ट रेट और बीपी बढ़ने जैसी कई परेशानियां हो सकती हैं।

इंफेक्शन का खतरा : मोमोज इंफेक्शन और बच्चों में नया खून बनने की प्रक्रिया को धीमा बनाने का काम कर सकता है। इंफेक्शन होने का खतरा होता है।

## बरसात के मौसम में करें तरह-तरह की हर्बल चाय का सेवन, स्वास्थ्य के लिए हैं लाभदायक



मानसून के दौरान तापमान में अचानक बदलाव और उमस के कारण कई बीमारियां होने का खतरा बढ़ जाता है। खासकर इस मौसम में फ्लू, बुखार, सर्दी-खांसी और पेट से जुड़ी बीमारियां आम हैं। इनसे सुरक्षित रहने के लिए शरीर की प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाना जरूरी है। आइए आज हम आपको कुछ ऐसी हर्बल चाय की जानकारी देते हैं, जो प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने के साथ-साथ कई अन्य स्वास्थ्य लाभ प्रदान कर सकती हैं।

**तुलसी की चाय :** तुलसी की चाय बनाने के लिए सबसे पहले एक बर्तन में एक कप पानी गर्म करें, फिर इसमें 8-10 तुलसी की पत्तियां डालकर इसे ढक दें और 5 मिनट तक पकाएं। अब इसमें थोड़ा-सा नींबू का रस और शहद भी मिला दें। यह चाय शरीर की प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने में मदद कर सकती है और बीमारियों को दूर रख सकती है। इसके अलावा यह चाय पाचन क्रिया को भी ठीक रखने में सहायक है।

**अदरक की चाय :** अदरक की चाय बनाने के लिए सबसे पहले एक बर्तन में एक कप पानी डालकर इसे गर्म करें, फिर इसमें थोड़ा-सा कद्दूकस की हुई अदरक डालें और 5 मिनट तक पकने दें। इसके बाद इसमें एक चम्मच चीनी डालकर इसे गर्म होने दें, फिर इसमें एक चुटकी दालचीनी का पाउडर मिलाकर इसे गैस से उतार लें। अदरक की चाय कई प्रकार के पोषक तत्वों से भरपूर होती है, जो शरीर की प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने में सहायक हो सकते हैं।

**कैमोमाइल चाय :** कैमोमाइल चाय बनाने के लिए सबसे पहले एक बर्तन में एक कप पानी डालकर इसे गर्म करें, फिर इसमें एक चम्मच सूखे कैमोमाइल के फूल डालें और इसे 5 मिनट तक पकने दें। इसके बाद इसमें थोड़ा-सा नींबू का रस और शहद मिलाकर इसे गैस से उतार लें। यह चाय मानसिक शांति देने और अच्छी नींद में मदद कर सकती है, जिससे अगली सुबह तरोताजा महसूस कर सकते हैं।

**पुदीने की चाय :** पुदीने की चाय बनाने के लिए सबसे पहले एक बर्तन में एक कप पानी डालकर इसे गर्म करें, फिर इसमें 5-6 पुदीने की पत्तियां डालें।



Source: Amazon

## बच्चों को जन्मदिन में ऐसा दें उपहार जो न केवल उन्हें खुश करे बल्कि ज्ञानवर्धक भी हों

बच्चों की जन्मदिन की पार्टी का आयोजन करना एक खास अनुभव होता है। इस मौके पर रिटर्न गिफ्ट देना भी उतना ही जरूरी है। रिटर्न गिफ्ट न केवल बच्चों को खुश करते हैं, बल्कि उन्हें आपकी पार्टी को यादगार बनाने का अहसास भी कराते हैं। आइए आज हम आपको कुछ बेहतरीन रिटर्न गिफ्ट के विकल्प बताते हैं, जो आपके बच्चों के दोस्तों को बहुत पसंद आएंगे और उनकी यादों में हमेशा ताजा रहेंगे।

**खिलौने :** खिलौने हमेशा से ही बच्चों के लिए सबसे पसंदीदा रिटर्न गिफ्ट रहे हैं। यह न केवल खेलने के लिए मजेदार होते हैं, बल्कि बच्चों की कल्पना को भी बढ़ावा देते हैं। आप छोटे-छोटे खिलौने, जैसे कि कार, गुड़िया, या ब्लॉक सेट चुन सकते हैं, जो बच्चों के लिए सुरक्षित और आसान हों। इसके अलावा आप पजल या पहेलियों वाले खिलौने भी दे सकते हैं, जो बच्चों की सोचने की क्षमता को बढ़ावा देंगे।




**किताबें :** किताबें बच्चों के ज्ञान को बढ़ाने में अहम भूमिका निभाती हैं। उन्हें अच्छी आदतें सिखाने और उनकी कल्पना शक्ति को विकसित करने का काम करती हैं। आप बच्चों की उम्र और रुचियों के अनुसार किताबें चुन सकते हैं, जैसे कि चित्रकला किताबें, कहानियों की किताबें या ज्ञानवर्धक किताबें। इसके अलावा आप रंग-बिरंगी चित्रों वाली किताबें भी दे सकते हैं, जो बच्चों को पढ़ने के लिए प्रेरित करेंगी और उनकी रुचि बनाए रखेंगी।

**स्टेशनरी सेट :** स्टेशनरी सेट एक उपयोगी रिटर्न गिफ्ट हो सकता है, जो बच्चों के स्कूल या कला और शिल्प परियोजनाओं में काम आएगा। इसमें पेंसिल, पेन, रंगीन मार्कर्स और स्केचबुक आदि शामिल हो सकते हैं। इसके अलावा आप स्टिकर्स, स्टेपलर, टेप और अन्य उपयोगी सामान भी शामिल कर सकते हैं, जो बच्चों की पढ़ाई और रचनात्मकता को बढ़ावा देंगे। इस तरह का रिटर्न गिफ्ट न केवल उपयोगी होगा बल्कि बच्चों को खुश भी करेगा।

### बोर्ड गेम, लूडो-कैरम जैसी खेल सामग्री

खेल हर बच्चे को पसंद आते हैं। यह न केवल मनोरंजन प्रदान करते हैं, बल्कि बच्चों की सोचने की क्षमता और टीमवर्क सिखाने में भी मदद करते हैं। आप बोर्ड गेम, जैसे कि लूडो, कैरम या शतरंज चुन सकते हैं, जो सभी उम्र के बच्चों के लिए उपयुक्त होंगे। इसके अलावा आप वीडियो गेम या बाहर खेले जाने वाले खेल जैसे फ्रिस्बी या बॉल भी दे सकते हैं, जो बच्चों को सक्रिय रखते हुए मजा भी देंगे।

### हाथ से बने शिल्प

हाथ से बने शिल्प एक अनोखा रिटर्न गिफ्ट हो सकता है, जो बच्चों को विशेष महसूस कराएगा। यह न केवल प्यार भरा उपहार होगा, बल्कि बच्चों की रचनात्मकता को भी प्रोत्साहित करेगा। आप छोटे-छोटे हाथ से बने खिलौने, कंगन, या कला और शिल्प परियोजनाएं बना सकते हैं, जिन्हें बच्चे आसानी से समझ सकें। इन सभी विकल्पों से आप अपनी पार्टी को यादगार बना सकते हैं और अपने छोटे मेहमानों को खुश रख सकते हैं।

# बार-बार लेट हो रहे हैं पीरियड्स तो दूध वाला देसी उपाय आ सकता है काम, जानें सेवन का तरीका

पीरियड्स महिलाओं की सेहत का एक अहम हिस्सा हैं। लोग अक्सर इसे सिर्फ प्रेग्नेंसी या फर्टिलिटी से जोड़कर देखते हैं, लेकिन पीरियड्स शरीर की सेहत के बारे में भी कई जरूरी बातें बताते हैं। आमतौर पर 28 से 35 दिनों के बीच आने वाले पीरियड्स को सामान्य माना जाता है। अगर हर महीने पीरियड्स की तारीख बदल रही है या बार-बार देर से आ रहे हैं, तो इसे नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। इसकी वजह हार्मोन में बदलाव, तनाव, खराब खानपान, नींद की कमी या कुछ बीमारियां हो सकती हैं। तो चलिए आपको एक ऐसे घरेलू नुस्खे के बारे में जो शरीर को गर्माहट देने और ब्लड सर्कुलेशन बेहतर बनाने में मदद कर सकता है, जिससे पीरियड्स समय पर आने में सहायता मिलती है।



### हल्दी और अदरक वाला दूध

हल्दी और अदरक की तासीर गर्म होती है। यही वजह है कि इन्हें शरीर में गर्माहट बढ़ाने और ब्लड सर्कुलेशन बेहतर करने वाला माना जाता है। खासकर पेल्विक एरिया में रक्त संचार बेहतर होने से गर्भाशय की मांसपेशियां सक्रिय हो सकती हैं, जिससे पीरियड्स शुरू होने की प्रक्रिया को सहयोग मिलने की संभावना रहती है। इसके अलावा, हल्दी और अदरक में एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण भी पाए जाते हैं। ये शरीर की सूजन कम करने में मदद कर सकते हैं। साथ ही पीरियड्स के दौरान होने वाले दर्द और ऐंठन से राहत दिलाने में भी इन्हें लाभकारी माना जाता है। हल्दी में मौजूद करक्यूमिन शरीर में गर्माहट पैदा करता है, जबकि अदरक हार्मोनल संतुलन बनाए रखने में सहायक माना जाता है।











## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## मार्वल यूनिवर्स में 'घोस्ट राइडर' की एंट्री, रयान दिखाएंगे अलग दुनिया



'ब्लैक पैंथर' फिल्म सीरीज को लेकर बड़ा अपडेट सामने आ गया है। डेविड जॉनसन को नए ब्लैक पैंथर चैडविक बोसमैन के किरदार टीचाला के बेटे के तौर पर कास्ट किया गया है। वहीं, रयान गोसलिंग मार्वल फिल्म में 'घोस्ट राइडर' का रोल करेंगे।मार्वल स्टूडियोज ने शनिवार को कॉमिक-कॉन इंटरनेशनल प्रेजेंटेशन में डेविड जॉनसन को नए ब्लैक पैंथर चैडविक बोसमैन के किरदार टीचाला के बेटे के तौर पर पेश किया और यह भी बताया कि नई मार्वल फिल्म में रयान गोसलिंग 'घोस्ट राइडर' का किरदार निभाएंगे। ये दोनों फिल्में 2028 में रिलीज होंगी। जॉनसन, ऑस्कर जीतने वाली 'ब्लैक पैंथर' फिल्म सीरीज के डायरेक्टर रयान कूगलर, लेटिशिया राइट और विंस्टन ड्यूक के साथ स्टेज पर आए। उन्होंने अपना हाथ सीने पर रखा और मुस्कुराते हुए नजर आए। ब्लैक पैंथर III, 15 दिसंबर 2028 को रिलीज होगी। 32 साल के एक्टर ने कहा, 'इस परिवार का हिस्सा बनने का मौका और आशीर्वाद मिलने के लिए मैं शुक्रगुजार हूं। मैं ज़्यादा कुछ नहीं कहना चाहता, क्योंकि मैं चाहता हूं कि स्क्रीन ही सब कुछ बयां करे।' यह एक्टर 'इंडस्ट्री', 'द लॉन्ग वॉक' और 'एलियनः रोमुलस' जैसी फिल्मों और शो में अपने किरदारों के लिए जाने जाते हैं। चैडविक बोसमैन का 2020 में निधन हो गया था।

### टॉलीवुड

## धनुष भी विजय की तरह राजनीति में लेंगे एंट्री! जनता की भलाई का किया इशारा



साउथ के स्टार एक्टर-डायरेक्टर धनुष ने एक बार फिर राजनीति में आने की अटकलों को हवा दी है। उन्होंने अपने फैन्स से कहा कि वे सिर्फ फिल्मों से जुड़े जश्न तक ही सीमित न रहें, बल्कि अपनी एकता का इस्तेमाल जनसेवा के लिए करें। फैन्स के आयोजित एक ब्लड डोनेशन कैंप में कही गई उनकी ये बातें वायरल हो गईं। इसके बाद कई लोग सोचने लगे कि क्या वह भी थलपति विजय के नक्शेकदम पर चल रहे हैं, जिन्होंने हाल ही में राजनीति में कदम रखा और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री बने। इस इवेंट में अपने फैन्स से बात करते हुए धनुष ने एकता की ताकत के बारे में बताया और उनसे अपील की कि वे जरूरतमंद लोगों की मदद करके समाज में बदलाव लाएं। उन्होंने कहा, 'इतने सारे लोग एक जगह जमा हुए हैं। इस तरह की एकता में बहुत ताकत होती है। हमें इस एकता को एक मकसद देना होगा। सिर्फ ऑडियो लॉन्च और मीटअप से आगे बढ़कर, हमें और भी ज़्यादा भलाई के कामों में शामिल होना चाहिए।' अपने इलाके के लोगों और अपने आस-पास रहने वाले परिवारों की जरूरतों को समझें और हर मुमकिन तरीके से उनकी मदद करें। आप उनकी जो भी मदद कर सकते हैं, जरूर करें। मुझे आप पर और भी अधिक गर्व महसूस होना चाहिए। मुझे यकीन है कि आप ऐसा करेंगे। इस इवेंट के वीडियो ऑनलाइन सामने आने के तुरंत बाद, लोगों ने अंदाजा लगाना शुरू कर दिया कि धनुष भी थलपति विजय की तरह राजनीति में आने की तैयारी कर रहे हैं। इसी बातचीत के दौरान, धनुष ने इस साल के नेशनल फिल्म अवॉर्ड्स को लेकर हो रही चर्चा पर भी अपनी बात रखी।

### भोजपुरी

## अमाल ने तनिष्क को दी चेतावनी, लगाए ये संगीन आरोप



सिंगर-कंपोजर अमाल मलिक ने वे सोशल मीडिया पोस्ट हटा दिए हैं, जिनमें उन्होंने साथी म्यूजिक कंपोजर तनिष्क बागची पर कई आरोप लगाए थे। हालांकि, म्यूजिशियन ने अब साफ किया है कि वे अपनी कही बातों पर अब भी कायम हैं। अमाल ने तनिष्क बागची पर म्यूजिक की नकल करने और दूसरों के काम का श्रेय लेने का आरोप लगाया था। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि उन्हें महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस का नाम लेकर धमकाया जा रहा था। इसके अलावा, अमाल ने दावा किया कि तनिष्क ने एक महिला से शादी का वादा करने के बाद कथित तौर पर उसका भावनात्मक शोषण किया था। 26 जुलाई को एक्स पर शेयर किए गए एक नए बयान में अमाल ने बताया कि पोस्ट हटाने का फैसला सिर्फ अपनी टाइमलाइन को साफ-सुथरा रखने के लिए था। उन्होंने कहा कि यह कदम साफ सोच के साथ उठाया गया था और वे अपनी बात पर कायम हैं कि उन्होंने जरूरी कदम उठा लिए हैं। हटाए गए पोस्ट को लेकर हो रही अटकलों पर प्रतिक्रिया देते हुए, अमाल ने साफ किया कि वे पहले लगाए गए आरोपों से पीछे नहीं हट रहे हैं। उन्होंने लिखा कि पोस्ट हटाना सिर्फ अपने सोशल मीडिया अकाउंट से कचरा हटाने का एक तरीका था न कि इस बात का संकेत कि उन्होंने अपना रुख बदल लिया है। सिंगर ने इस बात पर भी बात की कि उन्होंने अभी क्यों आवाज उठाई। उन्होंने कहा कि आरोप सार्वजनिक करने का फैसला लेने से पहले वे वर्षों तक चुप रहे। उन्होंने लिखा, 'अपने गुस्से को दबाए रखने के लिए लगभग 10 साल तक बहुत सब्र करना पड़ा। आज एक दशक बाद, मुझे आवाज उठानी पड़ी, क्योंकि कोई भी सही चीज के लिए खड़ा नहीं होना चाहता।' उन्होंने म्यूजिक इंडस्ट्री के उन लोगों की आलोचना की जिन्हें उन्होंने घटिया लोग कहा। पोस्ट हटाने के बाद भी, अमाल ने अपने ताजा बयान में तनिष्क बागची पर निशाना साधना जारी रखा। यह दावा करते हुए कि उन्होंने एक बहुत बुरे आदमी के बारे में सच सामने ला दिया है, अमाल ने कहा कि उन्हें यकीन है कि कर्म अपना असर दिखाएगा।

## लाइफ स्टाइल

## पीली साड़ी में रकुल का अप्सरा लुक



रामायण के ट्रेलर लांच में रकुल प्रीत सिंह किसी अप्सरा से कम नहीं दिखीं। ब्राइट यलो कलर की सिल्क की साड़ी पर गोल्डन जरी की लाइनिंग वाली डिजाइन बनी थी। ब्लाउज को हाईलाइट करने के साथ सिंपल ड्रैपिंग साड़ी को ट्रेडिशनल लुक देने के लिए काफी दिख रही थी। ओपन शोल्डर पल्लू को इस तरह से कंधे पर रखा गया था कि उनका ऑफ शोल्डर ब्लाउज साड़ी की खूबसूरती को इनहैंस कर रहा था।

## सावन में मेहंदी लगाना सिर्फ आस्था ही नहीं, स्वास्थ्य के लिए भी है फायदेमंद

भारत में मेहंदी सिर्फ एक सजावटी चीज नहीं, बल्कि यह परंपरा, आस्था और स्वास्थ्य से जुड़ी हुई है। विशेषकर सावन के महीने में जब हरियाली और भक्ति का माहौल होता है, तब महिलाएं अपने हाथों को हरे रंग की मेहंदी से सजाती हैं,जो रचने के बाद लाल रंग का निखार लेकर आती है। लेकिन क्या आपने कभी सोचा है कि सावन में मेहंदी लगाने के पीछे की क्या वजह है? मेहंदी के क्या-क्या फायदे हो सकते हैं और सावन में महिलाओं के मेहंदी रचाने की वजह दोनों ही खास हैं। आइए जानते हैं मेहंदी लगाने के फायदे और सावन में मेहंदी रचाने के धार्मिक और वैज्ञानिक महत्व के बारे में।

**मेहंदी लगाने के फायदे :** मेहंदी की तासीर ठंडी होती है, जो शरीर और मस्तिष्क को शांति देती है। साथ ही तनाव कम करती है। मेहंदी में एंटी-बैक्टीरियल गुण होते हैं जो स्किन इन्फेक्शन से बचाती है। यह त्वचा के लिए फायदेमंद होती है। इससे सिरदर्द और बुखार में राहत मिलती है। हथेली और तलवे पर मेहंदी लगाने से बुखार और



सिरदर्द में आराम मिलता है। मेहंदी की खुशबू और ठंडक नसों को शांत करती है, जिससे ब्लड सर्कुलेशन बेहतर होता है। शादी, तीज, करवा चौथ या सावन हर त्योहार पर मेहंदी से हाथ सजाना महिलाओं की खूबसूरती में चार चांद लगा देता है।

**मेहंदी लगाने का धार्मिक महत्व :** सावन का महीना भगवान शिव को समर्पित होता है और हरा रंग उन्हें बेहद प्रिय है। यह माह हरियाली और प्राकृतिकता के करीब रहने का है। ऐसे में मेहंदी का हरा रंग शिव भक्ति का प्रतीक माना जाता है।

### शुभता और सौभाग्य का प्रतीक

मान्यता है कि मेहंदी लगाने से पति का प्रेम और सौभाग्य बढ़ता है। इसलिए वैवाहित महिलाओं उन सभी मौकों पर मेहंदी लगाती हैं, जो उनके वैवाहिक जीवन से संबंधित पर्व हो, जैसे सावन, वटसावित्री व्रत, करवा चौथ और तीज।

### पर्यावरण से जुड़ाव

सावन में हरियाली की पूजा होती है और मेहंदी भी एक हरे पौधे से बनती है। यह प्रकृति से जुड़ाव का प्रतीक है।

### स्वास्थ्य का पहलू

इस मौसम में बारिश के साथ ही उमस भी होती है। इस उमस में ठंडक का अहसास दिलाने के लिए मेहंदी लगाई जाती है ताकि महिलाओं का शरीर और मन शांत रहे।

## सावन में जा रही हैं मायके तो ऐसे सजें-संवरें कि तारीफें ना थमें

फैशन





सावन का महीना हर किसी के लिए बेहद खास होता है। इस महीने में हिंदू धर्म के लोगों के बीच कई मान्यताएं भी प्रचलित हैं, जिनमें से एक है नयी दुल्हनों का सावन में मायके जाना। शादी के बाद जब किसी लड़की का पहला सावन पड़ता है, तो इसमें वो अपने मायके जाती हैं। ऐसे में उनका खूब सजना और संवरना तो बनता है।

**ग्रीन फ्लोरल साड़ी :** शादी के बाद पहला सावन मायके में बिता रही हैं तो अपने साथ ऐसी हरे रंग की फ्लोरल साड़ी अवश्य लेकर आएं। ऐसी साड़ी पहनकर जब आप अपने मायके में चाची, ताई से मिलने जाएंगी, तो वो आपकी नजर उतारने से खुद को रोक नहीं पाएंगी। ऐसी साड़ी के साथ पल्लु को सही से सेट करें, और बालों में जूड़ा बनाएं।

**ग्रीन ऑर्गेंजा साड़ी :** ऑर्गेंजा साड़ी आज-कल काफी ट्रेंड में है। ऐसे में आप अपने लिए ऐसी साड़ी का चयन कर सकती हैं। ऐसी साड़ी पहनकर आप हरियाली तीज की पूजा में भी बैठ सकती हैं। इसे कैरी करते समय पल्लु को खुला रखें और बालों में स्लीक बन बनाएं। ये लुक देखने में काफी खूबसूरत लगेगा।

**ग्रीन शरारा सूट :** साड़ी पहनने का मन नहीं है तो ऐसा हरे रंग का शरारा सूट आप कैरी कर सकती हैं। हरे रंग का शरारा पहनकर आप काफी कंफर्टेबल रहेंगी। इसके साथ कानों में हैवी झुमके पहनें और अपने बालों को हाफ ब्रेडेड बनाकर टाई करें। ये लुक आपकी खूबसूरती में चार चांद लगाने का काम करेगा।



**ग्रीन अंगरखा सूट :** अनारकली और अंगरखा सूट देखने में एक जैसा लगता है, लेकिन आपको सावन के लिए सिर्फ अंगरखा सूट ही कैरी करना है। अंगरखा सूट ऊपर से अलग डिजाइन का होता है। इसके साथ एक साइड में दुपट्टा लें और अपने बालों को कर्ल करके खुला रखें। बस आपका लुक परफेक्ट लगेगा।

**इंडो वेस्टर्न आउटफिट :** सूट और साड़ी पहनकर मन भर गया है तो इस तरह का इंडो वेस्टर्न आउटफिट कैरी करें। इस तरह का इंडो वेस्टर्न आउटफिट आपको एकदम बॉस लेडी लुक देगा। तो बस साड़ी-सूट को छोड़कर अपने लिए ऐसा इंडो वेस्टर्न आउटफिट तैयार करें।

## हरे रंग की साड़ी के साथ पहनें इन रंगों वाले ब्लाउज, लगेंगी सबसे सुंदर

हरे रंग की साड़ी पारंपरिक कपड़ों में एक खास जगह रखती है। सावन के दौरान व्रत-त्योहारों पर इस रंग की साड़ी पहनने का चलन बढ़ जाता है। यह न केवल आकर्षक दिखती है, बल्कि धार्मिक मान्यताओं से भी जुड़ी होती है। इस लेख में हम आपको कुछ ऐसे विपरीत रंगों के ब्लाउज के बारे में बताएंगे, जो आपकी हरी साड़ी के साथ बहुत खूबसूरत लगेंगे और आपको एक खास लुक देंगे।

**लाल रंग का ब्लाउज :** लाल रंग का ब्लाउज हरी साड़ी के साथ बहुत अच्छा मेल करता है। यह जोड़ी न केवल देखने में आकर्षक लगती है, बल्कि यह आपको एक शाही लुक भी देती है। लाल ब्लाउज पर हल्की कढ़ाई या चमकदार पत्थर लगे हों तो यह और भी सुंदर दिखता है। इस रंग का ब्लाउज पहनकर आप किसी भी व्रत या त्योहार पर खास दिख सकती हैं और आपका लुक बेहद मनोहर लगेगा।



### नीले रंग का ब्लाउज

नीले रंग का ब्लाउज भी हरी साड़ी के साथ बहुत अच्छा लगता है। यह रंग न केवल ताजगी भरा लगता है, बल्कि आपको एक अलग ही आकर्षण देता है। नीले रंग का ब्लाउज खासकर गर्मियों में पहनने के लिए सही होता है, क्योंकि यह आपको ठंडक देता है और आरामदायक महसूस होता है। इसके अलावा नीले रंग के गहने या अन्य सजावट पहनकर आप अपने लुक को और भी खास बना सकती हैं।

### पीले रंग का ब्लाउज

पीले रंग का ब्लाउज हरी साड़ी के साथ बहुत अच्छा मेल करता है। यह जोड़ी न केवल देखने में आकर्षक लगती है, बल्कि यह आपको एक शाही लुक भी देती है। पीले रंग का ब्लाउज पर हल्की कढ़ाई या चमकदार पत्थर लगे हों तो यह और भी सुंदर दिखता है। इस रंग का ब्लाउज पहनकर आप किसी भी व्रत या त्योहार पर खास दिख सकती हैं और आपका लुक बेहद मनोहर लगेगा।

## श्रृंगार के लिए काफी खास माना जाता है आलता, पैरों में बनाएं खूबसूरत डिजाइन

सावन का शुभ महीना प्रारंभ होने वाला है। महिलाओं की श्रृंगार के लिए भी यह माह काफी खास माना जाता है। माना जाता है कि महादेव और गौरी की पूजा करते समय महिलाओं को 16 श्रृंगार करना चाहिए। इन्हीं श्रृंगारों में से एक है आलता। जिसे लगाने से पैरों की खूबसूरती बढ़ जाती है।

**आलता से भरें पैर :** अगर आप अपने पैर को पूरे आलता से सजाना चाहती हैं, तो यह डिजाइन आपके लिए अच्छा ऑप्शन हो सकता है। यह देखने में भी काफी खूबसूरत है। शादी के मौके पर महिलाएं इस डिजाइन का खासतौर से प्रयोग करती हैं।

**बेल डिजाइन :** आप अपने पैरों पर आलता से बेल का डिजाइन बना सकते हैं। इससे आपके पैरों की



खूबसूरती में चार चांद लग जाएंगे। यह ध्यान रखें कि बेल को थोड़ा मोटा बनाएं, जो दिखने में आकर्षक लगे।

**जिगजैक डिजाइन :** पैरों पर यह डिजाइन बनाना बेहद आसान है। इसे बनाने के लिए सबसे पहले आलता को ब्रश में लगाएं और पैरों पर जिगजैक के आकार में डिजाइन बनाएं। फिर इस डिजाइन के बीच में गोल डिजाइन बनाएं। इससे आपके पैरों की खूबसूरती बढ़ जाएगी।

**मेहंदी और आलता :** आप पैरों में मेहंदी लगाने के बाद आलता से भी पैरों को भर सकती हैं। मेहंदी और आलता का कॉम्बिनेशन से आपके पैरों की सुंदरता बढ़ जाएगी। यह डिजाइन आपके लिए परफेक्ट हो सकता है। आप इस डिजाइन को अपने पैरों में शादी या किसी फेस्टिवल पर लगा सकती है।

**आलता से बनाएं खूबसूरत गोल टिक्की :** इस डिजाइन को बनाने के लिए आप पैरों में दो रंगों का इस्तेमाल कर सकती हैं। आप पैरों पर खूबसूरत गोल टिक्की बना सकती हैं, फिर दूसरे कलर से महीन बेल की डिजाइन बना लें। पैरों में बनी यह गोल टिक्की बेहद खूबसूरत दिखती है।

कार्नर न्यूज

### अलग-अलग तरीकों से लेयर करके दिया जा सकता है खास लुक

## अपने टैंक टॉप को इन तरीकों से लेयर करके पहनें, मिलेगा ट्रेंडी लुक, नजर आएंगी सबसे अलग

सही लेयरिंग से आप अपने टैंक टॉप को न केवल आकर्षक बना सकती हैं, बल्कि भीड़ से अलग भी नजर आ सकती हैं। आज के फैशन टिप्स में हम आपको कुछ ऐसे तरीके बताएंगे, जिनसे आप टैंक टॉप को नई शैली में पहन सकती हैं और हर मौके पर बेहतरीन दिख सकती हैं।



### जैकेट को लेयर करें

टैंक टॉप के ऊपर एक अच्छी फिटिंग वाली जैकेट पहनना बहुत अच्छा लगता है। आप चमड़े की जैकेट चुन सकती हैं, जो ठंडे मौसम में गर्मी देने के साथ-साथ स्टाइलिश भी दिखाती है। इसके अलावा डेनिम जैकेट भी एक अच्छा विकल्प हो सकती है, जो रोजमर्रा के उपयोग के लिए उपयुक्त लुक देती है। जैकेट का रंग और डिजाइन ऐसा चुनें, जो आपके टैंक टॉप के रंग से मेल खाता हो, ताकि आपका लुक संतुलित और आकर्षक लगे।

### शर्ट के साथ पहनें

अगर आपके पास एक बड़ी शर्ट है तो उसे अपनी टैंक टॉप के ऊपर बांधें। यह तरीका न केवल आपको अलग दिखाएगा, बल्कि आपके लुक को भी खास बनाएगा। इसके अलावा आप शर्ट को टैंक टॉप के ऊपर पहनकर भी एक ट्रेंडी आउटफिट बना सकती हैं। इसके साथ आप टोपी, डेनिम स्कर्ट या जींस और स्नीकर्स पहन सकती हैं। इस तरह का आउटफिट कॉलेज जाने या कैजुअल दिनों के लिए सही रहेगा।

### दो टैंक टॉप स्टाइल करें

इन दिनों महिलाएं एक नहीं, बल्कि 2 टैंक टॉप के साथ में पहनना पसंद करने लगी हैं। यह एक नया फैशन ट्रेंड है, जो आपको भी खास लुक दे सकता है। इसके लिए 2 मेल खाते रंगों वाले टैंक टॉप लें, जो अलग-अलग फिटिंग वाले हों। इन्हें एक साथ पहनें और अपनी पसंद के हिसाब से सेट कर लें। इसके साथ ढीली वाइड लेग जींस पहनें और ढेर सारे गहनों के साथ लुक को पूरा करें।



### लंबे कार्डिगन के साथ पेयर करें

लंबे कार्डिगन आपके टैंक टॉप को एक नया अंदाज दे सकते हैं। यह न केवल आपको गर्म रखेगा, बल्कि आपके लुक को भी खास बना देगा। कार्डिगन का रंग ऐसा चुनें, जो आपके टैंक टॉप से मेल खाता हो या फिर विपरीत रंग का हो, ताकि वह अलग दिखे। इसे जींस या लेगिंग के साथ पहनें, जिससे आपका लुक और भी आकर्षक लगेगा। इस तरह की लेयरिंग आपके फैशन सेंस को निखारेगी और आपको स्टाइलिश दिखाएगी।

### ब्लेजर का चयन करें

ब्लेजर एक ऐसा कपड़ा है, जो हर मौके पर फिट बैठता है। आप अपने टैंक टॉप के ऊपर एक फिटेड ब्लेजर पहन सकती हैं, जिससे आपका लुक पेशेवर लगेगा। ब्लेजर का रंग ऐसा चुनें, जो आपकी टैंक टॉप से मेल खाता हो ताकि आपका पूरा लुक संतुलित और आकर्षक लगे। इस तरह की लेयरिंग आपके फैशन सेंस को निखारेगी और आपको स्टाइलिश दिखाएगी। इस लुक को ऑफिस जाते वक्त अपनाना सही रहेगा।